राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार , 19 मार्च 2025

वर्ष 06, अंक 169, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

प्रवेश द्वार कराएंगे अहसास, मथुरा है खास'...12

मोहनलालगंज लेसा की गर्मी की दस्तक ने ही खोली पोल...03

# फिरोजाबाद दिहुली हत्याकांड में 44 साल बाद तीन को फांसी की सजा

## 23 लोगों पर बरसाई गई थी अंधाधुंध गोलियां।



**ब्यूरो प्रयागराज।** फिरोजाबाद जिले के दिहुली गांव में 44 वर्ष पहले हुए सामूहिक हत्याकांड के तीनों दोषियों को अदालत ने सजा सुनाई है। वर्ष 1981 में हुए इस जघन्य अपराध में कुल 23 लोगों की हत्या कर दी गई थी, जिससे पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल बन गया था।इस ऐतिहासिक फैसले में दोषियों को फांसी और 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। दिहुली हत्याकांड उत्तर प्रदेश के सबसे जघन्य अपराधों में से एक था जिसने पूरे राज्य को हिला कर रख दिया था। इस मामले में 44 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार पीड़ित परिवारों को न्याय मिला। 18 नवंबर 1981 की शाम करीब पांच बजे, फिरोजाबाद जिले के जसराना थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित दिहुली गांव में हथियारबंद बदमाशों ने दलित बस्ती पर हमला कर दिया। इस हमले में शामिल अपराधियों ने महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलियां बरसाई। तीन घंटे तक चली इस बर्बर फायरिंग में लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल ने फिरोजाबाद अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना के बाद, 19 नवंबर 1981 को दिहुली गांव निवासी लायक सिंह ने जसराना थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। प्राथमिकी में मुख्य रूप से राधेश्याम उर्फ राधे और संतोष चौहान उर्फ संतोषा को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने गहन जांच-पड़ताल के बाद अन्य आरोपियों को भी इस मामले में शामिल किया और उनके खिलाफ चार्जशीट दायर की. इस नरसंहार में शामिल अन्य अभियुक्तों में रामसेवक, रविंद्र सिंह, रामपाल सिंह, वेदराम सिंह, मिट्ठू, भूपराम, मानिक चंद्र, लटूरी, रामसिंह, चुन्नीलाल, होरीलाल, सोनपाल, लायक सिंह, बनवारी, जगदीश, रेवती देवी, फूल देवी, कप्तान सिंह, कमरुद्दीन, श्यामवीर, कुंवरपाल और लक्ष्मी के नाम शामिल किए गए थे। घटना के बाद पुलिस द्वारा की गई जांच और अदालत में प्रस्तुत किए गए आरोप पत्रों के आधार पर इस मामले की सुनवाई जिला न्यायालय में शुरू हुई। हालांकि, डकैती न्यायालय न होने के कारण मामला प्रयागराज स्थानांतरित कर दिया गया। वहां कई वर्षों तक चली सुनवाई के बाद इसे फिर से मैनपुरी के स्पेशल जज डकैती न्यायालय भेज दिया गया। करीब 15 सालों तक चली इस सुनवाई के बाद, आखिरकार अदालत ने इस बहुचर्चित हत्याकांड में तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई। डकैती न्यायालय की न्यायाधीश इंदिरा सिंह ने इस मामले में तीनों दोषियों को फांसी की सजा सुनाते हुए 50-50 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया। इस फैसले के बाद, तीनों दोषियों को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## सुनीता विलियम्स की वापसी से पहले पीएम मोदी ने लिखा पत्र, दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली ।** नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मर करीब नौ महीने तक अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 'फंसे' रहने के बाद आखिरकार धरती पर लौट रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स के नाम एक भावपूर्ण पत्र लिखकर उनकी सुरक्षित वापसी की कामना की है। प्रधानमंत्री द्वारा 1 मार्च को लिखा गया यह पत्र प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया है। उन्होंने लिखा, पूरी दुनिया सुनीता विलियम्स की सुरक्षित वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रही है। इस महत्वपूर्ण क्षण में पीएम मोदी ने भारत की इस गौरवशाली बेटी के लिए अपनी चिंता और शुभकामनाएं व्यक्त की हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पत्र में लिखा, भले ही आप हजारों मील दूर हैं, लेकिन आप हमारे दिलों के बेहद करीब हैं। भारत के लोग आपकी अच्छी सेहत और आपके मिशन की सफलता के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि अमेरिका की अपनी पिछली यात्राओं और विभिन्न राष्ट्रपतियों से मुलाकात के दौरान उन्होंने हमेशा सुनीता विलियम्स के बारे में जानकारी ली। पीएम मोदी ने पत्र में अपने 2016 के अमेरिकी दौरे के दौरान सुनीता विलियम्स से हुई मुलाकात को भी याद किया और उन्हें भारत आने का न्योता दिया। पीएम मोदी ने लिखा, आपकी वापसी के बाद हम आपको भारत में देखने के लिए उत्सुक हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात होगी कि हम अपनी इस महान बेटी की मेजबानी करें। उन्होंने कहा, 1.4 अरब भारतीय हमेशा आपकी उपलब्धियों पर गर्व करते हैं। हाल की घटनाओं ने एक बार फिर आपकी अद्भुत दृढ़ता और साहस को साबित किया है। जितेंद्र सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले पीएम मोदी ने पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो से मुलाकात की थी और उनके माध्यम से यह पत्र सुनीता विलियम्स तक पहुंचाने का अनुरोध किया था।

# डीएम का अवैध खनन पर कड़ा एक्शन सुबह तड़के खुद संभाली कमान

## कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ बालू भंडारण जब्त।



स्वतंत्र प्रभात

गोंडा के डीएम के कड़े एक्शन के बाद खनन माफिया में हड़कंप मच गया है। अवैध खनन को रोकने के लिए डीएम ने सोमवार की सुबह तड़के छापेमारी की खुद कमान संभाली। इस दौरान अवैध रूप से भंडारण किए गए बालू व परिवहन करती पाई गई ट्रैक्टर ट्राली को डीएम के निर्देश पर सीज कर दिया गया। जिससे खनन माफिया में हड़कंप मच गया है।इसमें कई अवैध खनन गतिविधियों का पर्दाफाश हुआ। डीएम के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई में दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गई। जबकि एक गांव में 100 घनमीटर अवैध बालू का भंडारण पकड़ा गया। डीएम के निर्देश पर एसडीम तरबगंज ने यह प्रवर्तन अभियान चलाया। ट्रैक्टर-ट्रॉली को जांच के दौरान पकड़ा गया। मौके पर मौजूद वाहन स्वामी राजकुमार और चालक मनोज कुमार से वैध खनन परिवहन पास मांगा गया। लेकिन वे दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। जांच में पाया गया कि इस ट्रैक्टर-ट्रॉली में 5.72 घनमीटर बालू लोड था। इस वाहन को उमरीबेगमगंज में जब्त कर लिया गया। प्रशासन की छापेमारी के दौरान प्रशासन ने ग्राम ऐली परसोली, तहसील तरबगंज में प्रधान मनिराम यादव के ठिकाने पर भी जांच की। वहां 100 घनमीटर अवैध रूप से संचित बालू पाया गया। ग्राम प्रधान ने सफाई दी। यह बालू गांव में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण के लिए लाया गया है। लेकिन वैध दस्तावेज न होने के कारण प्रशासन ने खनन विभाग को रिपोर्ट सौंपने और आवश्यक जांच के निर्देश दिए। अवैध बालू खनन अभियान में प्रशासन ने एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली वाहन संख्या क्क43 ञ्ज 2460 को भी पकड़ा। इस वाहन में लगभग 30 घनमीटर बालू लोड था। लेकिन चालक अनिल कुमार निवासी सुभागपुर, थाना कौड़िया के पास वैध अभिवहन पास नहीं था। इसके अलावा, जांच के दौरान राहुल सिंह निवासी अनभुला, भाग नकंवा भी अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त पाए गए। प्रशासन ने इन सभी के खिलाफ खनिज नियमावली 2021 के नियम 72(1) तथा खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4 एवं 21 के तहत कार्रवाई की। पकड़े गए सभी वाहनों को जब्त कर उमरीबेगमगंज में जिलाधिकारी की निगरानी में रखा गया है। अब ये वाहन अदालत के आदेश तक प्रशासन की अभिरक्षा में रहेंगे। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने स्पष्ट संदेश दिया कि जिले में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह के औचक निरीक्षण और छापेमारी अभियान जारी रहेंगे। ताकि खनन माफियाओं पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके। जांच से जुड़ी संपूर्ण रिपोर्ट खनन विभाग को भेज दी गई है। ताकि विधिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अवैध खनन पर नजर रखी जाए। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सीतापुर सांसद राकेश राठौर को मिली जमानत

सीतापुर जिला कारागार में बंद कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को जमानत मिल गई है BNS की धारा 69 के तहत सीजेएम कोर्ट से जमानत मिली है आज दोपहर दोनों पक्षों की तरफ से कोर्ट में बहस हुई एक-एक लाख रुपए के दो बॉन्ड सांसद की तरफ से दाखिल किए गए 11 मार्च को सांसद को यौन शोषण मामले में जमानत मिली थी तब हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जमानत दी थी विवेचना में धारा 69 की बढ़ोतरी के चलते रिहाई नहीं हो पाई थी। आज सीजेएम गौरव प्रकाश ने जमानत पर फैसला सुनाया है 11 मार्च को हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में न्यायाधीश राजेश सिंह ने यौन शोषण के मामले में सांसद को जमानत दी थी लेकिन पुलिस द्वारा धारा 69 की बढ़ोतरी के कारण उनकी रिहाई नहीं हो सकी 12 मार्च को पुलिस ने सांसद को सीजेएम कोर्ट में पेश किया और चार्जशीट दाखिल की सांसद के अधिवक्ता ने धारा 69 के तहत जमानत याचिका दाखिल की आज की सुनवाई के बाद ही सांसद की जेल से रिहाई का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा!!

### लखनऊ में वकील से मारपीट का विरोध, सीतापुर में वकीलों ने किया प्रदर्शन डीएम को सौंपा ज्ञापन, न्यायिक कार्य रहा ठप

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के वकीलों ने आज न्यायिक कार्य से दूरी बनाते हुए विरोध प्रदर्शन किया यह प्रदर्शन लखनऊ के विभूति खंड में एक वकील के साथ हुई मारपीट के विरोध में किया गया। बार एसोसिएशन के सदस्यों ने सड़कों पर पुलिस विरोधी नारे लगाए उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा होली के दिन हुई इस घटना में पुलिस पर वकील के साथ दुर्व्यवहार का आरोप है बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय अवस्थी के अनुसार, जब वकीलों ने नशे में धुत पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की इसके बदले पुलिस ने वकीलों पर ही कई मुकदमे दर्ज कर दिए वकीलों की मुख्य मांग है कि उनके खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमे वापस लिए जाएं साथ ही दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए!!

# पिछले 10 सालों में भारत के बैंकों ने 16.35 लाख करोड़ रुपए के कर्ज माफ किए

स्वतंत्र प्रभात




**नई दिल्ली।** सरकार ने 2023-24 के दौरान बैंकों ने 1,70,270 करोड़ रुपये के खराब ऋणों को माफ किया, जो पिछले वित्त वर्ष में किए गए 2,16,324 करोड़ रुपये से कम है। सोमवार को संसद को बताया गया कि भारत के बैंकों ने पिछले 10 वित्तीय वर्षों में लगभग 16.35 लाख करोड़ रुपये के गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) या बुरे ऋणों को माफ कर दिया है । इस विशाल आँकड़ों में से, बड़े उद्योगों के बुरे ऋणों की राशि 9.26 लाख करोड़ रुपये है । हालाँकि, सरकार ने उन कॉरपोरेट्स के नाम बताने से परहेज किया है जिनके ऋण बुरे ऋणों में बदल गए। वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान सबसे अधिक 2,36,265 करोड़ रुपये बट्टे खाते में डाले गए, जबकि 2014-15 में 58,786 करोड़ रुपये के एनपीए बट्टे खाते में डाले गए, जो पिछले 10 वर्षों में सबसे कम है। 2023-24 के दौरान बैंकों ने 1,70,270 करोड़ रुपये के बुरे ऋणों को बट्टे खाते में डाला , जो पिछले वित्त वर्ष में किए गए 2,16,324 करोड़ रुपये से कम है । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि बैंक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशा-निर्देशों और बैंकों के बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) को बट्टे खाते में डालते हैं, जिनमें वे भी शामिल हैं जिनके लिए चार साल पूरे होने पर पूर्ण प्रावधान किया गया है।उन्होंने कहा कि इस तरह की बट्टे खाते में डालने से उधारकर्ताओं की देनदारियों में छूट नहीं मिलती है और इसलिए इससे उधारकर्ता को कोई लाभ नहीं होता है। वित्त मंत्री ने विस्तृत उत्तर में कहा कि बैंक अपने पास उपलब्ध विभिन्न वसूली तंत्रों के तहत उधारकर्ताओं के खिलाफ शुरू की गई वसूली कार्रवाइयों को जारी रखते हैं, जैसे कि सिविल अदालतों या ऋण वसूली न्यायाधिकरणों में मुकदमा दायर करना , वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम के तहत कार्रवाई करना, दिवाला और दिवालियापन संहिता के तहत राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण में मामले दर्ज करना आदि। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 31 दिसंबर, 2024 तक, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के पास 29 विशिष्ट उधारकर्ता कंपनियाँ थीं, जिन्हें एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है और उनमें से प्रत्येक पर 1,000 करोड़ रुपये और उससे अधिक का बकाया है, उन्होंने कहा, इन खातों में कुल बकाया 61,027 करोड़ रुपये था । उधारकर्ताओं से अतिदेय राशि की वसूली के संबंध में, बैंक अतिदेय राशि के भुगतान के बारे में उधारकर्ताओं को कॉल करते हैं और ईमेल/पत्र जारी करते हैं, और डिफ़ॉल्ट राशि के आधार पर, बैंक कॉर्पोरेट उधारकर्ताओं के मामले में कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने के लिए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण से भी संपर्क कर सकते हैं। वित्त मंत्री ने सीपीआई (एम) सांसद अमरा राम द्वारा उठाए गए प्रश्नों के उत्तर में कहा कि इसके अलावा, यदि किसी ऋण खाते को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो बैंक अपने बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार वसूली कार्रवाई शुरू करते हैं, जिसमें सिविल अदालतों या ऋण वसूली न्यायाधिकरणों में मुकदमा दायर करना और वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम के तहत कार्रवाई शामिल है ।

**नाकाम** बनर्जी ने कहा कि बजट में कमी से न केवल रेलवे में सेवा की गुणवत्ता प्रभावित होगी बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी इसका असर पड़ेगा

# पांच सालों में 200 रेल हादसे, 351 लोग की मौत, पूरी तरह से नाकाम रहे रेल मंत्री

स्वतंत्र प्रभात



**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक सांसद ने सोमवार को लोकसभा में आरोप लगाया कि फरवरी महीने में नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे को रोकने में रेल प्रशासन और रेल मंत्री पूरी तरह से नाकाम रहे थे। कल्याण बनर्जी ने वर्ष 2025-26 के लिए रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांग पर चर्चा और मतदान में हिस्सा लेते हुए कहा कि संपूर्ण रेलवे बजट में कमी आई है।उन्होंने दावा किया, ''यह वित्त वर्ष 2023-24 के 2.92 लाख करोड़ रुपये से घटकर 2025-26 में 2.65 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इस तरह यह नौ प्रतिशत से अधिक की गिरावट है।'' बनर्जी ने कहा कि बजट में कमी से न केवल रेलवे में सेवा की गुणवत्ता प्रभावित होगी बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी इसका असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, ''यात्रियों की सुविधाओं पर आवंटन में लगातार कमी आई है, स्टेशनों के रखरखाव, शौचालय, टिकटिंग सर्विस और अन्य यात्री केंद्रित सुविधाओं में लगातार कमी आई है।' उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में 200 रेल दुर्घटनाओं में 351 लोग की मौत हुई और 970 घायल हुए। बनर्जी ने हालिया रेल दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि 15 फरवरी 2025 को नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोग मारे गए, जब हजारों हिंदू तीर्थयात्री महाकुंभ (प्रयागराज) जाने के लिए स्टेशन पर प्रतीक्षा कर रहे थे।उन्होंने कहा,अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह देखा गया कि इस हादसे को रोकने में रेलवे मशीनरी नाकाम हो गई और रेल मंत्री नाकाम रहे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के सचिदानंदम आर. ने आरोप लगाया कि भारतीय रेलवे द्वारा परचालित की जा रही यात्री ट्रेनों को अब एक्सप्रेस ट्रेनों में तब्दील कर दिया गया है।उन्होंने वंदे भारत और तेजस जैसी ट्रेनें अमीर लोगों के लिए शुरू किये जाने का दावा करते हुए, आम आदमी के लिए अमृत भारत गैर एसी (वातानुकूलित) ट्रेन, अमृत भारत पैसेंजर ट्रेन परिचालित किये जाने की मांग की।उन्होंने यह भी कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए टिकट में रियायत का भी अनुदान की मांगों में कोई उल्लेख नहीं किया गया है। जनता दल (सेक्युलर) के एम मल्लेश बाबू ने देश के प्रत्येक स्टेशन पर 'मिनी मेडिकल कियोस्क' खोलने की मांग की।उन्होंने कहा कि यात्रियों को स्टेशन पर स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं पेश आने पर वहां से बाहर निकलकर दवा खरीदनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि स्टेशन पर इस तरह की दवा दुकानें खोले जाने से यात्रियों को वहां से बाहर नहीं निकलना पड़ेगा।

### शिक्षा का जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है : उमा अग्रवाल

**सिद्धार्थनगर ।** शोहरतगढ़ विकास क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय रमवापुर नानकार में मंगलवार को शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें सुमित्रा, नन्दनी, बसुंधरा, मुदास्सिर, दीपिका साहनी, बबिता आदि छात्र - छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों को मुख्य



अतिथि नगर अध्यक्ष शोहरतगढ़ उमा अग्रवाल व खण्ड शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार शुक्ला ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष ने कहा कि बच्चे मन लगाकर पढ़ें और अच्छी पढ़ाई कर बच्चे विद्यालय एवं क्षेत्र तथा अपने माता पिता के साथ जनपद का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। इस दौरान प्रधानाध्यापिका सावित्री देवी,किसलावती, लालजी यादव, राधेश्याम वर्मा, अतिउल्लाह, प्रधानाध्यापिका सावित्री देवी, सौरभ निगम, सुरेन्द्र यादव, रामकुमार, संजीव राम, अब्दुल हक, शिव प्रसाद,एसएमसी अध्यक्ष सीमा आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## बस्ती जनपद कप्तानगंज में एकदिवसीय रोजगार मेले का हुआ सफल आयोजन

**जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा ने रोजगार मेले का किया शुभारम्भ**



**बस्ती।** बस्तीजिले मे जन सेवा संस्थान व क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय बस्ती के संयुक्त तत्वावधान में जे .यस .यस प्ले स्कूल कप्तानगंज मे रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में सिटी हाफ लखनऊ डिलेवरी ब्वाय के पदों पर वेतनमान 14000 व यस0बी0 आई0 लाइफ फाइनेंस बस्ती बीमा सलाहकार वेतनमान कमीशन बेस के पदों पर भर्ती करने हेतु आई हुई थीइस रोजगार मेले में 85 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से 28 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ श्री अवधेन्द्र प्रताप वर्मा जिला सेवायोजन अधिकारी बस्ती द्वारा किया गया। व पुरषोत्तम चौधरी प्रबंधक जे .यस .यस प्ले स्कूल कप्तानगंज जी के द्वारा श्री अवधेन्द्र प्रताप वर्मा जी का अभिनन्दन करते हुये स्वागत किया गया। अवधेन्द्र प्रताप वर्मा जिला सेवायोजन अधिकारी बस्ती जी के द्वारा प्रतिभागी कंपनियों व उपस्थिति अभ्यर्थियों का भी स्वागत करते हुए कहा गया कि यह रोजगार मेला पूर्णत÷निःशुल्क है। इंटरव्यू देकर रोजगार पाने हेतु चयनित हो सकते हैं साथ। ही उनके द्वारा अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग से सम्बन्धी विभिन्न पोर्टलों व जॉबसीकर पंजीयन तथा इसके फायदे के बारे मे अवगत कराया गया। पुरषोत्तम चौधरी प्रबंधक जे .यस .यस प्ले स्कूल के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार वरिष्ठ सहायक सेवायोजन,सकीना ,पूजा आदि स्टाफ सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## विकासखंड हरैया सतधरवा में हुआ होली मिलन समारोह का आयोजन



**हरैया सतधरवा** बलरामपुर आज दिनांक 17 मार्च को विकासखंड हरैया सतधरवा के परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन ब्लॉक प्रमुख अविरल सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पूर्व विधायक बलरामपुर सदर धीरेंद्र प्रताप धीरु भैया की अगुवाई में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में मौजूद रहे तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय यादव, जिला पंचायत सदस्य हसनैन खान, पूर्व ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, पूर्व ब्लाक प्रमुख सदर बलरामपुर राजबहादुर यादव ,पूर्व प्रधान लंगडी जोत राजेंद्र प्रसाद वर्मा क्षेत्र पंचायत सदस्य करमैती अमरकांत वर्मा तथा क्षेत्र के समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे। मंच की अध्यक्षता कर रहे द्विवेदी जी ने इस होली के महापर्व को एकजुटता एवं खुशियों का त्योहार बताया उन्होंने बताया कि आज बहुत ही हर्ष का विषय है जो हम सभी लोग इस कार्यक्रम को मनाने के लिए सभी लोग इकट्ठा हुए हैं विधायक जी ने बताया कि हम सभी को एक साथ मिलकर होली का त्योहार मनाना चाहिए जो की हमारे भाईचारे को दर्शाता है।

## सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नर्सिंग महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन 20 मार्च को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय के द्वारा 20 मार्च को पूर्वान्ह 10 बजे से सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नर्सिंग महाविद्यालय सालोन वाराणसी हाईवे लालगंज अझारा परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनी अपोलो हास्पिटल के द्वारा एएचसी नर्स (न्यूनतम अर्हता एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग, वेतन 19000-30000 प्रतिमाह, कार्यस्थल दिल्ली एनसीआर) के रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन प्रपत्र मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र, सीवी एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है। कम्पनी के लिये इच्छुक अभ्यर्थी की लम्बाई 5 फुट होना चाहिये और महिला अभ्यर्थी हेतु वजन 45 किलो व पुरूष अभ्यर्थी हेतु वजन 50 किलो होना चाहिये।

# विकासखंड बहादुरपुर में नवागत खंड विकास अधिकारी विनय कुमार दुबे के आते ही बढ़ा भ्रष्टाचार सूत्र

**● विनय कुमार दुबे खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर सी. यू. जी. फोन उठाने से काट रहे कन्नीविनय कुमार दुबे खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर एवं बस्ती सदर का चार्ज मिलने से ग्राम पंचायत में करा रहे घटिया निर्माण कार्य**




स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के बहादुरपुर खंड विकास अधिकारी विनय कुमार दुबे द्वारा ग्राम पंचायत कर्मी बुजुर्ग सहित ग्राम पंचायत में घटिया किस्म के ईट, बिना मोरंग आदि बिना गुणवत्ता वाले सामग्री का प्रयोग कराया जा रहा है जिससे स्पष्ट होता है कि खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर अपने सचिव ग्राम प्रधान एवं रोजगार सेवक की मिली भगत से ग्राम पंचायत के विकास में खराब किस्म के सामान प्रयोग करने की खुली छूट दे रखी है क्योंकि जब खंड विकास अधिकारी से मीडिया टीम ने जानकारी लेना चाहा तो खंड विकास अधिकारी ने फोन उठाने के बाद कोई जानकारी देना उचित नहीं समझा सरकारी फोन को समझ रहे खिलौना यह ऐसे खंड विकास अधिकारी की हालत है जो बहादुरपुर विकासखंड के अतिरिक्त बस्ती जनपद के बस्ती सदर विकासखंड का भी चार्ज अपने पास पानी के बाद भी सरकारी फोन को खिलौना समझने का कार्य कर रहे हैं द्य इस प्रकार विकासखंड के खंड विकास अधिकारी की शिथिलता के कारण ग्राम पंचायत में गुणवत्ता विहीन कार्य चल रहा है ऐसे गुणवत्ता विहीन कार्य को देखकर पता चलता है।

कि विकासखंड बहादुरपुर में वही खंड विकास अधिकारी खरा सोना साबित होगा जो कमीशन की चादर को ओढ़ कर भ्रष्टाचार के कंधे से कंधा मिलाकर ब्लॉक का विकास की जगह विनाश करेगा उसके खिलाफ प्रधान संघ भी मोर्चा नहीं खुलेगा क्योंकि कुछ दिन पूर्व बहादुरपुर विकासखंड के पूर्व खंड विकास अधिकारी गणेश दत्त शुक्ल के आते ही ग्राम प्रधानों ने उन पर अपने लेटर पैड पर कमीशन खोरी का आरोप लगाकर यह सिद्ध किया कि खंड विकास अधिकारी कमीशन लेते ही है किंतु इसकी पुष्टि में अब जरा सा संदेह नहीं रह गया क्योंकि नवजात खंड विकास अधिकारी विनय कुमार दुबे ने घटिया कार्य करने की खुली छूट देकर यह स्पष्ट कर दिया कि केवल कार्य होना चाहिए गुणवत्ता से कोई लेना देना नहीं है यह कथन मीडिया के स्थलीय अवलोकन से स्पष्ट हो रहा है और खंड विकास अधिकारी के सकारात्मक उत्तर ना देने से पता चल रहा है अब देखना यह है कि वर्तमान खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर एवं बस्ती सदर के ऊपर जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का फरमान दिया जाता है या गुणवत्ता विहीन कार्य कराना खंड विकास अधिकारी द्वारा जारी रहेगा वास्तव में खंड विकास अधिकारी विनय कुमार दुबे के आने से विकासखंड बहादुरपुर में भ्रष्टाचार का ग्राफ बढ़ गया है।

## महराजगंज पीएचसी में 4 माह बाद हुई डाक्टर की तैनाती



**बलरामपुर** महराजगंज तराई में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चार माह की प्रतीक्षा के बाद योग्य डाक्टर की तैनाती होने से क्षेत्र वासियों में आशा की किरण जगी है। प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद के महाराज गंज तराई प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चार माह पूर्व तैनात डाक्टर बाल गोविन्द मौर्या का स्थानान्तरण हो गया था। तभी से यह पद रिक्त था। जबकि महराजगंज में ही थाना तुलसीपुर विकास खण्ड मुख्यालय आदि महत्व पूर्ण संस्थान यही पर स्थित है। यहाँ के मरीजों को तुलसीपुर बलरामपुर आदि स्थानों पर लम्बी दूरी की यात्रा करके दवा कराने जाना पड़ता था। अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा डा0 आनन्द कुमार त्रिपाठी एमबीबी एस पी जी इमरजेन्सी मेडी सिन कानपुर की तैनाती हो गई है। इससे महेन्द्र नाथ तिवारी एडवोकेट, अक्षय बाजपेई, राजेश गुप्ता प्रधान, गणेश सोनी, प्रधान उमर प्रधान शिव कुमार प्रधान तुलाराम प्रधान ने आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## अभद्र टिप्पणी करने वालों की गिरफ्तारी और कार्यवाही की माँग को लेकर निषाद पार्टी ने सौंपा ज्ञापन



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में सोमवार को निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव दीपू निषाद और जिलाध्यक्ष अशोक निषाद के नेतृत्व में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने शास्त्री चौक पर पूर्व सांसद फूलनदेवी पर अभद्र टिप्पणी किये जाने के विरोध में डॉ. आशीष द्विवेदी और शुभांकर मिश्रा का पुतला फूंका। प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर किये गये विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भेजा गया। मांग किया गया है कि पूर्व सांसद फूलनदेवी पर अभद्र टिप्पणी किये जाने के विरोध में डॉ. आशीष द्विवेदी और शुभांकर मिश्रा के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कड़ी कार्रवाई की जाय।ज्ञापन देने के बाद निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव दीपू निषाद, जिलाध्यक्ष अशोक निषाद और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीषा निषाद ने कहा कि फूलनदेवी निषाद समाज की आत्म सम्मान और प्रेरणा श्रोत हैं। निषाद समाज उनका अपमान किसी कीमत पर स्वीकार्य नहीं करेगा। इसी कड़ी में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे एक अन्य ज्ञापन में मांग किया गया है कि शासनादेश के अनुरूप निषाद समाज के सम्बंधित जातियों को पिछड़ी जाति के स्थान पर अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

पुतला फूंकने और ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से निषाद पार्टी के संगठन जिलाध्यक्ष संदीप निषाद, शिवशंकर श्रीवास्तव, जगराम निषाद, मानू निषाद, धर्मराज निषाद, यमुना निषाद, ज्ञान प्रकाश, अजय निषाद, माधुरी निषाद, सी.पी. निषाद, रामपाल निषाद, वृजमोहन निषाद, मनोज निषाद, बरखा निषाद, किरन निषाद, विष्णु निषाद, सुभाष निषाद, दिनेश वर्मा, सोहन लाल निषाद, हरि प्रसाद साहनी, सुखदेव निषाद, राम अचल निषाद, धनपत निषाद, हृदय लाल के साथ ही निषाद पार्टी के अनक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल।

# बिना स्कूल खुले तीन दिन खाना बनने के मामले में विभाग ने साधी चुप्पी

**● विभागीय चुप्पी से गहरा रहा शक, विभागीय संलिप्तता के बढ़ रहे - कप्तानगंज विकास खण्ड के प्रा0वि0 मीतासोती से जुड़ा मामला- प्रकरण में खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभात कुमार श्रीवास्तव की भूमिका भी संदिग्ध**




स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले केकप्तानगंज विकास खण्ड के अन्तर्गत स्थित ग्राम पंचायत बरहटा में स्थित प्रा0वि0 मीतासोती एकल अध्यापकीय विद्यालय है। यहाँ पर प्रीती यादव नामक प्रधानाध्यापिका कार्यरत हैं जो विगत जनवरी माह में ही सी0 सी0 एल0 अवकाश पर चली गयीं थीं हलांकि उपस्थिति पंजिका पर सी0सी0एल0 सम्बन्धी कोई अंकना नहीं है। इस दौरान विद्यालय संचालन हेतु अन्य विधालयों से शिक्षा मित्रों की ड्युटी लगायी गयी थी जिसकी सूचना सम्बन्धित को ससमय उपलब्ध नहीं करायी गयी , पूरा खेल कागजों में खेला जाता रहा। मीडिया पड़ताल में पता चला कि दिनांक 06, 07 व 08 फरवरी 2025 को प्रा0 वि0 मीतासोती न तो खुला था न ही मध्यान्ह भोजन बना था फिर भी इन तिथियों में प्रधानाध्यापिका द्वारा भोजन बनने की रिपोर्ट प्रेषित की गयी है। पूरा प्रकरण खण्ड शिक्षा अधिकारी कप्तानगंज प्रभात कुमार श्रीवास्तव के संज्ञान में है फिर भी दुरभि संधि के चलती अभी तक प्रकरण में कोई कार्यवाही नहीं हो पायी। बिना मध्यान्ह भोजन बने मध्यान्ह भोजन की रिपोर्ट प्रेषित कर खाद्यान्न व मध्यान्ह भोजन राशि का गमन खुलेआम चल रहा है फिर भी विभाग कार्यवाही के बजाय दबाने में मस्त है।

# जब-जब धरती पर पाप बढ़ता है भगवान अवतार लेते हैं- बालकृष्ण महाराज

**● श्रीमद् भागवत कथा सुन श्रोता भक्तिरंग से हुए सराबोरभक्ति के लिए उम्र कोई बाधा नहीं- बालकृष्ण महाराज**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्तीजिलेकेभान पुर तहसील क्षेत्र के वैष्णों माता मंदिर परिसर ग्राम कोठिला में चल रहे सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन श्रोता भक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर नजर आये। इस मौके पर कथाव्यास पं श्रीबालकृष्ण आशीष जी महाराज के मुखारविंद से परीक्षित को श्राप, सुखदेव आगमन, कपिल देवहुति संवाद, ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनकर उत्साह और उमंग से श्रद्धालुओं ने श्रीराधे, राधे-कृष्ण की गूंज के साथ झूमते-गाते नजर आए। श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनाते हुए कथा वाचक कथा व्यास पंश्रीबालकृष्ण आशीष जी महाराज नें बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों हो। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा। जीवन का लक्ष्य परमात्मा प्राप्ति हैं, भगवान से अपनापन से भगवान की प्राप्ति की जा सकती है। कथा के दौरान महराज ने बताया कि संसार में जब-जब पाप बढ़ता है, भगवान धरती पर किसी न किसी रूप में अवतरित होते हैं। उन्होंने कहा कि कलयुग में भी मनुष्य सतयुग में भगवान कृष्ण के सिखाए मार्ग का अनुसरण करे तो मनुष्य का जीवन सफल हो सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है।

कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है। उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया साथ ही प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया और बताया कि भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी है और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए एवं हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा कीइस दौरान आचार्य भूषण दास, आचार्य कपिल मुनि, आचार्य धीरज, पंडित हर्ष, पंडित प्रकाश एवं पंडित सियाराम




के द्वारा वेदमंत्रों के उच्चारण से वातावरण भक्तिमय बना दिया। कथा के दौरान मुख्य यजमान बजरंगी प्रसाद शर्मा, पुष्पा शर्मा, जामवंती शर्मा सहित सपा नेता राजेश शुक्ल विमल, सुरेंद्र दत्त पांडेय, सुखनंदन चतुर्वेदी, ओमप्रकाश त्रिपाठी,अभिषेक शर्मा, केशवराम पांडेय, नितेश शर्मा, चंद्रभूषण पांडेय, सत्येंद्र पांडेय, शिव प्रसाद पांडेय, महेश पांडेय, विवेक शर्मा राजू,आशुतोष शुक्ल, प्रियांशु शर्मा, सुनील पाठक, मनोज पांडेय लोलई बाबा, अंकुर पाठक, रिंकू शर्मा, घनश्याम पांडेय, संतोष शर्मा, बाबूराम चौरसिया, विकास शर्मा उपस्थित रहे।

## गोमती नदी जलधारा पट्टी की 24 मार्च व सदर की नीलामी 25 मार्च को

**प्रतापगढ।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण विकास कुमार दीपांकर ने मत्स्य विभाग द्वारा जनपद की समस्त पंजीकृत मत्स्य जीवी सहकारी समितियों को सूचित किया है कि जनपद में तहसील पट्टी अन्तर्गत बहने वाली गोमती नदी जलधारा की नीलामी तिथि 16 जनवरी को उपजिलाधिकारी पट्टी द्वारा नियत थी परन्तु निर्धारित तिथि में किसी भी समिति द्वारा नदी का ठेका/नीलामी न लिये जाने के कारण पुनः 24 मार्च को स्थान तहसील सभागार पट्टी अपरान्ह दो बजे एक खण्ड की नदी का ठेका/नीलामी नियत की जाती है। इसी प्रकार तहसील सदर में बहने वाली सई नदी जलधारा की नीलामी तिथि 24 जनवरी को उपजिलाधिकारी सदर द्वारा नियत की गयी थी परन्तु इस तिथि में किसी भी समिति द्वारा नदी का ठेका/नीलामी न लिये जाने के कारण पुनः 25 मार्च को स्थान तहसील सभागार सदर में पूर्वान्ह 11 बजे एक खण्ड की नदी का

# हस्तशिल्प उत्पादों की प्रशंसा कर रहे हैं लोग

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर** विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एवं पाटन देवी हैण्डीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लि0, बलरामपुर द्वारा आयोजित शिल्प प्रदर्शन सह जागरूकता कार्यक्रम का द्वितीय बैच जिसका उद्घाटन मठवा में 17 मार्च को हुआ था, सफलतापूर्वक अपने उ?द्देश्यों को प्राप्त कर रहा है। मठवा में ममता देवी के हाल में चल रहा यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम जनसाधारण विशेष कर युवा वर्ग को अपनी ओर आकृष्ट कर रहा है। लोग इस कार्यक्रम में रूचि लेकर हस्तशिल्प उत्पादों को तैयार किये जाने की प्रक्रिया और स्टालों पर मौजूद उत्पादों की प्रशंसा कर रहे हैं। अनुसूचित जनजाति की शिल्पियों विशेष रूप से सुश्री नेहा, मीना, मनीषा, राधा, अंजली, अमावस्या कुमारी आदि के कार्यो को अधिक प्रशंसा मिल रही है। समाजसेवी श्री जितेन्द्र राठौर ने भी इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए अवलोकन किया और अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। इस कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति के शिल्पियों द्वारा तैयार प्रसिद्ध, आकर्षक एवं उपयोगी हस्तशिल्प सामग्रियों का अनुपम संग्रह जनता को समर्पित किया गया है। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से कढ़ाई (इम्ब्रायडरी) शिल्प के उत्कृष्ट उत्पाद प्रदर्शन एवं बिक्री हेतु रखे गये। यह 3 द्विवसीय अनूठा कार्यक्रम 19 मार्च 2025 तक चलता रहेगा।

कार्यक्रम में पहुंच रहे लोगो ने कहा कि हम सबको मिलकर अनुसूचित जनजाति के इन शिल्पियों का उत्साहवर्द्धन करना चाहिए ताकि ये शिल्पी और अधिक सामर्थ्य के साथ अपने हुनर का प्रदर्शन भविष्य में भी सफलतापूर्वक करते रहे। इस कार्यक्रम में रिसोर्स परसन / मास्टर काफ्ट परसन द्वारा शिल्पियों का मार्गदर्शन किया गया और आम जनता को आकृष्ट करने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इसमे छात्रों व युवाओ सहित अन्य लोगो ने उत्साह व रूचिपूर्वक सहभाग किया गया। लोगो ने इस



कार्यक्रम के आयोजक पाटन देवी हैण्डीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लि0 के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि हम विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार का आभार व्यक्त करते है कि उनके द्वारा अनुसूचित जनजाति के शिल्पियों के उत्पादों को तैयार करने की प्रक्रिया के प्रदर्शन, उसके प्रति लोगो में जागरूकता पैदा करने और लाभकारी बिक्री कराकर उनका जीवन स्तर उंचा उठाने के महती कार्य हेतु इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन कराया।

# पचपेड़वा मे हो रहा शिक्षा से खिलवाड़

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुरा** पचपेड़वा विकास खण्ड क्षेत्र से शिक्षा के साथ खिलवाड़ करने की पुरानी परम्परा रही है। इसी क्रम में शासन द्वारा मांगी गई रिपोर्ट में तहसील प्रशासन द्वारा विजुवां गांव के सानिकट त्रिलोकपुर गांव सभा की जमीन जो मेन रोड पर है उसे. हटा कर मंगुरहवा गांव जल भराव के । हिस्से की रिपोर्ट भेज दिया गया । गौर तलब हो कि पचपेड़?वा विकास विकास खंड के विजुवा गांव के सानिकट त्रिलोक?पुर गांव सभा की भूमि जो मुख्य मार्ग पर स्थित है और आराजी तीन एकड़ से अधिक सरकारी भूमि उपलब्ध है वहाँ हल्का लेखपाल दीपक कुमार, प्रेमचन्द गुप्ता,आशुतोष विश्वक?र्मा सहित लेखपाल एक माह पूर्व पहँचे कर पैमाइश करके नजरी नक्शा (स्पाटमेमो) वना कर रिपोर्ट एस डी एम को सौप दिया । पता चला कि शासन से इन्टर कालेज निर्माण हेत भूमि के सम्बन्धी रिपोर्ट मांगी गई भी। इससे दर्जनो गावों के ग्रामीणों में शिक्षा की लेकर उत्साह उत्पन्न हुआ था। इसका मुख्य कारण विजुआ, त्रिलोकपुर, मंजगवा - बेलभारिया धमौली अमौली विशुनपुर कोडर व जंगल के गांव थारू वहुल गांव जिनकी संख्या दर्जन से अधिक है इन्हें इन्टर शिक्षा के लिए 10 से 15 किलोमीटर की यात्रा तय करनी पड़ती है। परन्तु बाद में पता चला कि वड़ा खेल हो गया गांव में जलभराव की भूमि का रिपोर्ट तहसील तुलसीपुर व जिले को भेज गया रिपोर्ट भेजी गई जमीन पर जल भराव कि समस्या से ग्रस्त रहता है जबकि पूर्व में जो रिपोर्ट भेजी गई की वह मेन सीमा सड़क से सटा हुआ था। इससे क्षेत्र वासियों में घोर निराशा जताई गई जिलाधिकारी बलरामपुर के सीयूजी, पर काल करने का प्रयास किया गया परन्त वात नही।

-हो पाई । इसी तरह, पूर्व में स्वीकृत राजकीय डिग्री कालेज के लिए भूमि की समस्या का राजनीति करण हो जाने के कारण पचपेड़वा मुख्याल से 14 कि0मी0 दूर वाद ग्रस्त गांव विजम नगर में बनाया गया था इससे करोड़ो का भवन लाखों का वेतन सरकार द्वारा व्याय किए जाने के बाद भी निरर्थक साबित हो रहा है।

# हस्तशिल्प प्रदर्शनी का हुआ भव्य शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर।** चौक बाजार में बर्तन मार्केट के सत्यम सिंह हाल में हस्तशिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन 17 मार्च को सायंकाल हुआ। उद्घाटन संजय शर्मा, नगर अध्यक्ष, व्यापार मण्डल, बलरामपुर द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में अनुसूचित जनजाति के शिल्पियों द्वारा तैयार प्रसिद्ध, आकर्षक एवं उपयोगी हस्तशिल्प सामग्रियों का अनुपम संग्रह जनता को समर्पित किया गया है। इस प्रदर्शनी में कढ़ाई (इम्ब्रायडरी) शिल्प के अतिरिक्त टेराकोटा, कुरैशिया व जरी आदि शिल्पों के उत्कृष्ट उत्पाद प्रदर्शन एवं बिक्री हेतु रखे गये हैं। यह 10 द्विवसीय अनूठी प्रदर्शनी 26 मार्च 2025 तक चलती रहेगी। इस अवसर पर उद्घाटनकर्ता व्यापार मण्डल, बलरामपुर के नगर अध्यक्ष श संजय शर्मा ने अनुसूचित जनजाति के शिल्पियों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रशंसा करते हुए कहा कि दूर-दूर तक इन शिल्पियों ने अपने अप्रतिम उत्पादो से उत्तम छवि बनायी है। शर्मा ने कहा कि हम सबको मिलकर अनुसूचित जनजाति के इन शिल्पियों का उत्साहवर्द्धन करना चाहिए ताकि ये शिल्पी और अधिक



सामर्थ्य के साथ अपने हुनर का प्रदर्शन करते रह सकें।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रसिद्ध समाजसेवी व ग्राम प्रधान भरत लाल कसौधन ने हस्तशिल्प प्रदर्शनी के आयोजक पाटन देवी हैण्डीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लि0 के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि हम विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार का आभार व्यक्त करते है कि इसमे अनुसूचित जनजाति के शिल्पियों के उत्पादों की लाभकारी बिक्री कराने और उनका जीवन स्तर उंचा उठाने के महती कार्य हेतु इस प्रदर्शनी का सफलतापूर्वक आयोजन कराया। अतिथि के रूप में व्यापार मण्डल के कोषाध्यक्ष सुनील सिंह व वरिष्ठ समाजसेवी सर्व प्रताप सिंह व विशाल सैनी ने भी शिल्पियों का उत्साहवर्द्धन किया। ग्रामीण विकास संस्थान के मंत्री सुनील साहनी ने अनुसूचित जनजाति के शिल्पियो के कल्याण और उनके आर्थिक विकास की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे मे बताते हुए उनका लाभ उठाने हेतु शिल्पियो से आग्रह किया।

पाटन देवी हैण्डीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लि0, बलरामपुर के प्रबन्ध निदेशक सैय्यद दानिश जमाल, निदेशक रजई निराला, राजकुमार व विन्ध्याचल आदि ने उद्घाटनकर्ता शर्मा, विशिष्ट अतिथि कसौधन व अन्य अतिथियों आदि सहित उपस्थित गणमान्य लोगो का स्वागत किया और उनकी गरिमामयी उपस्थिति हेतु आभार व्यक्त किया।

# गोली मारकर ग्रामीण की हत्या करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूर-** बीते सोमवार की शाम थाना पहाड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत कलवारा बुजुर्ग में बेटे के सामने पिता को गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा- कारतूस व लाठी भी बमराद की है। मंगलवार को जिला मुख्यालय में हुई पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बीती सोमवार की शाम थाना पहाड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत कलवारा बुजुर्ग निवासी विपिन कुमार बाजपेयी पुत्र शिवचरन बाजपेयी उर्फ कल्लू ने थाना पहाड़ी पर सूचना दी कि वह शाम के समय अपने पिता शिवचरन बाजपेयी, माता रेखा देवी व अपने मामा अखिलेश कुमार के साथ अपने घर के दरवाजे के सामने बैठे हुए थे। इस दौरान गांव का ही रहने वाला उनका पड़ोसी शेषनरायण मिश्रा उर्फ पिन्टू मिश्रा गाली गलौच करते हुए उनके दरवाजे के सामने आया उसके पिता को गाली देने लगा। पिता द्वारा गाली देने का विरोध करने पर उसने तमंचा निकालकर उसके पिता के सीने में गोली मार दी और अपने घर की तरफ भागने लगा। इस दौरान रास्ते में



उनके पड़ोस में रहने वाले लक्ष्मीनारायण तिवारी उर्फ बालजी तिवारी पुत्र शंकरदयाल को भी गोली मार दी, जिससे वह भी घायल हो गए। तमंचे से फायर की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीण पहुंच गए तथा दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाड़ी में भर्ती कराया। जहां शिवचरन बाजपेयी उर्फ कल्लू को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल लक्ष्मी नारायण तिवारी उर्फ बालजी तिवारी को गंभीर हालत के चलते प्राथमिक इलाज के बाद प्रयागराज रिफर कर दिया। इस सूचना पर आरोपी के विरुद्ध थाना पहाड़ी में सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पहाड़ी थाना प्रभारी रीता सिंह को निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद तलाश करते हुए पहाड़ी थाना प्रभारी व उनकी टीम द्वारा पिपरोंदर चैराहा के पास से आरोपी शेषनरायण मिश्रा उर्फ पिन्टू मिश्रा को घटना में प्रयुक्त तमंचा-कारतूस व लाठी के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली टीम में पहाड़ी थाना प्रभारी सहित अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ यादव, उपनिरीक्षक जंगबहादुर सिंह, अरमान आलम, अभिनव प्रताप सिंह, चालक मुख्य आरक्षी नरेन्द्र पाल सिंह, आरक्षी दीपक सिंह, सचिन कुमार, आनन्द प्रताप सिंह व शरद कुमार सिंह शामिल रहे। बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के विरुद्ध थाना पहाड़ी में जिला बदर व पाक्सो एक्ट सहित आधा दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मस्जिद-ए काशिफुल उलूम में तराबीह कुरान पाक हुई मुकम्मल

**बिसवां, सीतापुर।** ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेनीपुर स्थित मस्जिद-ए-कासिमुल उलूम में तरावीह में कुरआन पाक मुकम्मल हुई। मंगरहिया बाजार निवासी सिराज अहमद पत्रकार के सुपुत्र कारी इमादुद्दीन ने तकरीबन रोज़ाना दो पारे पढ़ाए। इस दौरान मस्जिद कमेटी ने क़ारी इमादुद्दीन को मुबारकबाद पेश करते हुए उपहार दिए। अंत में अपने मुल्क की तरक्की व खुशहाली के लिए विशेष दुआ की गई और शीरीनी तकसीम की गई। नमाजियों ने कारी इमादुद्दीन से दुआओं की दरख्वास्त की और पानी पर दम कराया। इस मौके पर ग्राम प्रधान बकरीदी खा, सिराज अहमद,हाफिज कफील,हाफिज नबी अहमद , मौलाना मिस्बाहुद्दीन नदवी, हाफिज तमजीद, हाफिज हुजैफा, कारी अब्दुर्रहमान, हाफिज साद, अजमत खान, गुड्डू, इमरान, तौकीर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती में रिश्वतखोरी का बड़ा मामला उजागर

**सिधौली, सीतापुर।** आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। अर्चना पत्नी चंद्रशेखर, निवासी मोहल्ला गांधी नगर, सिधौली ने सीडीपीओ कार्यालय, सिधौली पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी, सीतापुर को एक लिखित शिकायत प्रेषित की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती प्रक्रिया के तहत आवेदन किया था और नियमानुसार दस्तावेजों की जांच के लिए उन्हें सीडीपीओ कार्यालय बुलाया गया। लेकिन जब वे वहां पहुंचीं, तो उनसे ?3,00,000 (तीन लाख रुपए) की रिश्वत मांगी गई। कार्यालय में मौजूद एक बाबू ने स्पष्ट रूप से कहा कि जो निर्धारित राशि देगा, उसी का चयन किया जाएगा शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके पति की वार्षिक आय मात्र ?42,000 है, जिससे इतनी बड़ी राशि देना उनके लिए संभव नहीं है। उनकी शैक्षणिक योग्यता और मेरिट सूची में उच्च स्थान होने के बावजूद रिश्वत न देने के कारण उन्हें चयन से वंचित किया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि भर्ती प्रक्रिया में पूरी तरह से भ्रष्टाचार और अनियमितता फैली हुई है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी, सीतापुर से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की अपील की है। साथ ही, उन्होंने आग्रह किया कि भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाकर योग्य अभ्यर्थियों को न्याय दिलाया जाए। यह मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है और अभ्यर्थियों में भारी असंतोष देखा जा रहा है। लोग प्रशासन से इस विषय पर जल्द से जल्द कठोर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो बड़े पैमाने पर आंदोलन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### खाली भवन के पेड़ो में लगी आग दमकल विभाग ने पाया आग पर काबू

लहरपुर सीतापुर लहरपुर क्षेत्र में केशरी गंज तिराहे के पास एक खाली पड़े भवन में आग लगने की घटना सामने आई है। हरगांव गन्ना समिति के जर्जर भवन में स्थित एक



पेड़ में मंगलवार को अचानक आग लग गई भवन परिसर में स्थानीय लोगों द्वारा कूड़ा फेंका जाता था आग लगने से पेड़ के साथ-साथ वहां पड़े कूड़े और सूखे पत्तों में भी आग फैल गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने पहले खुद आग बुझाने का प्रयास किया जब वे असफल रहे तो दमकल विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया अग्निशमन अधिकारी हंस कुमार सिंह ने बताया कि घटना में किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है केवल एक सूखा पेड़ और परिसर में पड़ा कूड़ा जला है उन्होंने कहा कि समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया!!

### डीएम ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, चकबंदी कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, समय से कार्य पूरा करे

सीतापुर जनपद सीतापुर में चकबंदी कार्यों को लेकर कलेक्ट्रेट में महत्वपूर्ण बैठक हुई जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने इसकी अध्यक्षता की। उन्होंने चकबंदी कार्यों में तेजी लाने और समय पर पूरा करने के निर्देश दिए डीएम ने स्पष्ट किया कि चकबंदी में किसी तरह की अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी नक्शा और चक बनाते समय सभी किसानों के हितों का ध्यान रखा जाए। चकबंदी निदेशालय के निर्देशों का पूरी तरह पालन करने को कहा जिन गांवों में चकबंदी कार्य चल रहे हैं वहां प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए चकबंदी न्यायालय में लंबित वादों को समय पर निपटाया जाए पुराने वादों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए गए जहां कार्य की प्रगति धीमी है। वहां अतिरिक्त टीमें लगाकर तेजी लाई जाए खतौनी सत्यापन के कार्य भी समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं नए गांवों में चकबंदी प्रक्रिया शुरू करने के लिए नियमों का पालन करते हुए तेजी से काम शुरू किया जाए बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे!!

# मोहनलालगंज लेसा की गर्मी की दस्तक ने ही खोली पोल

## ......जेई ने उपभोक्ताओं से अंधेरे में रात गुजारने की बात कहकर पल्ला झाड़ा

**अधिकारियों की फटकार पर 10 घंटे बाद वैकल्पिक व्यवस्था से लाइट की हुई शुरूआत**

स्वतंत्र प्रभात

विनीत कुमार मिश्रा




**लखनऊ।** मोहनलालगंज कस्बे का सोमवार दोपहर एक ट्रांसफार्मर जल गया।देर शाम तक ट्रांसफार्मर बदलने का उपभोक्ता इंतजार करते रहे।और देर रात इलाके के जेई से संपर्क किया तो जेई ने ट्रांसफार्मर बदलने और वैकल्पिक व्यवस्था से बिजली शुरू करने के लिए साफ मनाकर अंधेरे में रहने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।बाद में उपभोक्ताओं ने एक्सिएन से गुहार लगाई।तब जाकर फटकार पर कमर्चारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था कर देर रात लाइट शुरू कराई और मंगलवार देर शाम तक ट्रांसफार्मर बदला जा सका। मोहनलालगंज कस्बे में एसडीएम आवास के निकट का सोमवार दोपहर को ट्रांसफार्मर जल गया।जिसके चलते एसडीएम आवास सहित कालोनीवासियों की बिजली बंद हो गई।शाम तक उपभोक्ता ट्रांसफार्मर बदलने का इंतजार करते रहे।घरों के इनवर्टर बैठने पर उपभोक्ताओं ने इलाके के जेई सतेंद्र कुमार से संपर्क किया तो जेई ने कहा आज ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सकता रात अंधेरे में ही काटनी पड़ेगी।इस पर कुछ उपभोक्ताओं ने एक्सियन से संपर्क कर पूरे मामले से अवगत कराया तो एक्सिएन ने वैकल्पिक व्यवस्था कर बिजली शुरू कराए जाने का आश्वासन दिया। मंगलवार एक्सियन श्रवण कुमार सिंह ने बताया ट्रांसफार्मर आ रहा शाम तक बदल दिया जाएगा।

### फटकार पर देर रात पहुंचे कर्मचारी

बिजली उपभोक्ताओं ने बताया कि सोमवार देर शाम जब जेई से ट्रांसफार्मर बदले जाने की बात पूछी गई तो जेई ने ट्रांसफार्मर बदले जाने से साफ मना कर दिया।इस पर उपभोक्ताओं ने वैकल्पिक व्यवस्था से लाइट शुरू करने को कहा तो जेई ने कह दिया कि वैकल्पिक व्यवस्था से लाइट नहीं शुरू की जा सकती।इस पर उपभोक्ताओं ने जब एक्सिएन से शिकायत की तो फटकार पर मोहनलालगंज सब स्टेशन कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लाइन देखकर कालोनी सहित एसडीएम आवास की लाइट दूसरी लाइन से जोड़कर देर रात शुरू की तब जाकर कालोनी के लोगों ने राहत की सांस ली।

# किसान गोष्ठी में मिलेट्स पर चर्चा।

## राजधानी के गांवों को मॉडल मिलेट्स गांव बनाया जाएगा : प्रो गजेंद्र

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर।** बक्शी का तालाब इंदौरबाग राजकीय बीज विक्रय केंद्र पर उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार योजना के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा एक विकासखंड स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्घाटन चंद्रभानु कृषि स्नाकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर गजेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने श्री अन्न के महत्व एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी प्रोफेसर सिंह ने बताया की राजधानी के गांवों को मॉडल मिलेट्स गांव बनाया जाएगा। तथा विभिन्न प्रकार की मोटे अनाज की खेती के बारे में विस्तार से समझाया। गोष्ठी में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप -ए अरुण कुमार सचान ने जलवायु परिवर्तन एवं मोटे अनाजों की खेती के बारे में चर्चा की। सहायक विकास अधिकारी कृषि विजय प्रकाश निगम द्वारा मक्का की खेती के बारे में विस्तार से समझाया गया। किसान गोष्ठी में 101 कृषक उपस्थित रहे। गोष्ठी में विकासखंड बीकेटी के समस्त प्राविधिक



सहायक बीटीएम,एटीएम, फसल बीमा एवं नीजूवीडू कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया सभी कृषक बंधुओ को सूक्ष्म जलपान कराया गया तथा कृषि सार वितरित किए गए।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की राज्य परिषद की बैठक 14 अप्रैल को कानपुर में संपन्न होगी

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 18 मार्च, 2025 उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर कल दिनांक 19 मार्च से शुरू हो रहे यू0पी0 बोर्ड के मूल्यांकन में संघर्ष के दूसरे चरण में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं अपने मांगों के समर्थन में बाहों में काली पटटी बांधकर मूल्याकंन करेगें। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा0 आर0पी0 मिश्र एवं महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न राज्य कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन में प्रदेश में दिनांक 25 फरवरी, से 15 मार्च तक स्टिकर अभियान चलाया गया। जिसमें पुरानी पेंशन की बहाली, शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सम्बन्धी धारा 21, शिक्षकों की पदोन्नति सम्बन्धी धारा 12 एवं प्रधानाचार्यो की तदर्थ पदोन्नति सम्बन्धी धारा 18 की बहाली, वित्त विहीन विद्यालयों के शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन एवं शिक्षकों को निःशुल्क चिकित्सा का लाभ अनुमन्य किए जाने सम्बन्धी मागों को स्टिकर के माध्यम से प्रदेश के विद्यालयों, शिक्षा विभाग के कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों पर स्टिकर लगाकर मागों के प्रति सरकार का ध्यानाकर्षण के लिए विशेष




अभियान चलाया गया। शिक्षक नेताओं ने बताया कि संघर्ष के दूसरे चरण में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं अपनी मांगों के समर्थन में बाहों में काली पटटी बांधकर मूल्याकंन कार्य करेगें। मूल्याकंन कार्य की समाप्ति के बाद दिनांक 14 अप्रैल को राज्य परिषद की बैठक कानपुर होगी जिसमें समीक्षा के पश्चात संघर्ष के अगले चरण की घोषणा की जाएगी। प्रदेश व्यापी संघर्ष के दूसरे चरण को प्रभावी बनाने के लिए प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता मे जिला संगठन के कार्यालय उदयाचल में वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा0 आर0पी0 मिश्र, महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा भी सम्मिलित हुए। बैठक में राजधानी लखनऊ के पॉचों मूल्यांकन केन्द्रों-राजकीय जुबिली इण्टर कालेज, राजकीय इण्टर कालेज, हुसैनाबाद, राजकीय इण्टर कालेज, निशातगंज, राजकीय कन्या इण्टर कालेज, शाहमीना रोड, एवं राजकीय कन्या इण्टर कालेज, गोमती नगर में प्रत्येक मूल्यांकन केन्द्रों के लिए संगठन की ओर से प्रभारी नियुक्त किए गए। जिला संगठन की बैठक में प्रमुख रूप से प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा0 आर0 पी0 मिश्र, महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, सदस्य राज्य परिषद अनुराग मिश्र, जिलामंत्री महेश चन्द्र, कोषाध्यक्ष आर0पी0 सिंह, आय-व्यय निरीक्षक आलोक पाठक, उपाध्यक्ष डा0 एस0के0 मणि शुक्ल, संयुक्त मंत्री डा0 अनिल कुमार तिवारी आदि ने प्रमुख रूप से सम्बोधित किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला पच्चीस वर्षीय युवक का शव

**.........हाथ की मेहदी छूटी नहीं, मिट गया सिदूर**

स्वतंत्र प्रभात

**माल, लखनऊ।** बाजारगांव गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में पच्चीस वर्षीय युवक का शव लटका मिला सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आपको बता दें कि नव विवाहिता के हाथ की मेहदी अभी छूटी नहीं थी कि माथे का सिदूर मिट गया। नवविवाहिता ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि हाथ की मेंहदी



छूटने से पहले ही मांग का सिदूर मिट जाएगा।दर्शल पूरा मामला यह है कि माल थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजारगांव निवासी पच्चीस वर्षीय श्रवण पुत्र चंद्रपाल पासी जो कि सुबह लगभग नौ बजे घर से निकला था।जिसका शव बाग में गमछे के सहारे लटकता मिला ग्रामीणों ने यह मंजर देख कर सूचना परिजनों को दी।परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक की शादी बीते छः मार्च को अकबरपुर गांव से हुई थी। इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद द्विवेदी ने बताया कि सबको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# अन्तरिक्ष वैज्ञानिक सुनीता विलियम्स का बेसब्री से इंतजार

## प्रथम एजूकेशन फाउण्डेशन के कार्यक्रम में बोले विज्ञान प्रेमी

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के तत्वावधान में संचालित क्रिएटिविटी क्लब कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद सीतापुर के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय रहीमाबाद, हाजीपुर, धनतरी आश्रम विद्यालय व मुर्तजा नगर के बच्चों के साथ अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित वर्चुअल प्रोग्राम किया गया। जिसमें स्पेस वैज्ञानिक डॉक्टर श्रीमती केसन के द्वारा बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित ढेर सारी जानकारी से अवगत कराया गया जिसमें बच्चों ने ग्रह नक्षत्र तारे के बारे में स्पेस वैज्ञानिक डॉक्टर केसन से जानकारी प्राप्त कर जिज्ञासा शांत की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को मिशन चंद्रयान तथा रॉकेट लॉन्चिंग और अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित ढेर सारा वैज्ञानिक ज्ञान साझा किया। बच्चों ने उनसे कई सवाल पूछे जैसे चंद्रमा का आकार बड़ा छोटा क्यों होता है रॉकेट की लॉन्चिंग किस तरीके से होती है ग्रहों का प्रक्षेपण कैसे किया जाता है आदि प्रश्नों का बोधपरक उत्तर दिया। इस अवसर हाजीपुर के प्रधानाचार्य संतोष कुमार श्रीवास्तव रहीमाबाद के प्रधानाचार्य राधा बाजपेई, मुर्तजा नगर आश्रम पद्धति विद्यालय से गायत्री रस्तोगी के साथ साथ प्रथम क्रिएटिविटी क्लब से कमलेश त्रिपाठी व सुरेंद्र कुमार उपास्थिति रहे । कार्यक्रम समन्वयक भाष्कर तिवारी ने बताया कि डॉक्टर श्रीमती केसन जिन्हें अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अनगिनत उपलब्धियां प्राप्त हैं और लोग उन्हें स्पेस आंटी के नाम से जानते हैं । उन्होंने अपने अनुभव बच्चों के साथ शेयर किए । विज्ञान मंच के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कश्यप निडर ने राजकीय आश्रम पद्धति के बच्चों के लिए इस अनमोल उपलब्धि व अवसर की सराहना की तथा कहा कि भारतीय अन्तरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स का धरती पर स्वागत करने के लिए हृदय से सब बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस मौके पर प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रोग्राम मैनेजर पारुल ने किया।

# विधायक निर्मल वर्मा ने फीता काटकर किया पौराणिक मेला श्री धनुष यज्ञ रामलीला महाराज नगर महोत्सव का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां/सीतापुर।** पौराणिक मेला श्री धनुष यज्ञ रामलीला महराजनगर महोत्सव का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने फीता काटकर किया। मेला आयोजक व वृंदावन से पधारे शशि कांत ठाकुर सहित समस्त मेला पदाधिकारियों की मौजूदगी में शुभारंभ हुआ। विधायक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पौराणिक मेला गांव व क्षेत्र की धरोहर है। इसे ऊंचाइयों पर ले जाना हम सबका दायित्व बनता है। इस मेला महोत्सव को राजनीतिक अखाड़ा न बनाया जाए। मेला मेल का होता है, इसलिए आप सब लोगों का सहयोग आवश्यक है।



जो यहां पर आए हुए हैं या मेले के प्रति उनका लगाव है, उन्हें हम प्रणाम करते हैं। मेला आयोजक अरुण कुमार शुक्ला ने कहा मेले को ऊंचाइयों पर ले जाना हमारा सबका परम धर्म है। बुजुर्ग लोगों ने बताया कि मेला बहुत ही पौराणिक है। 1960 में इस मेले की भगवानदीन शुक्ला व ग्रामवासियों ने शुरुआत की थी और आज तक इसको सजाया संवारा है। समस्त जाति-धर्म के लोगों ने इसमें सदैव बढ़-चढ़कर सहयोग किया। मेला शुभारंभ के अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# संकुल शिक्षक कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**लहरपुर,सीतापुर।** परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने तथा नवीन शैक्षिक सत्र की गतिविधियों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से जूनियर हाईस्कूल मानपुर (कम्पोजिट) में संकुल शिक्षक कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ए आर पी एवं न्याय पंचायत जीतामऊ के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर शैक्षिक सत्र के समापन तथा नवीन शैक्षिक सत्र की गतिविधियों पर चर्चा की गई। कार्यशाला में मौजूद शिक्षकों को संबोधित करते हुए संकुल शिक्षक अनवर अली ने कहा कि वर्तमान शैक्षिक सत्र पूरा हो रहा है। मार्च माह में ही वार्षिक परीक्षा तथा छात्रों की कक्षा उन्नति के साथ ही नवीन सत्र के लिए नामांकन का कार्य भी किया जाना है। सभी शिक्षक कार्ययोजना बनाकर पूरे उत्साह से अपने दायित्वों का निर्वाहन करें । ए आर पी सुरेश कुमार ने विद्यालय की गतिविधियों में समुदाय के



सक्रिय सहयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस से विद्यालय को बेहतर बनाने के साथ ही समुदाय में विद्यालय के प्रति विश्वास बढ़ेगा इस से विधालय में न सिर्फ छात्रों की उपस्थिति बेहतर होगी बल्कि विधालय को बेहतर बनाने में भी सहयोग मिलेगा। संकुल शिक्षक जुबेर वारिस ने फाइव प्वाइंट टूल्स के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्मार्ट क्लास रूम को प्रभावी बनाने के बारे में जानकारी दी। शिक्षक मोहम्मद आमिर ने रीडिंग कार्नर और पुस्तकालय के प्रभावी प्रयोग के बारे में जानकारी दी। शिक्षक राजेश कुमार वर्मा ने कक्षा शिक्षण में गणित और विज्ञान किट के प्रयोग के महत्व पर प्रकाश डाला शिक्षक रामचन्द्र वर्मा ने शिक्षण अधिगम सामग्री के प्रभावी प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर शिक्षक सरोज कुमार वर्मा, आलोक आजाद, नूतन भारतीय, जितेन्द्र कुमार, ममता वर्मा, प्रीति आजाद आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार जेड आर रहमानी को उनकी शैक्षिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

# बछड़े की मौत के बाद इलाके में दहशत, जंगली जानवर के मिले पगचिह्न, वन विभाग कर रहा तलाश

स्वतंत्र प्रभात

मिश्रिख सीतापुर मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में जंगली जानवर की दहशत फैल गई है कुंवरपुर गांव के पश्चिम जंगल में एक बछड़े की मौत के बाद जंगली जानवर के पगचिह्न मिले हैं वन विभाग 24 घंटे बाद भी जानवर की पुष्टि नहीं कर सका है। मंगलवार को भी टीम ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की



टीम मौके पर पहुंची टीम ने खेत में जंगली जानवर के पगचिह्न देखे वन दरोगा ऋषभ सिंह तोमर के अनुसार ये पगचिह्न तेंदुए या लकड़बग्घे के हो सकते हैं प्रारंभिक जांच में लकड़बग्घे के होने की संभावना ज्यादा है वन विभाग ने क्षेत्र में विशेष टीमें तैनात कर दी हैं। मंगलवार को भी कॉम्बिंग अभियान जारी है विभाग जानवर की पहचान और क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटा है स्थानीय लोगों में डर का माहौल है वन विभाग की टीम 24 घंटे बाद भी जानवर की पुष्टि नहीं कर पाई है!!

# जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों का डोर टू डोर सर्वे कर जानी जमीनी हकीकत

## ...,. जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी ने विकासखण्ड गोसाईगंज का किया औचक निरीक्षण.

**...... जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत में गंदगी देख डीपीआरओ को सफाईकर्मी पर कार्यवाही का दिया निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात

विनीत कुमार मिश्रा

**लखनऊ।** मंगलवार को राजधानी लखनऊ के विकासखण्ड गोसाईगंज में जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी ने ग्राम पंचायत सेमनापुर कोरयानी और पहाड़ नगर टिकरिया का डोर टू डोर औचक निरीक्षण किया । जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सेमनापुर कोरयानी पहुंच कर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के कार्यो जायज़ा लिया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सेक्रेट्री द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत में लगभग 3000 लोग है, जिसमे 1 ई रिक्शा द्वारा कूड़ा उठान किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में 16 फरवरी को स्वच्छता ऑडिट बैठक का आयोजन किया गया था। स्वच्छता ऑडिट बैठक के अनुसार घरों और 22 प्रतिष्ठानों को मिलकर कुल 14000 की धनराशि एकत्रित किए जाने की योजना बनाई गई है। जिसके सम्बन्ध में



जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की ग्राम वासियों संवाद करते हुए उनको डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की सुविधा का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि कूड़ा कलेक्शन के लिए रूट चार्ट बना लिया गया है। रूट चार्ट के अनुसार कूड़ा कलेक्शन कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जीपीएस के माध्यम से कूड़ा उठान गाड़ी की लाइव लोकेशन की भी मॉनिटरिंग की गई। जिलाधिकारी विशाल जी ने ग्राम पंचायतों में हो रहे विकास कार्यो का भौतिक सत्यापन करते हुए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत चिन्हित 50 ग्राम पंचायतों में एक रूपये में स्वच्छता अभियान अंतर्गत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के कार्यो का भी जायजा लिया । इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत में नव निर्मित आर0सी0सी0 सेंटर का भी निरीक्षण किया । पंचायत सचिव ने बताया कि स्वच्छता ऑडिट बैठक में खाली प्लाटो में कूड़ा न डालने के सम्बन्ध में प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। इस संबंध में निर्देश दिए गए की पूरी ग्राम पंचायत की सफाई कराते हुए प्लाटो या खुले में कूड़ा फेंकने वालो को नोटिस जारी करना सुनिश्चित किया जाए ताकि खाली प्लाटो एवं सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने की व्यवस्था को रोका जा सके। ग्राम पंचायत सेमनापुर कोरयानी के पंचायत सचिव मनोज गुप्ता ने बताया कि स्वच्छता शुल्क संग्रह हेतु विद्युत सखी की तर्ज पर स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों द्वारा स्वच्छता सखी के रूप में कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि स्वच्छता शुल्क संग्रह में स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए एवं इस कार्य हेतु विद्युत सखी की भांति इनका कलेक्शन चार्ज भी निर्धारित किया जाए। इसके के बाद जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत पहाड़ नगर टिकरिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव विनोद गौण ने बताया कि ग्राम पंचायत में लगभग 2725 लोगो की आबादी है और एक ई रिक्शा द्वारा कूड़ा उठान कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत में कोई व्यवसायिक प्रतिष्ठान नहीं है। 23 फरवरी को स्वच्छता ऑडिट बैठक का आयोजन किया गया था। घरों द्वारा 17450 रुपए की धनराशि एकत्रित की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान कूड़ा उठान गाड़ी के सफाई कर्मी से संवाद करते हुए किए जा रहे कार्यो के बारे में जानकारी ली गई। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत स्थित आरसीसी सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आरसीसी सेंटर के बाहर खाली स्थान पर कूड़ा पृथक्करण का कार्य होता पाया गया। जिसके सम्बन्ध में निर्देश दिए गए की बाहर जहां भी कूड़ा पृथक्करण का कार्य किया जा रहा है वहां पर इंटरलॉकिंग कराते हुए प्रतिदिन के कूड़े का निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान आरसीसी सेंटर के परिसर में पर्याप्त सफाई व्यवस्था नहीं पाई गई। जिसके सम्बन्ध में जिला पंचायतीराज अधिकारी को निर्देश दिए गए की तत्काल परिसर की सफाई कराते हुए सफाई कर्मी के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत बने ओवरहेड टैंक और पम्प हाउस का भी निरीक्षण किया गया। प्रधान द्वारा बताया गया कि उक्त ओवरहेड टैंक से ग्राम पंचायत के सभी मजरों केवल अली नगर मजरे को छोड़ कर पानी की सप्लाई की जा रही है। सभी मजरों में पानी के कनेक्शन दिए जा चुके है। जिसके सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज बृजेश वर्मा को निर्देश दिए गए की नायब तहसीलदार के माध्यम से अलीनगर मजरे का निरीक्षण कराया जाए की कनेक्शन देने के बाद भी मजरे में पानी सप्लाई क्यों नहीं हो रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पानी सप्लाई की टाइमिंग के बारे में भी जानकारी मांगी गई। कार्मिक द्वारा बताया गया कि प्रातः 6-30 से 8-30 तक और सायं 4-30 से 6-30 तक पानी सप्लाई की जाती है। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज बृजेश वर्मा जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार गौण ,एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ल , एपीओ गौरव त्रिपाठी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## बाइक की टक्कर से सड़क पार कर रही महिला घायल

**लालगंज रायबरेली** कोतवाली क्षेत्र के रायबरेली रोड पर आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के निकट मंगलवार को तेज रफ्तार बाइक सवार ने सड़क पार कर रही महिला को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया बिट्टू पत्नी रविशंकर मूलत सरेनी गांव की रहने वाली है वह आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के निकट बने अपने आवास को देखने आई थी सड़क पार करते समय रायबरेली की ओर जा रही बाइक सभा ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना में उन्नाव जनपद के तकिया रुकना पुर निवासी ताज मोहम्मद भी घायल हो गया। शराब की हीरो की मदद से महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जबकि घायल बाइक सवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

## किसानों को आत्मनिर्भर बना रहा वलौली के किसान महीप त्रिवेदी

### घर मे मशरूम उगाकर कमा रहे लाखों



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के गोविंदपुर वलौली के रहने वाले महीप त्रिवेदी किसानों के लिए नई राह बना रहे हैं। वह सहकारिता विभाग से संबद्ध किसान उत्पादक संगठन चलाते हैं, जो क्षेत्रीय किसानों को कैश क्रॉप की ओर आकर्षित कर रहा है। उनके संगठन का मुख्य उद्देश्य किसानों की आमदनी बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। महीप त्रिवेदी खुद मशरूम फार्मिंग, बी फार्मिंग (मधुमक्खी पालन) और कच्ची घानी सरसों के तेल का उत्पादन करते हैं। वह किसानों को परंपरागत खेती से अलग हटकर व्यावसायिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनके अनुसार, कैश क्रॉप खेती से किसान कम समय में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। उनका संगठन किसानों को प्रशिक्षण देने के साथ ही बेहतर बीज, आधुनिक तकनीक और विपणन सुविधा भी उपलब्ध कराता है। इससे छोटे और मध्यम वर्ग के किसान बिचौलियों पर निर्भर हुए बिना सीधे बाजार से जुड़ रहे हैं। महीप त्रिवेदी का यह प्रयास किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। उनकी इस पहल से न सिर्फ क्षेत्रीय किसान सशक्त हो रहे हैं, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी बन रहे हैं।

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के थानों/क्षेत्राधिकारी कार्यालय/पुलिस कार्यालय में आईजीआरएस में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी गण के साथ की गयी गोष्ठी



**अमेठी।** अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार द्वारा IGRS में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी गण के साथ गोष्ठी की गई। IGRS पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निर्धारित समयावधि में निस्तारण कर शिकायतकर्ता का फीडबैक लेकर गुणवत्तापूर्ण जांच आख्या लगाने हेतु, पुलिसिंग संबन्धी कार्यवाहियों में वैज्ञानिक प्रविधियों तथा तकनीक के प्रयोग को यथा संभव बढ़ावा देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा मीटिंग में उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारी गण को ड्यूटी के प्रति ईमानदारी, सतर्कता, कार्य में पारदर्शिता, समय से सभी कार्यों के निस्तारण आदि के संबंध में आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये। तदोपरान्त जनपद अमेठी में आईजीआरएस व सीएम हेल्पलाइन 1076 पोर्टल के माध्यम से प्राप्त समस्त शिकायती प्रार्थना पत्रों में आवेदकों से शत-प्रतिशत फीडबैक लेते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयावधि में निस्तारण किया गया है।

## कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आज

**प्रतापगढ़।** प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि जनपद स्तर पर समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बूथ लेवल एजेन्ट बनाये जाने, निर्वाचक नामावली के सम्बन्ध में समय-समय पर आयोग के निर्देशों को प्राप्त कराये जाने एवं अन्य बिन्दुओं पर परिचर्चा हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में 19 मार्च बुधवार को अपरान्ह 4.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी है।

# ब्लूमिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

**● होली का पर्व प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है- मैनेजिंग डायरेक्टर- स्वदेश यादव**

स्वतंत्र प्रभात



**लालगंज (रायबरेली)।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी ब्लूमिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल बाल्हेमऊ ऐहार की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन नगर के प्रतिष्ठित प्रताप पैलेस होटल में किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण और विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर स्वदेश यादव ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें समाज में आपसी रिश्तों को मजबूत करने और हर भेदभाव को भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यालय के समर्पित स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल के शिक्षकगण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए पूरी मेहनत और लगन से कार्य कर रहे हैं। प्रधानाचार्य भानु प्रताप यादव ने अपने संबोधन में कहा कि ब्लूमिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी जहां भी जा रहे हैं, अपनी काबिलियत से नए आयाम गढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय सिर्फ शिक्षा देने का कार्य नहीं करता, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भी प्रयासरत रहता है। कार्यक्रम में विद्यालय की पीआरओ दिव्यांशी तिवारी ने भी अपने खूबसूरत विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को भी बढ़ावा दिया जाता है। होली जैसे पर्व हमें दिली प्यार, एकता, सौहार्द और सहयोग की भावना को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर नगर के कई सम्मानित व्यक्तियों और विद्यालय के शिक्षकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रवीन्द्र गुप्ता,



दिलीप द्विवेदी, मोहम्मद अफरोज, मोहम्मद कादिर, मोहम्मद सलमान, ताज मोहम्मद उर्फ छोटू और संदीप कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। रंगों और संगीत के इस आयोजन में सभी ने आनंद लिया। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का समापन सुस्वादु व्यजनों वाले स्वल्पाहार के साथ हुआ।

# स्थानीय पुलिस विपक्षियों पर मेहरबान



स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली-बछरावां** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मलिकपुर सरैया में सूरजलाल पुत्र रामखेलावन की गाटा संख्या 151/0.0025 हेक्टेयर प्लाट पर कच्ची पुरानी दीवाल सूरज लाल पुत्र रामखेलावन की बनी हुई थी जिसका मुकदमा दीवानी न्यायालय कोर्ट नंबर 16 में विचाराधीन है सूरज लाल की पुरानी दीवाल को विपक्षियों द्वारा 8 मार्च 2025 को रात में गिरा दिया गया था। सूरज लाल पुत्र रामखेलावन जाकर थाना बछरावां में 9 मार्च 2025 को लगभग 11:00 बजे प्रार्थना पत्र दिया उसके बाद थाना बछरावां से शिकायत पर्ची दी गई। जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। बछरावां थाना में प्रार्थना पत्र दिए हुए लगभग एक हफ्ता हो गया हैं। अभी तक स्थानीय पुलिस मौके पर जांच करना उचित नहीं समझा है। अगर विपक्षियों द्वारा झूठा भी प्रार्थना पत्र दिया जाता है। तो यही स्थानीय पुलिस तत्काल मुकदमा सूरज लाल पुत्र रामखेलावन व उसके परिवार पर लिख दिया जाता है और सूरज लाल के दिए हुए प्रार्थना पत्र पर एक हफ्ता हो जाने पर भी विपक्षियों पर कानूनी कार्रवाई व मुकदमा नहीं लिखा गया है। इससे यही मालूम होता है कि स्थानी पुलिस विपक्षियों पर मेहरबान है।

## डम्परों की भिडण्त! बांदा-बहराइच हाइवे पर कई घण्टे लगा रहा जाम



**शिवगढ़(रायबरेली)** थाना क्षेत्र के बांदा बहराइच पर स्थित अहलादगढ़ मोड़ के समीप मंगलवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। हैदरगढ़ की तरफ से जा रहे दो डम्पर आपस में टकरा गए। हादसे में एक डम्पर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के चलते बांदा-बहराइच हाइवे पर करीब 3 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। शिवगढ़ थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि हाईवे पर डम्परों की टक्कर के कारण यातायात बाधित हो गया था। क्षतिग्रस्त डम्पर को हटाने के लिए हाइड्रा मशीन का इस्तेमाल किया गया। स्थानीय लोगों की मानें तो लगभग 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग को यातायात के लिए खोला जा सका। रामकिशोर मौर्य, संगीत कुमार सहित कई लोगों ने इस मार्ग पर होने वाली लगातार दुर्घटनाओं पर चिंता जताई है। उनकी मांग है कि बांदा-बहराइच हाइवे को फोर लेन में बनाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के मण्डल अध्यक्ष संजय पाण्डेय के नेतृत्व में आज जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया

**● अवैध रूप से अधिकारी वर्ग द्वारा कार्य से मुक्त किए ऐसे तमाम कर्मचारियों को सभी राज्य में संघ महासंघ को विभागीय जांच कमेटी में रखते हुए जांच उपरांत निर्दोष साबित होने पर पुनः बहाल किया जाए तथा स्वास्थ्य एवं जी सुनिश्चित किया जाए।**

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में भारतीय मजदूर संघ एवं अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं एन.एच.एम. कर्मचारी महासंघ के बैनर तले जिलाधिकारी कार्यालय पर संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के मण्डल अध्यक्ष संजय पाण्डेय के नेतृत्व में आज जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया।

मण्डल अध्यक्ष संजय पाण्डेय ने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत देशभर में संचालित स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से संबंधित स्कीम व प्रोग्राम संचालित होते हैं जिनके अंतर्गत चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, नर्सिंग ऑफिसर, एएनएम, लैब टेक्नीशियन, एसटीएस,एसटीएलएस,सीएचओ, पब्लिक हेल्थ कैडर स्टाफ, टीबीएचवी, आपातकाल एंबुलेंस सेवा 108 102, कंपनियों के अधीन आदि आदि वर्ग कार्यरत है जिनका निरंतर शोषण किया जा रहा है। जिनकी संख्या लगभग साढ़े चार से पांच लाख है किंतु वर्तमान में भी इनसे अत्यंत अल्प वेतन पर कार्य करवाया जा रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

संजय ने कहा कि कोरोना कल में इनका योगदान सराहनीय रहा है लेकिन अधिकांश कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा नहीं दी जा रही है लेकिन इनके समरूप कार्य करते अस्थाई वर्ग कर्मचारी अच्छा वेतन पा रहा है और अन्य तमाम सामाजिक सुरक्षा का पात्र है पीड़ित कर्मचारी वर्ग द्वारा अपनी समस्याओं के बारे में देश भर में सरकारों का ध्यान आकर्षण करने के बारे में भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में वर्ष 2022 गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में महासंघ की न्यू रखी निरंतरता बनाए हुए अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं एचएम कर्मचारी महासंघ भारतीय मजदूर संघ का द्वितीय त्रिवार्षिक अधिवेशन हाल ही में जो 14 एवं 15 फरवरी 2025 को आईएमए हाल पटना बिहार में संपन्न हुआ दो दिनों में विभिन्न राज्यों से आए हुए विभिन्न प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न सत्रों में विस्तृत चर्चा हुई तथा अधिवेशन में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 18 मार्च को अपनी जायज मांगों के संदर्भ में ज्ञापन सौंपेंगे और कर्मचारियों की आवाज को आप तक पहुंचाने का प्रयास महासंघ के माध्यम से करेंगे।

जिला संयोजिका अनीता चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य एवं एनएचएम कर्मियों को नीतिगत आधार पर सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए नीति बनने तक पत्र में उल्लेखित मांगों को पूरा किया जाए तथा स्वास्थ्य एवं एनएचएम कर्मियों के लिए कर्मचारी कल्याण बोर्ड या आयोग की स्थापना की जाए और स्वास्थ्य एवं एनएचएम कर्मियों के लिए एक राष्ट एक स्वास्थ्य और एक मानव संसाधन नीति का राष्ट्रव्यापी क्रियान्वयन किया जाए।

जिला महामंत्री राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य एवं एनएचएम के समस्त कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा के तहत पीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी का भुगतान तथा ईएसआई और जीवन स्वास्थ्य बीमा एवं चिकित्सा प्रतिपूर्ति की सुविधा प्रदान की किया जाये। स्वास्थ्य और एनएचएम कर्मियों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार समान काम के लिए समान वेतन का लाभ दिया जाए सेवानिवृत्ति उपरांत कर्मियों को 10 लाख रुपए की एक मुश्त राशि दी जाए एवं सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष निर्धारित की जाए ताकि उनके पूरे कार्यकाल के दौरान नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके इसके अतिरिक्त उन्हें यात्रा भत्ता, मंहगाई भत्ता, ओवर टाइम वेतन, विशेष भत्ते, आकस्मिक अर्जित स्वास्थ्य अवकाश, बोनस स्थानांतरण नीति और स्थाई कर्मचारियों को प्रदान किए जाने वाले अन्य सभी लाभों सहित व्यापक लाभों के साथ वेतन वृद्धि जिसके हकदार है मिलना चाहिए। जनमेजय उपाध्याय ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की आगामी भर्तियों में स्वास्थ्य और एनएचएम कर्मचारियों को आयु में छूट वरीयता और महत्व निशर्त दिया जाए अवैध रूप से अधिकारी वर्ग द्वारा कार्य से मुक्त किए ऐसे तमाम कर्मचारियों को सभी राज्य में संघ महासंघ को विभागीय जांच कमेटी में रखते हुए जांच उपरांत निर्दोष साबित होने पर पुनः बहाल किया जाए तथा स्वास्थ्य एवं जी सुनिश्चित किया जाए।

# हरे पेड़ों की हो रही कटाई,अधिकारी नहीं कर रहे ठोस कार्यवाही

**● सोतवा खेड़ा गांव में वन माफिया ने हरे नीम के पेड़ को काटकर किया जमींदोज**

**वन माफियाओं के सहयोगी की भूमिका में नजर आ रहा वन विभाग**

स्वतंत्र प्रभात



**लालगंज (रायबरेली)।** वन विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र में धड़ल्ले से हरे पेड़ों की कटाई की जा रही है।इसके बाद भी विभाग वन माफियाओं पर शिकंजा नहीं कस पा रहा है।प्रशासन भी इस तरफ अनदेखी कर रहा है।जबकि हर वर्ष सरकार व प्रशासन हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण अभियान चलाता है।इस पर सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं,विभिन्न संस्थाएं भी लगातार जागरूक करते हुए पौधरोपण कर रही हैं,जिससे हमारा क्षेत्र व देश हरा भरा रहे और प्रकृति संरक्षण का सपना साकार हो सके।जबकि उसकी सुरक्षा को लेकर संबंधित विभाग ही लापरवाही बरतते हैं।एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहां थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोतवाखेड़ा गांव में बेखौफ वन माफिया ने बिना परमिट वन विभाग व पुलिस की मिलीभगत से प्रतिबंधित हरे नीम के पेड़ को काटकर जमींदोज कर दिया।जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हुई तो खुद का दामन बचाने के लिए वन विभाग ने महज खानापूर्ति करते हुए मुकदमा पंजीकृत करने हेतु तहरीर दी है।वहीं जब उक्त संबंध में वन दरोगा ओपी सिंह से जानकारी के लिए दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने काल रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा।वहीं जब वन रक्षक आशीष कुमार से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि सोतवाखेड़ा गांव में अवैध कटान की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने से पहले ही लकड़कट्टा एक हरे नीम को काटकर लकड़ी लेकर जा चुका था। उक्त संबंध में थाने तहरीर दी गई है, संबंधित के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बढ़ते पर्यावरण संकट के समाधान के लिए पर्यावरणविद्, वैज्ञानिक,समाजसेवी तथा सरकार द्वारा भले ही हर वर्ष पौधरोपण कराकर वन संरक्षण का प्रयास किया जा रहा हो लेकिन मौके की स्थिति बेहद चौकाने वाली है। वनों से कीमती लकड़ियों के काटे जाने से वन समाप्त होते जा रहे हैं।वन विभाग के लोग वन माफियाओं के सहयोगी जैसी भूमिका अदा करते हैं। वनों से साखू, सागौन, वियजसाल, खैर, चिलबिल,बबूल के पेड़ सिर्फ नाम मात्र के बचे हैं।

## सीआईआर पर दर्ज शिकायतों के आधार पर 71 मोबाइल पकड़े

**अलीगढ़।** सीईआईआर पर दर्ज मोबाइल फोन की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए अलीगढ़ पुलिस ने 71 मोबाइलों को बरामद कर लिया है। अगर आप या आपके किसी परिचित का मोबाइल खो गया है, चोरी हो गया है, छिन गया है, तो ऐसे करें शिकायत दर्ज। पुलिस लाइन स्थित नवीन सभागार में पुलिस अधीक्षक अपराध ममता कुरील ने 71 मोबाइलों को उनके स्वामियों के सुपुर्द किया। इन मोबाइलों की कीमत 1222966 आंकी गई है। अपने खोए हुए, छीने हुए मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल गए। पुलिस अधीक्षक अपराध ममता कुरील ने बताया कि इन मोबाइलों की शिकायत सीईआईआर पर की गई थी।

**सीईआईआर क्या है-** सीईआईआर एक केंद्रीकृत प्रणाली है जो मोबाइल उपकरणों को उनके अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल उपकरण पहचान (आईईएमआई) नंबरों का उपयोग करके प्रबंधित और ट्रैक करने के लिए कार्यान्वित की जाती है। इससे मोबाइल डिवाइस की चोरी और दुरुपयोग से निपटने में मदद मिलेगी।

# मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक

**● प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट बनाए जाने के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक बूथ पर सभी राजनैतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट बनाए जाने हैं इस संबंध में आप सभी से अनुरोध है कि शीघ्र अति शीघ्र जनपद के प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करते हुए उसकी सूची निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं जिस पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि एक सप्ताह के अंदर सभी बूथों पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करते हुए उसकी सूची निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करा दी जाएगी। इसके साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोगों को वोटर लिस्ट उपलब्ध कराई गई है उसका भलीभांति अध्ययन कर लें यदि किसी का नाम दो बार हो तो उसकी सूचना उपलब्ध कराएं जिससे मतदाता सूची को त्रुटिरहित किया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाए रखने में बीएलए की महती भूमिका:ड़ीईओ

**● डीईओ ने सभी राजैनिक दलों से निर्वाचन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सुझाव मांगे**

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में मतदाता सूची के शुद्धीकरण एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहुत की गई। डीईओ ने सभी राजनैतिक दलों से निर्वाचन प्रक्रिया को सरल बनाए जाने के संबंध में सुझाव देने की अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूची जितनी साफ-सुथरी एवं शुद्ध होगी निर्वाचन प्रक्रिया उतनी ही सरल होती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता शुद्धीकरण में बीएलए की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बीएलए नए मतदाताओं के पंजीकरण, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए जाने, दोहरे पंजीकरण को रोकने, मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारने, मतदाताओं को जागरूक करने एवं घर-घर जाकर मतदाता सूची सत्यापन कार्य में बीएलओ की मदद करते हैं। बैठक में पाया गया कि समाजवादी पार्टी एवं अन्य दलों द्वारा किसी भी बीएलए को नियुक्त किए जाने की सूचना उपब्ध नहीं कराई गई है, वहीं बीएसपी ने इस संबंध में उत्कृष्ट कार्य किया है। बीजेपी को कुछ विधानसभाओं में और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। डीईओ ने राजनैतिक दलों से आग्रह किया कि वह बूथ लेबिल एजेंट की नियुक्ति कर सूचना उपलब्ध कराएं। बीएलए मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाए रखने में महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है। डीप्टी डीईओ पंकज कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर समय-समय पर चलाए गए विशेष अभियान के परिणामस्वरूप जिले में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि होने के साथ ही जेण्डर रेशियो में भी सुधार देखने को मिला है। जिले में 10 मार्च तक 27 लाख 85 हजार 803 मतदाता हो गए हैं, वहीं जेण्डर रेशियो 879 है, जबकि राज्य का जेण्डर रेशियो 876 है। उन्होंने बताया कि जिले में 1648 मतदान केंद्र एवं 3016 बूथ हैं। उन्होंने बताया कि मात्र मतदाता आयोग की वेबसाइट एनवीएसपी पर फार्म 06, 07, 08 के तहत किसी भी समय आनलाइन आवेदन कर सकता है। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट राम शंकर, समस्त एसडीएम, एसीएम, राजनैतिक दलों से एडवोकेट अशोक सिंह, उदयवीर सिंह लोधी, गौरव शर्मा, इदरीश मोहम्मद, नदीम गफूर, यामीन खान अब्बासी, शाकिर अंसारी उपस्थित रहे।

## घर में घुस कर छेड़खानी करने का आरोप

**सिद्धार्थनगर।** मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासनी पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर दी है जिसमें कहा है कि वह घास काटने गई थी। घर पर बेटी जिसका उम्र लगभग 17 वर्ष वह अकेली थी और सोयी हुई थी कि इसी बीच गाव का ही निवासी एक युवक गलत नियत से घर में घुस कर उसके साथ छेड़खानी करने लगा और हल्ला करने पर उसने लड़की को डंडे व थप्पड़ से मारने - पीटने लगा। इस सम्बन्ध में एसओ ओमकार कुशवाहा का कहना है कि तहरीर मिली है और मामले की जांच की जा रही है।

# सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया से सभी सरकारी खाते वापस लें उद्यमी: सीडीओ

**● क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक को दिया नोटिस**

**अलीगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह द्वारा सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की विकास भवन सभागार में समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से विभिन्न बैंक शाखाओं में 2155 आवेदन पत्र प्रेषित किए गए जिसके सापेक्ष मात्र 213 प्रकरणों पर ऋण वितरण की कार्यवाही की गई। भारतीय स्टेट बैंक की विभिन्न शाखाओं द्वारा प्रेषित 461 के सापेक्ष 183 आवेदन पत्र निरस्त किए गए, जो कि जिले में सर्वाधिक हैं। सीडीओ ने इस पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक और जिला समन्वयक भारतीय स्टेट बैंक के विरूद्ध मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन को पत्र प्रेषित किए जाने का निर्देश दिया गया।

सीडीओ ने निरंतर कई बैठकों में प्रतिभाग न करने एवं सीएम युवा उद्यमी योजना में रुचि न लेने पर सेंट्रल बैंक आफ इंडिया में संचालित सभी विभागीय खातों को वापस लिए जाने के निर्देश देते हुए हुए सभी शाखा प्रबंधकों को हिदायत दी कि यह योजना माननीय मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता में शामिल है। इसके लिए मुख्यमंत्री स्वयं सभी मंडलों में जाकर योजना से संबंधित कार्यक्रम कर रहे हैं उनके द्वारा प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में 25 मार्च 2025 को सीएम युवा उद्यमी विकास योजना का वृहद ऋण वितरण शिविर भी जिले में आयोजित किया जाएगा। समीक्षा में पाया गया कि अनेक बैंक शाखाओं में आवेदन पत्र स्वीकृति के उपरांत वितरण के लिए काफी लंबे समय से लंबित हैं। ऐसे शाखा प्रबंधकों को चेताते हुए निर्देशित किया कि उक्त कार्य शासकीय कार्य में बाधा के रूप में माना जाएगा और यदि 25 मार्च 2025 तक स्वीकृतियों के



सापेक्ष शत-प्रतिशत ऋण वितरण नहीं किया गया तो संबंधित शाखा प्रबंधक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अनुपस्थित शाखा प्रबंधकों से स्पष्टीकरण प्राप्त किए जाने के निर्देश भी अग्रणी जिला प्रबंधक को दिए गए। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला समन्वयक भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक सहित अनेक शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक का संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग वीरेंद्र कुमार द्वारा किया गया।

## शहर के कचरे से बनी खाद जल्द पहुंचेगी घर-घर

**खुले में कचरा ले जाने वाले वाहनों पर नगर आयुक्त ने सख्ती से लगाया प्रतिबंध**

आने वाले दिनों में अलीगढ़ के नगरीय क्षेत्र में निकलने वाले रोजाना के कचरे से बनी खाद शहर के घर घर बनी नर्सरी के साथ साथ उद्यान विभाग कृषि विभाग अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के हॉर्टिकल्चर डिपार्मेंट, किसानों और नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा पौधरोपण के लिए बहुत ही रियायती दरों पर मिलने वाली है। नगर आयुक्त विनोद कुमार ने सुस्ती में चल रहे ए0टू0ज़ेड0 प्लांट को दोबारा से आत्मनिर्भर बनाने की कवायद शुरू कर दी है। मंगलवार को ए0टू0ज़ेड0 प्लांट का निरीक्षण करने पहुँचे नगर आयुक्त ने आग लगने की संभावना को देखते हुए अग्निशमन उपाय का भौतिक सत्यापन किया उन्होंने ए0टू0ज़ेड0 प्लांट की 220 मीट्रिक टन कैप्सिटी को बढ़ाने के लिए भी कहा रोज़ाना लगभग 500 से 550 मीट्रिक टन निकलने वाले कचरे के सापेक्ष 220 एमटी के निस्तारण करने से लिगेसी वेस्ट की मात्रा बढ़ रही नगर आयुक्त ने कहा अलीगढ़वासियो के लिए गर्व का विषय है।

# उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की मिली जुली संस्कृति पर आधारित होगा बिठूर महोत्सव, सभी तैयारियां पूर्ण

**● - 1857 की स्वतंत्रता क्रांति में प्रयोग किए गए शस्त्रों की लगेगी प्रदर्शनी**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की मिली -जुली संस्कृति पर आधारित आगामी 'बिठूर महोत्सव' की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम 21 से 23 मार्च, 2025 तक होना है, जिसके लिए जिला प्रशासन कई दिनों से तैयारी कर रहा था। कार्यक्रम 21 मार्च को पूर्वाहन 11:00 बजे से शुरू होगा। 21 मार्च को स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें नृत्य, रंगोली, स्लोगन /कला प्रतियोगिता शामिल हैं, का 11:00 बजे से 2:00 बजे तक आयोजन किया जाएगा। अपराह्न 4:00 बजे मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह द्वारा प्रज्वलन कर उद्घाटन किया जाएगा। इसके उपरांत कानपुर कथक कला केंद्र द्वारा गणेश वंदना व गंगा अवतरण से सम्बंधित कार्यक्रम, प्रिंस डांस ग्रुप द्वारा भगवान कृष्ण से संबंधित व भारतीय तिरंगा से सम्बंधित प्रस्तुति , रमाक्षीर सागर, पुणे द्वारा 'गोदावरी से गंगा- जमुना तक' पर आधारित लोकगीत प्रस्तुत किया जाएगा। शाम 7:00 बजे से विनोद कुमार द्विवेदी एवं आयुष द्विवेदी द्वारा ध्रुपद गायक व सबसे रोमांचक 8:00 बजे से प्रारंभ होने वाली भजन संध्या होगी, जिसे पद्मश्री भजन सम्राट अनूप जलोटा द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।




22 मार्च को विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य, गायन एवं लघु नाटिका का मंचन,कुशान पटेल ग्रुप द्वारा क्विज कार्यक्रम, स्थानीय कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति, श्री राम कला केंद्र द्वारा रामायण आधारित नाट्य प्रस्तुति व अंत में 8:00 बजे से बहु प्रतीक्षित विराट अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

वहीं,23 मार्च को मराठा ग्रुप द्वारा ऐतिहासिक शस्त्रों को चलाने का प्रस्तुतीकरण एवं नाना राव पेशवा के जीवन पर व्याख्यान, अभय जी मांडके,इंदौर के द्वारा गीत रामायण प्रस्तुतीकरण, जीवन धर्माधिकारी मराठा ग्रुप द्वारा देशभक्ति गीत गायन, वीडियो क्लिप के माध्यम से बिठूर की संस्कृति एवं महोत्सव की झलकियां,जीवन धर्माधिकारी मराठा ग्रुप द्वारा देशभक्ति गीत एवं उसका विमोचन तथा नाना राव पेशवा के चरित्र की डॉक्यूमेंट्री, छात्रों एवं मराठाओं के द्वारा 1857 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के द्वारा प्रयुक्त शस्त्रों का प्रदर्शन, मराठा रेजीमेंट द्वारा मलखंभ की प्रस्तुति, मोहन मिश्र, हरिहरपुर घराना, आजमगढ़ द्वारा रानी लक्ष्मीबाई का व्यक्तित्व एवं बिठूर कानपुर का इतिहास के संबंध में प्रस्तुति, मराठा रेजीमेंट द्वारा बैंड वादन एवं अंत में मुख्य अतिथि का के उद्बोधन के साथ गंगा अर्चना एवं कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की जाएगी। बिठूर महोत्सव में कवि हरिओम पवार, डॉ सुनील जोगी, प्रवीण शुक्ला, शशिकांत यादव, कमलेश शर्मा, अभय निर्भीक, शबीना अदीब, हेमंत पाण्डेय, शिवशरण बंधु, शंभू शिखर व मुकेश श्रीवास्तव काव्य मंचन करेंगे।

# पशु क्रूरता की रोकथाम के लिए डीएम ने की बैठक

**● -घायल जीव जंतुओं को एसपीसीए के अस्पताल में पहुंचाएं**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के अध्यक्षता में पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम के लिए समिति (एस.पी.सी.ए.) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों को पशुओं के प्रति होने वाले अत्याचार को रोकने के ठोस प्रयास किए जाने के निर्देश दिए । एस.पी. सी. ए. घायल जीव - जंतुओं, पशु - पक्षियों का बेहतर इलाज कराते हुए उन्हें उक्त संस्था द्वारा बनाये गए निवास स्थल में रखा जाये। जिलाधिकारी ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी घायल जीव -जंतुओं, पशु -पक्षियों को एस.पी. सी. ए. द्वारा बनाये गए अस्पताल में पहुंचा सकते हैं, जहाँ उनका संस्था द्वारा बेहतर इलाज किया जायेगा।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि इच्छुक लोग उक्त संस्था के द्वारा स्वस्थ किये गए जीव - जंतुओं व पशु को रायपुरवा थाना के बगल में बने एस.पी. सी. ए. द्वारा निर्मित भवन से गोद ले सकते हैं। लोग अन्य किसी भी जानकारी के लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने समिति की बैठक में उपस्थित न होने वाले सदस्यों को हटाते हुए नए कर्मठ लोगों को समिति में शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग से घायल जीव- जंतु और पशु -पक्षियों के लिए कई इंडोर हॉस्पिटल का निर्माण करने के भी निर्देश दिए, उल्लेखनीय है कि उक्त संस्था का अस्पताल,लाल बंग्ला में अवस्थित है। गौरतलब है कि संस्था का रजिस्ट्रेशन 2015 में हुआ था।संस्था के प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी व उपाध्यक्ष वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नगर आयुक्त, जिला वन अधिकारी,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत सदस्य हैं।

# संक्षिप्त ख़बरें

## भुवनेश्वर से लाये गए 20 किलो गांजा समेत दो गिरफ्तार मुख्य सप्लायर व स्थानीय विक्रेता की तलाश में जुटी पुलिस



**कानपुर।** थाना किदवई नगर पुलिस और सेंट्रल क्राइम टीम ने 20 किलो गांजा सप्लाई की एक बड़ी खेप को पकड़ कर दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जब कि दो लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। मार्केट में इस गांजे की कीमत चार लाख रुपए बताई गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त दक्षिण आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि यहां पर गांजे की सप्लाई ज्यादातर उड़ीसा भुवनेश्वर से होती है। ये लो या तो ट्रक में गांजा छिपा कर लाते हैं या भुवनेश्वर से कानपुर होकर दिल्ली जाने वाली ट्रेन से लेकर आते हैं। इसी सूचना पर हमारी सेंट्रल क्राइम टीम काम कर रही थी। श्रीतम स्वाई नाम का एक व्यक्ति जो भुवनेश्वर के बड़े सप्लाय का ख़ास आदमी है ये एक सूटकेस में 20 किलो गांजा लेकर तेजस ट्रेन से उतरा और किदवई नगर स्थित कंजर पुरवा छोटू नाम के एक व्यक्ति को सप्लाई देने पहुंचा। छोटू वहां नहीं था अतः छूटू की पत्नी पिंकी ने यह गांजा रिसीव किया। पुलिस ने रंगे हाथों इन दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस छोटू और मुख्य सप्लायर की तलाश कर रही है।

## सलिल विश्नोई सीएसए यूनिवर्सिटी के प्रबंध परिषद परिषद के सदस्य बने



कानपुर। विधायक सलिल विश्नोई को सभापति, विधान परिषद, उ0 प्र0 द्वारा चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर की प्रबन्ध परिषद का सदस्य बनाया गया है। उ0प्र0 विधान परिषद की बैठक में माननीय सभापति, विधान परिषद द्वारा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, विधायक एवं विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर की प्रबन्ध परिषद का सदस्य नामित किया गया।

## प्यार से इंकार पर दबंग की प्रताड़ना से जहर खाकर किशोरी ने दी जान

**कानपुर।** जबरन प्यार कराने की दबंग की इच्छा एक किशोरी की असमय मौत का कारण बन गई । उसने इसी दबंग की प्रताड़ना से भयभीत होकर मौत को गले लगा लिया। उसने जहर खा लिया, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था ,जहां उसने इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक किशोरी के घर से बाहर जाने के दौरान यह दबंग उससे फोन पर बात करने के लिए भी दबाव डालता था और बात नहीं मानने पर बदनाम करने की धमकी भी दे रहा था। घटना की सूचना के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पुलिस ने जांच के साथ आरोपी की तलाश भी शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार बिल्हौर के खजूरी कला गांव निवासी किसान की बेटी क्लास 7 में पढ़ती थी। मौके पर पहुंची पुलिस को पिता ने बताया कि गांव में ही रहने वाला सत्येंद्र राठौर आए दिन बेटी को फोन करके परेशान करता था। सूत्रों की माने तो दबंग उसे खुद से प्यार करने के लिए धमकता भी था। इसी इरादे से वह से फोन पर बात करने का भी दबाव बनाता था। पिता के मुताबिक जब बेटी ने बात करने से इनकार किया तो वह उसके स्कूल के रास्ते में रोकने लगा और जबरन बात करने का दबाव बनाता था। इससे बेटी काफी सहम गई और उसने जहर खा लिया। फिलहाल पुलिस घटना की जांच के साथ आरोपी की भी तलाश कर रही है।

## सड़कों पर आवारा पशु, बढ़ रहीं दुर्घटनाएं, प्रशासन मौन



**जौनपुर।** आवारा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। ब्लॉक मछलीशहर के तिलौरा गांव स्थित पेट्रोल पंप और एन.एच. 731क्क पर घूमते मवेशियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर घूम रहे आवारा पशुओं से दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अचानक मवेशियों के सामने आ जाने से वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे हादसे हो रहे हैं।ग्रामीणों ने नगर निगम व जिला प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही आवारा पशुओं को सड़कों से नहीं हटाया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## निरीक्षण करने पहुंचे चेयरमैन विनोद कुमार जायसवाल अधिशासी अधिकारी चंदन सिंह गौड़



**रामपुर( जौनपुर)** नगर पंचायत रामपुर में चेयरमैन विनोद कुमार जायसवाल व अधिशासी अधिकारी चंदन सिंह गौड़ ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना से कराए जा रहे सी सी सड़कों कार्यो का निरीक्षण करने पहुंचे चेयरमैन विनोद कुमार जायसवाल अधिशासी अधिकारी चंदन सिंह गौड़ ने वार्डो में चल रहे विकास कार्य का निरीक्षण कर कार्य कर रहे हैं ठेकेदारों निर्देश देते हुए कहा कि आप भी सरकार के मन्सा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य करें अगर किसी भी प्रकार की कार्य में गुणवत्ता की कमी पाई गई तो आवश्यक जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी गुणवत्ता पूर्ण कार्य करिए किसी प्रकार की कमी को कत्तई बर्दाश्त नहीं करेंगे जो भी कार्य का स्टीमेट है उसी के अनुसार आप कार्य करिए चेयरमैन विनोद कुमार जायसवाल व अधिसाशी अधिकारी चंदन सिंह गौड़ ने कार्य को देख कर प्रंशसा जाहिर किए उनके साथ उपस्थित रहे वरिष्ठ लिपिक मनीष कुमार मिश्रा एवं मनीष शुक्ला व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद में मस्त जनमानस मच्छरों से बुरी तरह त्रस्त

**शाहगंज, जौनपुर।** एक तरफ सरकार जहां स्वच्छ भारत अभियान का ढोल पीट रही है वहीं दूसरी तरफ स्थानीय नगर पालिका प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है । जनता की दुश्वारियों और समस्याओं से दूर-दूर तक उसका कोई लेना देना नहीं है। इसका जीता जागता उदाहरण नगर में बढ़ रही मच्छरों की फौज से है। न तो नगर पालिका प्रशासन द्वारा गलियों और मोहल्लों में फॉगिंग कराई जा रही है नहीं एंटी लारवा दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है जिससे पूरा नगर जबरदस्त मच्छर जनित बीमारियों की चपेट में है।

संपूर्ण नगर में मलेरिया, चिकनगुनिया और डेंगू जैसी घातक बीमारियां तेजी से अपने पांव पसार रही हैं और लोगों को अपने आगोश में ले रही है फिर भी नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहा है। नगर के कई इलाकों में मच्छरों के काटने से बुखार और त्वचा संक्रमण के मामले तेजी से उभर कर सामने आए हैं। स्थानीय रह वासियों से पूछने पर उन्होंने बताया की मच्छरों की भारी फौज के कारण रहना दूभर हो गया है। तथा स्थानीय प्रशासन इस दिशा में कोई भी सकारात्मक कदम नहीं उठा रहा है जिससे गंभीर संक्रामक बीमारियों की आशंका बनी हुई है।

## डिलीवरी के दौरान जान का खतरा बताकर जबरन कर दिया जाता है ऑपरेशन

**जौनपुर।** प्रसव के दौरान सामान्य डिलीवरी की संभावना होने के बावजूद सरकारी अस्पताल से लेकर निजी अस्पतालों में महिलाओं को जान का खतरा बताकर जबरन सिजेरियन ऑपरेशन कराना अब आम बात हो गई है मरीज के परिजनों का आरोप है कि सरकारी अस्पताल से लेकर निजी अस्पतालों में भी महिलाओं को डराकर ऑपरेशन कर दिया जाता है, जबकि कई मामलों में नॉर्मल डिलीवरी संभव होती है। मरीजों के परिजन बताते हैं कि अस्पताल में भर्ती होते ही डॉक्टर सामान्य डिलीवरी के बजाय ऑपरेशन की सलाह देने लगते हैं।स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के कारण यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। मरीज के परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग से इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि महिलाओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले अस्पतालों पर रोक लगाई जा सके। सामाजिक संगठनों ने इस मामले की जांच की मांग करते हुए कहा है कि अस्पतालों को ऑपरेशन की सही वजह स्पष्ट करनी चाहिए और बिना आवश्यकता के किए जा रहे सिजेरियन पर रोक लगनी चाहिए।अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है और महिलाओं के स्वास्थ्य अधिकारों की सुरक्षा के लिए क्या कार्रवाई की जाती है।

# SOG टीम पर उत्पीड़न, अवैध छापेमारी और तोड़फोड़ के आरोप, पीड़ित परिवार ने न्याय की लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** SOG (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) टीम के कुछ पुलिसकर्मियों पर अवैध छापेमारी, तोड़फोड़, मानसिक उत्पीड़न और धन वसूली के गंभीर आरोप लगे हैं। यह आरोप राष्ट्रीय ओलमा काउंसिल से जुड़े गुरैनी गांव निवासी सनाउल्लाह पुत्र मुश्ताक अहमद और उनके परिवार ने लगाए हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उनके परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने, घर में तोड़फोड़ करने और अवैध वसूली के लिए धमकाने जैसी घटनाएं लगातार की जा रही हैं।

**पीड़ित परिवार ने लगाए गंभीर आरोप–** परिवार का आरोप है कि स्ह्त्न टीम के कुछ सक्रिय पुलिसकर्मी, जिनमें औरंगजेब, रामजन्म यादव, संदीप समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल हैं, उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। सनाउल्लाह का कहना है कि जिस मुकदमे में उनकी तलाश की जा रही थी, उसमें उनका नाम तक शामिल नहीं था, इसके बावजूद पुलिसकर्मियों ने उनके परिवार को लगातार अवैध रूप से परेशान करना शुरू कर दिया।

**अग्रिम जमानत के बावजूद पुलिस की दबंगई–** पीड़ित पक्ष के मुताबिक, सनाउल्लाह ने माननीय सत्र न्यायालय, जौनपुर से अग्रिम जमानत प्राप्त कर ली थी और इस संबंध में अधिवक्ता ने थाना पुलिस को सूचित भी कर दिया था। इसके बावजूद स्ह्त्न टीम देर रात घर पर छापेमारी करती रही, परिवार की महिलाओं के साथ अभद्र भाषा और गाली-गलौज की गई और अवैध धन की मांग भी की गई। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि छापेमारी के दौरान पुलिसकर्मियों ने घर में तोड़फोड़ की, दुकान के सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर तक तोड़ दिए ताकि कोई सबूत न बचे। इतना ही नहीं, जब परिवार ने उनकी मांग पूरी करने से इनकार कर दिया तो अन्य झूठे मुकदमों में फंसाने और जीवन बर्बाद करने की धमकी दी गई।

**पीड़ित परिवार मानसिक अवसाद में, पुलिस पर छवि खराब करने का आरोप**

पीड़ित परिवार का कहना है कि इस तरह की अवैध कार्रवाई से वे गहरे मानसिक तनाव में हैं और हर समय जान-माल का खतरा बना रहता है। इस तरह की पुलिसिया हरकतों से जनता में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा हो रहा है। पीड़ितों ने कहा कि यह न केवल एक परिवार का उत्पीड़न है, बल्कि कानून-व्यवस्था की छवि को भी धूमिल करने वाला कृत्य है।

**भतीजे की गिरफ्तारी के बाद भी नहीं रुका उत्पीड़न–** परिवार के अनुसार, सनाउल्लाह के भतीजे सादिक को सरायख्वाजा थाने में दर्ज अपराध संख्या 43/25 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। लेकिन इसके बावजूद, स्ह्त्न टीम के कुछ पुलिसकर्मी लगातार उनके घर पर छापेमारी करते रहे और अवैध वसूली के लिए दबाव बनाते रहे।

**अवैध छापेमारी में नहीं रहता स्थानीय थाना और विवेचक की मौजूदगी–** सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन छापेमारियों के दौरान न तो स्थानीय थाना पुलिस मौजूद रहती है और न ही विवेचक। इससे साफ जाहिर होता है कि यह पूरी कार्रवाई स्ह्त्न टीम के कुछ सदस्यों द्वारा निजी स्वार्थ में की जा रही है।

**पीड़ित परिवार ने प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार–** लगातार हो रहे मानसिक उत्पीड़न, अवैध छापेमारी, सार्वजनिक अपमान और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियों से परेशान पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

**पीड़ित पक्ष ने प्रशासन से निम्नलिखित मांगें की हैं–** SOG टीम द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न को तुरंत रोका जाए और सनाउल्लाह व उनके परिवार को सुरक्षा दी जाए। पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि किसी निर्दोष व्यक्ति या उसके परिवार को झूठे मुकदमों में न फंसाया जाए और न ही उन्हें अवैध रूप से प्रताड़ित किया जाए।



**न्याय न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी**

पीड़ित परिवार ने कहा कि अगर उन्हें जल्द से जल्द न्याय नहीं मिला और स्ह्त्न टीम के दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो वे न्याय के लिए उच्च अधिकारियों और कोर्ट का रुख करेंगे। इसके अलावा, राष्ट्रीय ओलमा काउंसिल और अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई है। कानून-व्यवस्था पर सवाल, पुलिस की छवि दांव पर इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पुलिस का काम जनता की सुरक्षा और न्याय दिलाना है, न कि अवैध वसूली और उत्पीड़न करना। इस तरह की घटनाएं न केवल न्याय प्रक्रिया का उल्लंघन हैं, बल्कि कानून व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करती हैं। अब देखना यह होगा कि पुलिस प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए क्या कार्रवाई की जाती है।

# दो घरों में भीषण चोरी- 20 लाख की संपत्ति पर हाथ साफ, 48 घंटे बाद भी नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**● -पाली गांव में चोरी, पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल**

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर** के मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव में 17 मार्च 2025 की रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर करीब 20 लाख रुपये की नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के 48 घंटे बीत जाने के बावजूद पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया, जिससे पीड़ित परिवार न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

**रात 2 बजे दिया वारदात को अंजाम**

पीड़ित जयप्रकाश यादव (पुत्र स्व. रामरथि यादव) और अमरनाथ यादव (पुत्र स्व. रामराज यादव) 17 फरवरी,की रात करीब 2:00 बजे पहले जयप्रकाश यादव के घर चोरी हुई, फिर चोरों ने अमरनाथ यादव के घर को निशाना बनाया। चोरी का पता चलते ही 112 नंबर पुलिस को सूचना दी गई और मड़ियाहूं कोतवाली को भी सूचित किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई जयप्रकाश यादव के घर से सोने के आभूषण- 2 चैन, 1 हार, 6 अंगूठी, 1 जोड़ी बाला, 2



झाली, 1 मांगटीका, 2 लॉकेट, 2 कंगन चांदी के आभूषण- 1 कड़ा (500 ग्राम), 1 जोड़ी पायल, 6 जोड़ी मीना नकदी- ?2,53,000 तथा अमरनाथ यादव के घर से सोने की 1 चैन, 1 झुमका, 2 लॉकेट, 3 अंगूठी, 1 हार, 2 कंगन चांदी की 1 करधनी (1 किलो), 1 जोड़ी पैजनी, 2 जोड़ी पायल, 6 जोड़ी मीना और नकदी- ?21,000 चोरी हुआ है स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, क्षेत्र में सक्रिय सावन गैंग का इस चोरी में शामिल होने का संदेह जताया जा रहा है। बावजूद इसके, पुलिस अब तक चोरों तक नहीं पहुंच पाई है।पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से जल्द मुकदमा दर्ज कर चोरी की जांच कराने और चोरों को गिरफ्तार कर लूटा गया सामान वापस दिलाने की मांग की है। अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले में कब तक कार्रवाई करती है और पीड़ितों को न्याय कब मिलेगा।

# RHI के मैनेजर राहुल राजभर ने भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह से की शिष्टाचार भेंट

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** रॉयल हेल्थ इंडिया (RHI) के मैनेजर राहुल राजभर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नव-नियुक्त मछलीशहर जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह से भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर बधाई दी। यह शिष्टाचार मुलाकात सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जहां दोनों के बीच संगठनात्मक, सामाजिक और क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ।

**नेतृत्व और संगठन को लेकर चर्चा**

मुलाकात के दौरान राहुल राजभर ने डॉ. अजय सिंह के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके अनुभव और कर्मठता से पार्टी को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. अजय सिंह के मार्गदर्शन में मछलीशहर संगठन और मजबूत होगा, जिससे भाजपा की जड़ें और गहरी होंगी। वहीं, डॉ. अजय सिंह ने भी RHI के कार्यों की प्रशंसा की और समाज में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया।

**क्षेत्रीय विकास और स्वास्थ्य सुविधाओं पर विमर्श**

बैठक के दौरान क्षेत्रीय विकास, स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक उत्थान को लेकर भी चर्चा हुई। राहुल राजभर ने बताया कि रॉयल हेल्थ इंडिया स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों को बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष को संगठन की ओर से स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और कहा कि समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए RHI प्रतिबद्ध है।



सामाजिक सरोकारों पर एकजुटता का संदेश डॉ. अजय सिंह ने भी स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय साझा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है, और इसमें स्वास्थ्य क्षेत्र की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने त्राढ्ढ की पहल को सराहा और कहा कि ऐसे संगठनों के सहयोग से समाज को और बेहतर बनाया जा सकता है।

**स्थानीय राजनीति और प्रशासनिक हलकों में चर्चा–** राहुल राजभर और डॉ. अजय सिंह की इस शिष्टाचार भेंट को लेकर स्थानीय राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा बनी रही। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस तरह की मुलाकातें सामाजिक विकास और राजनीतिक समन्वय को मजबूत करने में सहायक होती हैं। इस दौरान कई अन्य विषयों पर भी विमर्श हुआ, जिससे भविष्य में स्वास्थ्य और विकास कार्यों में बेहतर तालमेल की उम्मीद जताई जा रही है। इस मुलाकात को लेकर स्थानीय लोगों में भी उत्सुकता देखी गई, और क्षेत्र में इसे सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आगामी सत्र से शुरू होंगे नए पाठ्यक्रम

**● -भारतीय ज्ञान परंपरा, इंटीग्रेटेड एमसीए और एमएससी फूड टेक्नोलॉजी से जुड़े पाठ्यक्रमों की होगी पढ़ाई**

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कुलपति सभागार में विद्या परिषद की बैठक आहूत की गई। बैठक में विश्वविद्यालय परिसर में नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने समेत अन्य निर्णय लिए गए। विश्वविद्यालय परिसर में ऐसे पाठ्यक्रमों को शुरू करने की तैयारी है जिससे विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार मिल सके और उन्हें पढ़ने के लिए बाहर न जाना पड़े। एमसीए के चार वर्षीय इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम को परिसर में प्रारंभ करने के लिए विचार किया गया। इस पाठ्यक्रम में 12 वीं के बाद विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे। वैश्विक सॉफ्टवेयर उद्योग को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों में विशेष कौशल को विकसित करने के लिए इस पाठ्यक्रम की शुरुआत की जा रही है।

इसके साथी फूड टेक्नोलॉजी विषय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने पर सहमति दी। भारतीय ज्ञान विज्ञान को विद्यार्थियों से परिचित कराने के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा पाठ्यक्रम के अंतर्गत एक वर्षीय वैदिक ज्योतिष डिप्लोमा पाठ्यक्रम, एक वर्षीय वैदिक कर्मकांड डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं एक वर्षीय वैदिक वास्तु शास्त्र डिप्लोमा पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय परिसर में संचालन करने हेतु अध्ययन परिषद ने सहमति दी है। उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देशों के क्रम में विश्वविद्यालय और उनसे संबद्ध महाविद्यालय में स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध कोर्सेज को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने हेतु अध्ययन परिषद के संयोजकों द्वारा स्वयं पाठ्यक्रम पर चर्चा की गई।इसके साथ ही शोध निदेशक बनाए जाने हेतु गठित समिति की संस्तुतियों पर विभिन्न विषयों के 84 शोध निर्देशक बनाए जाने पर सहमति दी गई। बैठक का संचालन कुलसचिव महेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. मानस पांडे, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो.राजेश सिंह,प्रो.सौरभ पाल,प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. श्रीश कुमार सिंह, प्रो. संदीप सिंह, प्रो.अविनाश पाथर्डीकर, उप कुलसचिव बबीता सिंह समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# रमज़ान के रोज़े हमे मजबूत इच्छाशक्ति प्रदान करता है-मौलाना राफ़े

**● -कहा वैज्ञानिक दृष्टि से भी रोज़े सेहत के लिए फायदेमंद**

स्वतंत्र प्रभात

**शाहगंज,जौनपुर।** रमज़ान का पवित्र माह अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत और बुराइयों को दूर,बलिदान आदि की सीख देता है। उक्त बातें नगर के नजीराबाद निवासी मौलाना राफ़े ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। एक सवाल के जवाब में मौलाना राफ़े ने कहा की रमज़ान के रोज़े की हालत में अगर कोई गलती से कुछ खा लेता है तो उसका रोज़ा नही टूटता है।दूसरी बात अगर कोई भी ऐसी चीज़ जो हलक तक चली जाय उससे रोजा टूट जाता है।जैसे आंख, नांक में दवा डालने से रोजा टूट जाता है।इन्होंने आगे कहा की इस्लाम दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म है।जब धरती पर आदमअल्हिस्लाम को धरती पर ईश्वर के द्वारा भेजा गया था।तभी से इस्लाम आचुका था।हमारे आखरी पैगम्बर मोहम्मद साहब जो 1400 सौ साल पहले



आये तभी से कुछ भ्रंतिया फैल गयी की इस्लाम सिर्फ 1400 वर्ष पुरानी है जो सही नही।

श्री राफ़े ने कहा की रमज़ान में रोजे की हालत में दिन में हम बिस्तरी करने से रोजा टूट जाता है।हाँ इतना है की रात के शहर से पहले हमबिस्तर होने और सुबह नहा लेने से रोज़ा बरकरार रहता है। रमज़ान का महीना रहमतों और बरकतों का महीना है इस पवित्र माह में अल्लाह अपने बन्दे की हर जायज़ मुराद पूरी करता है और गुनाहों की तौबा करने से माफ फरमाता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### भदपुरा के तीन पूर्व ग्राम प्रधानों एवं सचिवों आया वसूली का नोटिस

**बरेली**/ब्लॉक भदपुरा के अंतर्गत वर्ष 2017-18 में ग्राम प्रधानों द्वारा विकास को आई धनराशि खाते से निकलने के बाद उसके उपयोग करने का विवरण शासन को उपलब्ध न कर अपने के बाद बार-बार रिकॉर्ड मांगने पर नहीं दिया गया तो जिलाधिकारी द्वारा वसूली का नोटिस ग्राम पंचायत गुलरिया महीपत के ग्राम प्रधान गुरु प्रकाश सचिव विपिन सक्सेना। 509256.00 ग्राम पंचायत धीमरी के प्रधान जगदीश प्रसाद सचिव विपिन सक्सेना एवं राम सारे लाल पर 370268.50 रुपए के साथ ग्राम पंचायत मटका पुर के ग्राम प्रधान इंद्रपाल सिंह सचिव विपिन सक्सेना756524.50 रुपए के गबन का आरोप है इन ग्राम पंचायत पर सरकारी धन के दुरुपयोग करने उपयोग किए गए पैसे के खर्च का बुरा उपलब्ध न करने को लेकर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी भदपुरा को नोटिस भेज कर सरकारी खाते में उपरोक्त धनराशि जमा करने का निर्देश जारी किया है इसको लेकर अफरा तफरी मची है।

### जंगल से निकल कर ग्रामीण इलाकों में घूम रहे बाघ फिर किया गोवंश का शिकार



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** ग्राम ककरहा मे लाल बहादुर यादव के खेत मे बाघ ने एक और गोवंश का शिकार कर , क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। इसके कुछ दिन पहले भी आंवला जंगल से निकलकर बाघ ने एक गोवंश का शिकार किया था वहीं आज फिर उसी तरह की घटना सामने आई है।चंद दिनों में ग्राम ककरहा में बाघ द्वारा दूसरी बार शिकार किये जाने से आस पास के गावों मे लगातार दहशत का माहौल बना हुआ है जिसकी वजह से ग्रामीण गन्ना छीलने वा तिलहन काटने के लिए खेतों में जाने से डरने के कारण एक बड़ी समस्या बनी हुई है। किसान नेता संग्राम सिंह का कहना है कि मिल बन्द होने को है गन्ने की छिलाई ढूलाई कैसे हो व तिलहन कैसे काटा जाए क्योंकि खेतों में तो बाघ टहल रहा है। कब किसको शिकार बना ले कोई नहीं जनता आये दिन लगातार बाघ की चहलकदमी से ग्रामीण इलाकों में दहशत बनी हुई है। खेतो में काम करना मुश्किल होता जा रहा है किसान नेता संग्राम सिंह के द्वारा जानकरी दिए जाने पर वन विभाग से वन रक्षक नरेन्द्र वर्मा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से सावधानी बरतने को कहा अकेले खेतो की तरफ ना जाने की सलाह दी।

### केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार एवं केंद्रीय मदिरा भंडार का फीता काटकर किया शुभारंभ



**पलियाकलां-( खीरी)**39वीं वाहिनी में नवीनीकृत केन्द्रीय पुलिस कल्याण भण्डार एवं केन्द्रीय मदिरा भण्डार का शुभारम्भ दिनांक 18.03.2025 को 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, पलिया के परिसर में कमांडेंट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी द्वारा नवीनीकृत केन्द्रीय पुलिस कल्याण भण्डार एवं केन्द्रीय मदिरा भण्डार का रिबन काटकर विधिवत शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर कमांडेंट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि इन भण्डारों के नवीनीकरण का मुख्य उद्देश्य वाहिनी के कार्मिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। नवीनीकरण के पश्चात इन भण्डारों में आवश्यक दैनिक उपभोग की वस्तुएं, खाद्य सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध होंगे, जिससे वाहिनी के कार्मिकों को सहूलियत होगी । इस शुभारम्भ कार्यक्रम के दौरान 39वीं वाहिनी के अन्य अधिकारीगण सुरेश शर्मा (द्वितीय कमान अधिकारी), विजेयेंद्र कुमार (उप-कमांडेंट), नीरज कुमार सिंह (उप-कमांडेंट), श्रीमती श्वेता थापा (उप-कमांडेंट) एवं भागीरथ लावा (उप-कमांडेंट) सहित वाहिनी के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर कमांडेंट महोदय ने सभी कार्मिकों से आह्वान किया कि वे इन सुविधाओं का सदुपयोग करें तथा इनका रखरखाव सुनिश्चित करें ताकि ये व्यवस्थाएं दीर्घकालिक रूप से लाभकारी बनी रहें।

# महज सफेद हाथी बनकर रह गए लाखों की लागत से बने पंचायत भवन

● जनपद के अधिकांश पंचायत भवनों पर लटक रहे तले अपने निजी कार्यालय अथवा प्रधान के घर से संचालित हो रहे पंचायती कार्य

पंचायत सचिवों की मनमानी आई सामने पंचायत सहायकों की बजाय अपने निजी प्राइवेट कर्मचारियों से काम करा रहे पंचायत सचिव

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए ग्राम पंचायत में बने पंचायत भवन, दर-दर की ठोकरे खाने को विवस ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** सरकार द्वारा जनपद की 1165 ग्राम पंचायत में करोड़ों रुपया खर्च कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत भवनों का निर्माण कराया था सरकार की स्पष्ट मनसा थी कि ग्राम सभा निवासियों को अपने जरूरी कार्यो जैसे आय जाति निवास प्रमाण पत्रों, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य तमाम कार्यो के लिए जिला मुख्यालय या अन्य कहीं दौड़ना ना पड़े पंचायत के निवासियों को उक्त सारी सुविधाएं ग्राम पंचायत में बने पंचायत भवनों पर मुहैया कराई जा सके. इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में बने पंचायत भवन पर वाईफाई कनेक्शन, फर्नीचर,कंप्यूटर,आदि की खरीदारी के साथ पंचायत सहायकों की नियुक्ति भी की गई थी लेकिन ग्राम प्रधान और पंचायत सचिवों की मनमानी और भ्रष्टाचार के चलते सरकार की मनसा हकीकत के धरातल पर दम तोड़ती देखी जा रही है बताते चले जिले की 1165 ग्राम पंचायत में लाखों की लागत से बने यह पंचायत भवन भ्रष्टाचार की भेट चढकर रह गए लोगों के लिए यह पंचायत भवन सिर्फ सफेद हाथी ही साबित हो रहे हैं इसकी निगरानी के लिए नियुक्त योगी के उपयोगी अधिकारी खंड विकास अधिकारी एवं पंचायत राज अधिकारी को यह सब दिखाई नहीं पड़ रहा है या फिर वह सब कुछ जानने के बाद भी एक बड़े भ्रष्टाचार के खुलासे के भय से अंजान बने बैठे सरकार की मनसा पर पानी फिरते देख रहे हैं बताते चलें कि जनपद खीरी की पंचायती राज व्यवस्था की बदहाली का आलम यह है कि पूरा तंत्र भ्रष्टाचार के आकठ में डूबा नजर आ रहा है जिसकी एक बां नगी दिखाने के लिए हम आपके जनपद के 15 ब्लॉकों की 1165 ग्राम पंचायत की ओर ले चल रहे हैं जहां पर लाखों की लागत से बनाए गए मानक विपरीत पंचायत भवनों में से अधिकांश पंचायत भवनों में अरसे से ताले लटकते देखे जा रहे हैं और इनमें रखी जाने वाली समस्त सामग्री पंखा वाईफाई, कंप्यूटर, फर्नीचर,सहित अन्य सामग्री ग्राम प्रधानों के घर की शोभा बढ़ाती देखी जा सकती हैं जिले के एक दो नहीं सैकड़ो पंचायत भवन ऐसे भी हैं जिनमें बिजली कनेक्शन और शौचालय पर पानी की टंकी व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था तक नहीं है सूत्र बताते हैं कि अधिकांश पंचायत घर पर अरसे से जड़े ताले न खुलने के चलते उक्त पंचायत भवन आज जंगल झाड़ी में तब्दील होकर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाते हुए पंचायती राज व्यवस्था की बदहाली की दास्तां बयां करते नजर आ रहे हैं

कागजों पर चुस्त दुरुस्त चल रही यह व्यवस्था आंकड़ों की बाजीगरी में भले ही







सरपट दौड़ रही हो पर जमीन पर यह बदहाली भ्रष्टाचार और जिम्मेदारों के लापरवाही पूर्ण कार्यशैली व उदासीन रवैया की पोल खोलती नजर आ रही है पंचायत भवनों की जमीनी हकीकत और इन पर मिलने वाली सुविधाओं की जमीनी पड़ताल को निकली अमर भारती दैनिक समाचार पत्र की टीम को नजारा कुछ और ही नजर आया अधिकांश पंचायत भवनों पर लटकता मिला ताला कई पंचायत भवन जो खुले मिले तो वहां शौचालय की स्थिति बदहाल दिखाई दी किसी पर पानी की टंकी नहीं तो किसी में बैठने की कुर्सियां ही नदारद मिली पंचायत भवन की इमारत महज शोपिस बनी खड़ी है सामान का अता पता ही नहीं है दर्जनोग्राम पंचायत के निवासी जनों के बताएं अनुसार पंचायत भवन के इमारत तो जरूर खड़ी है पर इस पर पंचायत सचिव कभी नहीं बैठते हैं और ना ही कोई सुविधा ही मिलती है पंचायत सहायक प्रधान की आओ भगत करके घर बैठे मानदेय ले रहे हैं और आम जनमानस अपने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र सहित समस्त कार्यो के लिए इधर-उधर भगत फिरता देखा जा सकता है ग्राम पंचायत के निवासी लोगों का आरोप है पंचायत अधिकारी सरकार से नियुक्त पंचायत सहायकों से काम लेने की बजाय अपने द्वारा रखें प्राइवेट कर्मियों से काम कराया जाता है और पंचायत पर कभी नहीं आते अपने घर में बनाए गए कार्यालय से सभी काम संचालित किए जाने के आरोप लगाने के साथ-साथ ग्रामीणों द्वारा पंचायत सचिव पर अपने प्राइवेट कर्मियों द्वारा प्रत्येक काम के लिए अवैध वसूली किए जाने जैसे कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं यही कारण है आज काफी पंचायत भवन मृत प्राय अवस्था व जंगल झाड़ी में तब्दील होकर रह गए हैं जिसका जीता जागता उदाहरण विकासखंड लखीमपुर की ग्राम पंचायत सोंठन में बना पंचायत भवन है जो पंचायती राज व्यवस्था की पोल खोलने को काफी है शीघ्र ही विकासखंड वार तथा ग्राम पंचायत वार पंचायत भवन के हालातो की जमीनी हकीकत की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की जाएगी साक्ष्यओं सहित अमर भारती समाचार पत्र की पड़ताल जारी रहेगी।

# नागपुर में औरंगजेब समर्थक जिहादियों ने हिंदू एवं पुलिस कर्मियों पर किए गए हमले का विरोध शुरू



● हिंदू विवाह वाहिनी द्वारा अशोक चौराहे पर जिहादियों का फूका गया पुतला।

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** हिन्दू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी विपिन मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ो हिन्दू समाज के लोग नगर के अशोक चौराहा पर एकत्र होकर नागपुर में औरंगजेब समर्थको जेहादियों द्वारा हिन्दुओं पुलिस कर्मियों पर किये गए हमले के विरोध में औरंगजेब समर्थक जेहादियों का पुतला दहन कर प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौप कर दोषियों के विरुद्ध शख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की गई।हि0यु0वा0 जिला अध्यक्ष विपिन मिश्रा ने कहा कि नागपुर में विश्वहिंदू परिषद बजरंगदल के पदाधिकारियों द्वारा शांति पूर्वक किये जा रहे प्रदर्शन के दौरान सुनयोजित तरीके से आक्रांता औरंगजेब के जेहादी समर्थको द्वारा हिन्दू समाज पुलिस कर्मियों पर किये गए हमले से हिन्दू समाज आहत हुआ है। ऐसी घटनाएं हम हिन्दू समाज के लोग कतई बर्दास्त नहीं करेंगे हम हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता माननीय प्रधानमंत्री महोदय से मांग करते हैं कि नागपुर में हिन्दू समाज पर औरंगजेब समर्थको जेहादियों द्वारा किये गए हमले गाड़ियों में तोड़ फोड़ एवं पुलिस कर्मियों पर हमला किया गया हमला करने वालों एवं इस घटना को अंजाम देने वाले सड्यंत्र कारियों पर भी कठोर से कठोर कार्यवाई हो।क्योंकि कुछ दिन पूर्व समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी द्वारा सनातनीयों का खून बहाने वाले मुग़ल आक्रांता का समर्थन किया गया था उसके बाद इन जेहादियों द्वारा ऐसी घ्रणित घटना को अंजाम दिया गया। ऐसे जेहादियों पर राष्ट्रद्रोह क़ानून के तहत कार्यवाई कर इन विधर्मियों को जेल में डाला जाय एवं उनके मकानो बुलडोजर की कार्यवाई की जाय। आज पूरा देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व का हिन्दू समाज इस घटना से आक्रोषित है। हिन्दुओं पर किये गए इस तरीके के कुठाराघात को हिन्दू समाज कतई बर्दास्त नहीं करेगा। पुतला दहन एवं ज्ञापन देते समय पीयूष जायसवाल, राजेश शुक्ला, बलवंत सिंह, जयेंन्द्र मिश्रा, मनोज कश्यप, नवीन श्रीवास्तव, योगेश मिश्रा, सुधीर गुप्ता, रिशू मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, सतीश कश्यप,अमर सिंह राठौर, अर्पित सिंह चौहान, अनिल वर्मा, सोनी मिश्रा, लवकुश कश्यप सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।फोटो 08

# सोता रहा तहसील प्रशासन, तालाब पर होता रहा पक्का अवैध निर्माण




● नगर पंचायत खीरी टाउन के तालाबों पर लगी कथित भूमाफियाओं की नजर, तालाब गाटा संख्या 71 के अधिकांश भाग को पाटकर खड़े कर लिए गए आलीशान मकान



स्वतंत्र प्रभात

**खीरी टाउन** तहसील लखीमपुर के अंतर्गत कस्बा व नगर पंचायत खीरी टाउन के मोहल्ला हर्निया टोला में स्थित तालाब गाटा संख्या 71 जो नगर पंचायत खीरी के अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज कागजात है उक्त तालाब के 30 डेसिमल भू भाग को पाट कर अवैध अतिक्रमण कर उस पर पक्का निर्माण कर लिए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है और अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खीरी व क्षेत्रीय लेखपाल सहित तहसील के जिम्मेदार मामले पर मौन साधे बैठे हैं एक तरफ जहां देश की सर्वोच्च न्यायपालिका तालाबों को अवैध कब्जा मुक्त करके उनको उनके वास्तविक आकार व स्वरूप में वापस लाने व तालाबों को संरक्षित करने का आदेश पारित करते हुए पारित आदेश का प्रभावी अनुपालन कराए जाने का आदेश प्रदेश की सरकारों को दिए जा रहे हैं और प्रदेश सरकार द्वारा समस्त जिला अधिकारी और राजस्व विभाग के जिम्मेदारों को तालाबों पर से अवैध अतिक्रमण हटवा कर तालाबों को उनके वास्तविक स्वरूप में वापस लाने के आदेश दिए जा रहे हो पर शासन के आदेशों का कोई भी असर जनपद खीरी की तहसील लखीमपुर के प्रशासन पर पड़ता नजर नहीं आ रहा है और ना ही नगर पंचायत खीरी के जिम्मेदारों पर न्यायालय के आदेश का असर दिखाईनहीं पड़ रहा है जिसके चलते कथित भूमाफिया तालाब को पाट कर उस पर प्लाटिंग व पक्का निर्माण करते देखे जा सकते हैं ताजा मामला कस्बा खीरी टाउन के हानियां टोला स्थित तालाब गाटा संख्या 71 का है सूत्र बताते हैं उक्त भूभाग पर अवैध कब्जा कर उस पर पक्का निर्माण कराए जाने का का मामला काफी अखबारी सुर्खियां बना था सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार यह कोई पहला मामला नहीं है ऐसे कई अन्य तालाबों को पाट कर अवैध तरीके से उस पर प्लाटिंग कर करोड़ों का खेल किया जा चुका है और वर्तमान में भी बेखौफ जारी है उपरोक्त मामले पर जिम्मेदार मौन सादे बैठे हैं बताते चले कि दिनांक 24 जून 2020 में तालाब खोजो और तालाब बचाओ अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा किए गए सर्वे के बाद संयुक्त टीम द्वारा दी गई अपनी रिपोर्ट में उक्त तालाब गाटा संख्या 71 पर अवैध कब्जा की पुष्टि होने की रिपोर्ट प्रेषित की थी इसके बाद उक्त अवैध कब्जों के ध्वस्तीकरण के भी आदेश होने की बात जागरूक लोगों द्वारा बताई गई थी लेकिन तहसील प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी की अवैध कबजेदारों के साथ हुई सेटिंग गेटिंग के चलते इस ध्वस्तीकरण आदेश को फाइलों में दफन कर दिया गया था जिसके चलते सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद और संयुक्त टीम द्वारा किए गए सर्वे में तालाब पर अवैध कब्जे की पुस्टि होने व ध्वस्तीकरण आदेश जारी होने के बावजूद आज तक इस तालाब से अवैध कब्जा नहीं हटाया जा सका है उक्त तालाब से अवैध कब्जा न हटाया जाना तहसील प्रशासन व नगर पंचायत प्रशासन की मिली भगत की ओर इशारा कर रहा है यही कारण है आज कथितभू माफियाओं द्वारा बेखौफ़ हो कर तालाबों का वजूद मिटाया जा रहा है और जिम्मेदार मौन सादे बैठे सब कुछ देख रहे हैं लोगों का कहना है कि यदि जिला अधिकारी खीरी ले मामले का संज्ञान और टीम गठित कर कराये जांच व करें कार्यवाही तो तालाबों के अस्तित्व को काफी हद तक बचाया जा सकता है अब देखना यह है कि नगर पंचायत खीरी व तहसील प्रशासन द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है उक्त तालाब पर से अवैध कब्जा हटवाया जाता है या यूं ही अवैध पक्के निर्माण बने रहेंगे।

**क्या कहते है जिम्मेदार-** उक्त मामले पर जब अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खैरी से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया हानियां टोला में स्थित तालाब गाटा संख्या 71 पर अवैध कब्जा अथवा पक्का निर्माण होने की उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

# इंडेन गैस प्लांट मजदूरों की मांगों पर भारतीय किसान संगठन के आगे झुका मजदूरों की जीत हुई- पंकज

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी** आज दिनांक 18/3/2025 को बेहजम रोड स्थित इंडेन गैस प्लांट के मजदूरों की प्रताड़ना और विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संगठन ने प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ÷पंकज÷ के नेतृत्व में प्लांट का घेराव किया मजदूरों ने अपनी विभिन्न समस्याएं प्रदेश अध्यक्ष के सामने रखी उन्होंने सारी समस्याओं से और तानाशाही रवैया से प्लांट मैनेजर को अवगत कराया प्लांट मैनेजर ने वार्ता करने के लिए अंदर बुलाया लेकिन किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष और मजदूरों ने अंदर जाने से मना कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ÷पंकज÷ ने कहा कि जब तक प्लांट के मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक मजदूर काम पर वापस नहीं जाएंगे जिसका जिम्मेदार प्लांट प्रशासन खुद होगा। प्लांट प्रशासन मजदूरों का उत्पीड़न कर रहा है जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लखनऊ मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि इन कर्मचारियों के सहारे ही यह प्लांट चलता है आम लोगों के घरों तक गैस पहुंचती इनका हित सर्वोपरि हैं। पूर्व जिला अध्यक्ष सद्दाम रहमानी ने कहा देश की तरक्की में मजदूरों का अहम रोल होता है। इंडेन गैस प्लांट प्रशासन अपनी हरकत से बाहर आए मजदूरों के साथ इज्जत से पेश आए। भारतीय किसान संगठन और मजदूरों की भीड़ को बढ़ता हुआ देख प्रशासन ने प्लांट मैनेजर को वार्ता करने हेतु बाहर बुलाया भारतीय किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष और मजदूरों के सामने आकर प्लांट मैनेजर ने सारी मांगों को सुना और स्वीकार किया। जिसमें मुख्य रूप से प्लांट के ड्राइवर और मजदूरों के साथ अभद्रता करना मजदूरो और ड्राइवरो पर चोरी का इल्जाम लगाना रात में ड्राइवर को रुकने की व्यवस्था न करना बाहर भगा देना बेवजह मजदूर और ड्राइवर की एंट्री बंद करना मजदूरों के ओवर टाइम का पूरा पैसा ना देना एक्सपायरी सिलेंडरो को बिना जांच के कलर करवाना और डेट बदलना जिससे आम जनता के जीवन से खिलवाड़ किया जाता है प्लांट प्रशासन द्वारा आदि मागे शामिल है। भारतीय किसान संगठन की मांगों के सामने आगे प्लांट प्रशासन झुका जिसे प्लांट प्रशासन ने माना और मजदूरों की जीत हुई।इस दौरान अशोक यादव राजेश शुक्ला शिवम सैनी इकबाल अहमद पिंटू वर्मा अंबिका वर्मा घनश्याम यादव इकलाख अहमद मून कामिल उस्मानी मनोज यादव ललित मिश्रा राजेश मिश्रा संजय गोस्वामी ज्ञानेंद्र सिंह अरुण वर्मा आदि सैकड़ो की संख्या में संगठन के लोग और मजदूर मौजूद रहे।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम ने किया वेयरहाउस का निरीक्षण

**चित्रकूट ब्यूरो-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक बाह्य एवं आंतरिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के संचालन को देखा। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए। साथ ही कमैरों को संचालित रखने तथा कैमरों के खराब होने की दशा में तत्काल बदलवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी से जिला उपाध्यक्ष आनंद पटेल, समाजवादी पार्टी से अमर पटेल, बहुजन समाज पार्टी से सोनपाल वर्मा, आम आदमी पार्टी से संतोषी लाल शुक्ला, अपना दल (सोनेलाल) के जिलाध्यक्ष रामसिया पटेल, भारतीय राष्ट्रीय कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बड़ागांव में कथित भू माफियाओं के आगे बौने साबित हो रहे योगी के आदेश


● नियम कानून को ताक पर रखकर प्रधान व लेखपाल की मिली भगत से हो रहा सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा

स्वतंत्र प्रभात

**शारदा नगर खीरी** उत्तर प्रदेश के उपयोगी सी. एम योगी आदित्यनाथ के आदेशों की किस कदर अनदेखी कर सरकारी जमीनों में ग्राम समाज, शमशान,कब्रिस्तान, खलिहान, तालाब आदि पर अवैध कब्जा का खेल ग्राम प्रधान व लेखपाल के संरक्षण में खेले जाने के आरोपों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है उक्त सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा किए जाने के मामले को लेकर जिला अधिकारी खीरी को टेलीफोनिक व थाना प्रभारी शारदा नगर को लिखित शिकायत देकर अवैध कब्जा व निर्माण रूकवाये जाने की मांग किए जाने का मामला प्रकाश में आया है बताते चलें की तहसील सदर के अंतर्गत विकासखंड नकहा की भारी भरकम ग्राम पंचायत बड़ागांव के दबंग किस्म ग्राम प्रधान अब्दुल हसीब उर्फ़ पुत्तन व लेखपाल शैलेंद्र श्रीवास्तव पर मिली भगत करके सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करवा कर भारी धनराशि वसूल किए जाने के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं बड़ा गांव में कथित भूमाफियाओं का कार्य इस कदर हाबी है कि कहीं न कहीं सरकारी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण जारी देखा जा सकता है शायद बड़ागांव के दबंग ग्राम प्रधान के आगे जिला अधिकारी की सखूती और योगी के सख्त फरमान और बुलडोजर की कार्यवाही कोई मायने ना रखते हो ग्राम प्रधान और लेखपाल के मिल रहे संरक्षण के चलते हौसले बुलंद दबंगों द्वारा बेखबर होकर ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा करने की बात सामने आई है मामला दो दिन पूर्व का है जब दबंग प्रधान के कथित गुगे द्वारा लेखपाल से धनवल के दम पर साठ गाँठ करके मरघट की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे थे उक्त मामले की ग्रामीण संजय निवासी बड़ागांव ने थाना प्रभारी शारदा नगर से शिकायत की थी थाना शारदा नगर में दिए गए प्रार्थना पत्र में संजय का आरोप है कि बड़ागांव निवासी दबंग शमशाद राइन पुत्र अब्बास राईन द्वारा गांव के दक्षिण रिक्त पड़े ग्राम समाज की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं उक्त लोग गुंडे व दबंगई के साथ क्षेत्रीय लेखपाल व प्रधान की सह पर नीव भरकर सरकारी जमीन को कब्जा रहे हैं अवैध कब्जा करने से मना करने पर गंदी-गंदी गालियां व आमदा फौजदारी हो रहा है सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को रूकवाये जाने की मांग शिकायतकर्ता द्वारा की गई है सूत्र बताते हैं कि अब्दुल हसीब के घर काफी समय से प्रधानी रही है जिसके चलते पद का अनुचित लाभ उठाते हुए अधिकांश ग्राम समाज की जमीन पर इन्हीं प्रधान जी का कब्जा है या फिर प्रधान के चहेते गुर्गे कब्जा किए हुए देखे जा सकते हैं जमीन चाहे खलिहान की हो या फिर सुआनारा तालाब हो यह प्रधान जी गरीबों के आशियानों को उजाड़ कर खुद कब्जा करने में माहिर है प्रधान जी के कारनामों पर एक नजर डालें तो बड़ागांव में दसको पूर्व एक रौसा था जिसमें लगभग 80 बीघा जमीन थी उक्त जमीन को प्रधान व उनके पिता ने अपनी



प्रधानी का लाभ उठाते हुए बेच डाली उक्त आरोप दर्जनों ग्रामीणों के हैं मेरे नहीं हैं लोगों का आरोप तो यह भी है कि लोगों के नाम जमीन होने के कागजात तो हैं पर जमीन प्रधान जी जोत रहे है गांव के अधिकांश तालाबों पर प्रधान व उनके गुर्गे का ही कब्जा होने की भी बात सामने आई है जिसकी पुष्टि लेखपाल द्वारा सुआनारा तालाब की पैमाइश में हो चुका है उक्त तालाब पर ग्राम प्रधान का ही अवैध कब्जा पैमाइश के दौरान मिला है जो प्रधान की ईमानदारी की पोल खोलने व दबंगई के पुष्ट करने को काफीहै हालत तो यहां तक बताई जाती है कि काफी ऐसे पट्टे बनाए गए हैं जो कभी ग्राम पंचायत में रहते ही नहीं थे और नहीं आज उनका आता-पता है प्रधान के पिता का आलम यह है कि गांव के कब्रिस्तान भी प्रधान के पिता के नाम दर्ज कागजात है यदि इनका बस चले तो यह समस्त संपूर्ण ग्राम पंचायत अपने और अपने परिवार के नाम दर्ज करा ले यदि जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ग्राम पंचायत बड़ागांव की एक बार जांच टीम गठित कर विंदवार सघन निष्पक्ष तरीके से करा ले जांच तो कई अन्य सच निकालकर आएंगे सामने और कागजों पर विकास की गंगा बहाकर किए गए एक बड़े भ्रष्टाचार का होगा



पर्दाफाश, साथ ही कागजों पर विकास की गंगा बहाने वाले ग्राम पंचायत अधिकारी समेत सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कराने में महारत हासिल क्षेत्रीय लेखपाल सहित तहसील प्रशासन पर भी आएगी कार्यवाही की बड़ी आच और एक बहुत बड़े भ्रष्टाचार का भी खुलासा होना होगा तय.

इस संबंध में जब क्षेत्रीय लेखपाल शैलेंद्र श्रीवास्तव के फोन पर फोन लगाकर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उनका फोन ना उठने के चलते उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो सकी वही जब तहसीलदार सदर को फोन लगाने का प्रयास किया गया तो उन्होंने भी फोन उठाना उचित नहीं समझा वैसे भी यह सब कुछ चुनिंदा पत्रकारों और चुनिंदा लोगों के ही फोन रिसीव करते हैं शेष फोनों को उठाना उचित नहीं समझतेहै।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मजिस्ट्रेटीयल जॉच हेतु 18 से 25 मार्च तक दें लिखित एवं मौखिक साक्ष्य- एसडीएम ज्ञानपुर

**भदोही** 18 मार्च 2025 /उप जिला मजिस्ट्रेट, ज्ञानपुर अरुण कुमार गिरि ने पत्र के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया कि जिला मजिस्ट्रेट भदोही के आदेश संख्या 1809/न्याय सहायक/ 2025 11 मार्च, 2025 द्वारा श्रीमती पूजा पाण्डेय पत्नी शिवम पाण्डेय निवासी इब्राहिमपुर, विकास खण्ड व तहसील ज्ञानपुर जिला भदोही की महाराजा चेतसिंह जिला अस्पताल ज्ञानपुर में उपचार के दौरान अत्यधिक स्वास्थ्य खराब हो जाने पर तत्काल 102 एम्बुलेंस से बी0 एच0यू0 वाराणसी रेफर कर दिया गया तथा गोपीगंज पहुँचते ही एम्बुलेंस में श्रीमती पूजा पाण्डेय की अचानक मृत्यु दिनांक 10 मार्च 2025 से सम्बन्धित घटना की मजिस्ट्रेटीयल जॉच हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट ज्ञानपुर को नामित किया गया है। अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति को लिखित एवं मौखिक साक्ष्य देना हो तो वे 18 से 25 मार्च 2025 तक कार्यालय उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अपना लिखित एवं मौखिक साक्ष्य / बयान प्रस्तुत कर सकते है।

### मासिक शिक्षक संकुल बैठक हरिहरपुर न्याय पंचायत में संपन्न




आज दिनांक 18-03-2025 को न्याय पंचायत हरिहरपुर के शिक्षक संकुल प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक की नियमित मासिक बैठक का प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट विद्यालय मर्दनशाहपुर के प्रांगण में किया गया। बैठक में नोडल शिक्षक संकुल वेद प्रकाश निपुण आकलन पर चर्चा ,मनोज जी द्वारा उत्साहवर्धक गतिविधि, बृजबहादुर मौर्य द्वारा रिमीडियल पर चर्चा, रामसहाय के द्वारा इको क्लब ,जियोग्राफी क्लब पर चर्चा, जय प्रकाश मौर्य द्वारा निपुण आकलन एवम अभ्यास पर चर्चा किया गया। इस दौरान बैठक में नोडल शिक्षक संकुल वेद प्रकाश रघुवंशी, मनोज कुमार, जय प्रकाश मौर्य बृज बहादुर मौर्य प्रधानाध्यापक धर्मराज यादव, सुनील तिवारी, मुख्तारनमीरा सिंह, विजय सिंह,प्रतिमा मिश्रा, पूनम यादव, लाल बहादुर, बंशराज मौर्य, संतोष यादव, विवेक सिंह, देवेन्द्र कुमार पांडेय, बिन्देश मौर्य, सुधाकर यादव, संदीप सिंह, गिरिजाशंकर यादव, गुल्लू, विवेक कुमार सिंह,उपस्थित रहे।

### चोरी की मोटर साइकिल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



**चुनार, मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के कुशल निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ओमप्रकाश सिंह क्षेत्राधिकार मंजरी राव कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार की देर शाम को उप निरीक्षक उदय नारायण सिंह व पुलिस टीम के साथ घेराबंदी कर दो अभियुक्त प्रवीण उर्फ लालू पुत्र विजय रावत व नानक उर्फ गोविंदा पुत्र छोटू निवासी लाल दरवाजा थाना चुनार मिर्जापुर को उस्मानपुर रेलवे लाइन के पास दो चोरी के मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय को भेज दिया गया।

### अपना दल एस जोन की मासिक बैठक में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**चुनार, मीरजापुर।** अपना दल एस के मासिक बैठक के दौरान मंगलवार को भरपूर मोहल्ले में होली मिलन का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला जोन अध्यक्ष आलोक पटेल, मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव मेघनाथ पटेल और विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल पटेल रहे। इस दौरान 22 नए लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव दिव्यांशु पटेल, पंचायत मंच प्रदेश सचिव सूर्य प्रकाश(पप्पू पटेल), जिला उपाध्यक्ष धनंजय पटेल, जिला अध्यक्ष उदय पटेल, पवनेश पटेल, सत्यम पटेल, विधानसभा उपाध्यक्ष राणा विक्रम सिंह, संजय सिंह, अमित पटेल, महिला मंच विधानसभा अध्यक्ष राधा पटेल, सदस्य बीना पटेल, राधिका देवी, चंदा देवी, ग्राम प्रधान धर्मेंद्र पटेल सहित जोन के समस्त पदाधिकारी वह कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय / राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर ईवीएम गोदाम का किया निरीक्षण

**● सभी राजनीतिक प्रतिनिधि अपने-अपने दलों से संबंधित बूथ लेवल एजेन्ट (बी0एल0ए0) नियुक्त कर,उसकी एक प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय में कराए उपलब्ध-डीईओ**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/ राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर ईवीएम गोदाम का निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने सभी को अवगत कराया कि संविधान और वैधानिक ढ़ांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में राजनैतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं। इसी क्रम में भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक सुझाव आमंत्रित किया गया है।

उक्त के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, की अध्यक्षता में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय / राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आहूत किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके क्रम में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा तहसीलों में 11 मार्च.2025 को आप के साथ बैठक की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है तथा जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में आज आप लोगों के साथ बैठक आहूत किया जा रहा है।

**बैठक में आयोग द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये हैं-** जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि आयोग द्वारा समस्त राजनैतिक दलों को बूथ लेवल एजेन्ट (बी0एल0ए0) नियुक्त किये जाने के संबंध में विशेष अनुरोध किया गया है। अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया अपने-अपने दलों से संबंधित बूथ लेवल एजेन्ट (बी0एल0ए0) नियुक्त करते हुए उसकी एक प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि मतदाता सूची को शुद्ध/दुरुस्त करने में उनका सहयोग प्राप्त हो सके। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली के संबंध में समय-समय पर प्राप्त कराये जाने वाले अभिलेखों के बारे में भी अवगत कराये जाने संबंध में निर्देश दिये गये हैं। इस संबंध में अवगत कराना है कि हर वर्ष आलेख्य प्रकाशित एवं अंतिम प्रकाशित निःशुल्क मतदाता सूची की फोटोप्रतियां एवं पीडीएफ डाटा उपलब्ध कराया जाता है एवं मतदाता सूची में जोड़े गये नाम, काटे गये नामों की सूची (प्रारूप-9, 10, 11 व 11क) की पीडीएफ डाटा उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त मतदेय स्थल सूची तथा बी0एल0ओ0 सूची भी उपलब्ध कराया जाता है। उक्त के अतिरिक्त आपको अवगत कराना है कि आयोग द्वारा मतदाताओं के नाम जोड़ने / काटने / शुद्ध करने हेतु चार अर्ह तिथियां (01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर) भी निर्धारित किया गया है।

आप भलीभांति अवगत है कि फोटोयुक्त मतदाता सूची में निम्न निर्धारित प्रारूपो में दावा / आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है- फार्म-6 जो व्यक्ति दिनांक-01.01.2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है और किसी निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकृत नहीं है तो फार्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकता है। फार्म-6क किसी प्रवासी निर्वाचक द्वारा निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किए जाने के लिए आवेदन। फार्म-7 जिन मतदाताओं की मृत्यू हो गयी है या उन्होने अपना निवास स्थान बदल दिया है या किन्हीं अन्य कारणों से अयोग्य हो गये हैं, के नाम निकालने हेतु। फार्म-8 विद्यमान निर्वाचक नामावली में मतदाता के निवास का स्थानांतरण, प्रविष्टियों में सुधार, बिना किसी सुधार के EPIC प्रतिस्थापन एवं दिव्यांगजन चिन्हांकन करने सम्बन्धी प्रविष्टियों के सुधार हेतु फार्म-8 से आवेदन किया जा सकता है।

जनपद में अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा 11मार्च.2025 को आहूत बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा उठाये गये सुझाव / शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है बैठक में उपस्थित राजेश्वर दूबे, उपाध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन कराए जाने का सुझाव दिया गया, जिसके अनुपालन में विगत संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के द्वारा सभी बीएलओ द्वारा मतदाताओं का घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया गया है तथा वर्तमान में कार्यरत सभी बीएलओ के नाम एवं मोबाइल नंबर सहित सूची आपको उपलब्ध कराया गया है एवं आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है जिसकी सहायता से आप ब्लू से संपर्क कर फॉर्म जमा कर सकते हैं। राजेन्द्र कुमार दूवे, अध्यक्ष, कांग्रेस द्वारा पुनरीक्षण अवधि में परिवर्धन एवं विलोपन हेतु ग्राम के कोटेदारों व प्रधान को सहयोग लिये जाने हेतु सुझाव दिया गया। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि पुनरीक्षण अवधि में तहसील स्तर पर समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रकरण अधिकारियों द्वारा समस्त बी0एल0ओ0 एवं कोटेदारों की मीटिंग करायी जाती है तथा उन्हें मतदाता सूची को शुद्ध/दुरुस्त कराये जाने हेतु निर्देश भी दिया जाता हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने बताया कि वर्तमान में मतदाताओं की कुल संख्या 1224836। व मतदेय स्थलों की अद्यतन स्थिति 1256 है।जेण्डर रेशियो 950 होना चाहिए, जबकि वर्तमान में 928 है ।ई0पी0 रेशियो 60.48 होना चाहिए, जबकि वर्तमान में 65.96 है। 18-19 आयुवर्ग की जनसंख्या-76713 है, जबकि वर्तमान में मतदाता सूची में 11131 ही मतदाता के रूप में दर्ज है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारीयों से अपील किया कि आप लोग भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित पोर्टल वोटर हेल्पलाइन एप को अपने मोबाइल में डाउनलोड करें और अधिक से अधिक लोगों को कराए,जिससे आप सुविधानुसार घर बैठे ही मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाना, निवास स्थान परिवर्तन या अन्य संशोधन आसानी से कर सकते हैं। बैठक में उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर अरुण कुमार गिरी, जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार, जिला कृषि रक्षा अधिकारी रत्नेश सिंह, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## मीरजापुर के पत्रकार मुंबई में हुए "महाराष्ट्र गौरव अवार्ड" से सम्मानित

**● यूके के साप्ताहिक समाचार पत्र "एशियन वाइस" के सीनियर न्यूज़ एडिटर धीरेन कटवा सहित कई लोगों को सम्मानित करने का मिला अवसर**




स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** जनपद के दो पत्रकार टी.सी. विश्वकर्मा व तपेश विश्वकर्मा को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए महाराष्ट्र के मुंबई में आयोजित दैनिक मुंबई अमरदीप समाचार पत्र के 16वें स्थापना दिवस के अवसर पर ÷महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार÷ से धड़क कामगार यूनियन के संस्थापक तथा वत्स मीडिया के ग्रुप एडिटर अभिजीत राणे के के द्वारा पुरस्कृत किया गया। बता दे कि टी. सी. विश्वकर्मा पिछले 30 वर्षो से जनपद मिर्जापुर से पत्रकारिता करते चले आ रहे है। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि उन्होंने मनोहर कहानियां, नूतन कहानियां जैसी किताबों के लिए भी स्टोरी लिखी है और वर्तमान समय में वे श्रीयम साहित्य पब्लिकेशन हाउस के डायरेक्टर व उत्तर प्रदेश से मुंबई अमरदीप के यूपी ब्यूरो के रूप में कार्य कर रहे है। जबकि तपेश विश्वकर्मा ने लगभग 3 वर्षो से पत्रकारिता कर रहे और उन्होंने पत्रकारिता क्षेत्र में अपने काम की शुरुआत अपने यूट्यूब चैनल खुलासच टीवी से की थी। वर्तमान में खुलासच के साथ साथ "एपीएन न्यूज", एचएनएन 24×7 व "मुंबई अमरदीप" से जुड़ कर कार्य कर रहे है। उनके कार्यो को देखते हुए उन्हें रविवार को महाराष्ट्र में मुंबई के उपनगर गोरेगांव के "अजंता हाल" में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में "महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार" से पुरस्कृत किया गया। साथ ही साथ कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार टी.सी.विश्वकर्मा कई अतिथियों का सम्मान करने के अवसर मिलने के साथ ही लंदन के साप्ताहिक समाचार और "एशियन वाइस" के सीनियर न्यूज़ एडिटर धीरेन कटवा को "महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार" का ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत धड़क कामगार यूनियन नेता अभिजीत राणे व दैनिक मुंबई अमरदीप के संपादक उपेंद्र पंडित के नेतृत्व में उद्योगपति प्रहलाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सिंह, समाज सेविका नीलम तेली जैन, नीतू सिंह आदि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में शांति सेवा फाउंडेशन के बच्चों ने अपनी मोहक प्रस्तुत से लोगों का दिल जीत लिया।

उक्त अवसर पर दैनिक मुंबई अमरदीप के विशेष अतिथि के रूप में पूर्व प्रभाग समिति अध्यक्ष सुधा सिंह, जिगना देसाई, आशा नागलिया, उषा कन्नौजिया, विजय चांडक, अमृता मिश्रा, अस्मिता डोंगरे, अभिनेता कंचन पगारे, अभिनेता व स्टैंडप, कॉमेडियन बी आशीष, गायिका ज्योति कुलकर्णी, गायक साकेत जैन, डॉक्टर दीपाली पाटील, नगर सेवक मोहन बडगुजर (कल्याण डोंबीवली महानगर पालिका), कमलेश वैष्णव, रेखा रोहीरा (कांग्रेस विचार विभाग उत्तर मुंबई जिलाध्यक्ष), कार्यकारी संपादक/बीएमसी बीट शकील शेख, मंत्रालय बीट निलेश हाटे, पत्रकार अता हसन शेख, पवन पंडित, पत्रकार सलीम सैय्यद, कवि एवं पत्रकार रवि यादव सहित यूपी से टी.सी.विश्वकर्मा, तपेश विश्वकर्मा तथा दमन से दैनिक मुंबई अमरदीप परिवार उपस्थित रहा।

## श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति की बैठक हुई संपन्न



**मीरजापुर।** श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति की बैठक विश्व हिंदू परिषद कार्यालय इमलहानाथ महादेव मंदिर पर संपन्न हुई। जिसमें शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष राज महेश्वरी, संयोजक रविशंकर साहू, प्रभारी मनोज दमकल, सर्व व्यवस्था प्रमुख महेश तिवारी, यात्रा सुरक्षा प्रमुख प्रवीण मौर्य को बनाया गया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त उपाध्यक्ष विद्याभूषण दूबे जी ने कार्यकर्ताओ का मार्गदर्शन करते हुए कहा की भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम जी की शोभायात्रा यात्रा को हर वर्ष की तरह भव्य दिव्य व ऐतिहासिक यात्रा बनानी है, जिन कार्यकर्ताओ को समिति का दायित्व दिया गया है उन सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दिया ।जिसमें प्रमुख रूप से विश्व हिन्दू परिषद के विभाग मंत्री रामचन्द्र शुक्ल जिला अध्यक्ष माता सहाय जिला मंत्री श्री कृष्णा सिंह जिला संयोजक अशोक सिंह जिला सह संयोजक पवन उमर जी उपस्थित रहे।

## पांच दिवसीय योग कार्यशाला का हुआ शुभारंभ




स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** कोलना, नारायणपुर पतंजलि युवा भारत एवम् एम0 बी0योग संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में चुनार के कोलना स्थित आदर्श जनता महाविद्यालय पांच दिवसीय योग कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय योगासन जज योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने पावन ओमकार व गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ कराते हुए बीएड0अभ्यर्थियों को योग विद्या से परिचित कराया। योग कार्यशाला के प्रथम दिवस पर जनपद के विभिन्न स्थानों से आए हुए बीएड 0 अभ्यर्थियों को योग गुरु ज्वाला सिंह ने बैठकर करने वाले आसनों में सुखासन सिद्धासन पद्मासन दंडासन वज्रासन भद्रासन संग आदि आसनों एवम् भस्त्रिका प्राणायाम कपालभाती , अनुलोम विलोम एवं भ्रामरी प्राणायाम सहित अन्य आदि प्राणायाम का विधिपूर्वक अभ्यास करते हुए उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। योगी ज्वाला ने कहा जो व्यक्ति अपने रोज के चौबीस घंटों में से एक घंटे योग एवं प्राणायाम के लिए देगा , वह जीवन में हमेशा स्वस्थ निरोग तथा दीर्घायु होगा। इस अवसर र प्रबंधक दिलीप सिंह पटेल ने कहा कि आज के इस दौड़ती भागती जिंदगी में अगर सच में स्वस्थ रहना है , निरोग रहना है , तो योग ही एकमात्र साधन है, दूसरा कोई विकल्प नहीं। प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह ने आए हुए अभ्यर्थियों को संदेश देते हुए कहा कि योग आज केवल भारत ही नहीं अपितु विश्व के कोने कोने में अपनी उपयोगिता को सिद्ध किया है। अतः मानव जीवन को उपयोगी बनाने के लिए उसे भी योग से जुड़ना ही होगा, तभी जीवन सार्थक होगा। इस अवसर पर शिवपूजन, श्याम दिनेश, अनीता सिंह, अमीषा पटेल शमा परवीन तृप्ति सिंह उषा सिंह सरोज साधना प्रतिभा उर्मिला प्रियंका सीमा यादव सोनी प्रीति प्रज्ञा वंदना जया अनिल मनोज आदि अभ्यर्थियों ने प्रसन्नता पूर्वक योग सत्र में हिस्सा लिया।

## दहेज की मांग को लेकर आत्महत्या के लिये प्रेरित करने के अभियोग से सम्बन्धित वांछित आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** थाना को0कटरा वादी देवी लाल मौर्या पुत्र रामआधार मौर्या निवासी खम्हरिया कलां थाना हलिया जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध वादी की बहन को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने एवं हत्या करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर पर मु0अ0सं0-231/2024 धारा 147, 302, 498ए, 504, 323, 506 भादवि व ड डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक को0कटरा को निर्देश दिये गये।



उक्त निर्देश के अनुक्रम में विवेचनात्मक कार्यवाही व गिरफ्तारी के क्रम में आज दिनांकः18.03.2025 को थाना को0कटरा पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0कटरा क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सूरज मौर्या पुत्र सुभाष मौर्या निवासी चोरवाबरी थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर को अन्तर्गत धारा 147, 306, 468ए, 504, 323, 506 भादवि व ड डीपी एक्ट में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### 19 मार्च को सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग करेंगी महिला जन सुनवाई

**मीरजापुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि श्रीमती नीलम प्रभात, माननीय सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में दिनांक 19.03.2025 को समय पूर्वान्ह 10:00 बजे से जिला पंचायत सभागार, मीरजापुर में महिला जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन होना है। उक्त जन सुनवाई कार्यक्रम में कोई भी महिला या बालिका, जो किसी प्रकार की हिंसा, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न या अन्य उत्पीड़न से पीड़ित हो या उन्हे किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है, तो वे महिला/बालिकायें आयोजित महिला जन सुनवाई कार्यक्रम में माननीय सदस्य के समक्ष उपस्थिति होकर अपने प्रकरण का निस्तारण करा सकती है। अधिकारी जानकारी के लिये जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, मीरजापुर या वन स्टाप सेन्टर, मीरजापुर से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## डीएम ने निर्माणाधीन राजकीय गेस्ट हाउस व 08 यूनिट ट्रांजिट हॉस्टल का स्थलीय निरीक्षण कर दिया आवश्यक निर्देश

**● निर्माणाधीन ट्रांजिट हॉस्टल को 15 अप्रैल 2025 तक करे पूर्ण-जिलाधिकारी**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 18 मार्च 2025**/जिलाधिकारी विशाल सिंह द्वारा सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित परियोजना क्रमशः निर्माणाधीन राजकीय गेस्ट हाउस व 08 यूनिट ट्रांजिट हॉस्टल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने दोनों परियोजनाओं को गुणवत्तायुक्त व समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राम अछैबर पाल व सुभाष कुमार मौके पर अपने अधीनस्थ अवर अभियंता के साथ उपस्थित रहे । सहायक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य फिनिशिंग स्टेज पर है जिसे 15 अप्रैल 2025 तक पूर्ण कर दिया जाएगा द्व निरीक्षण में निर्माण कार्य सही से न होने व फिंसिंग में लापरवाही दर्शित होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यो को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। डीएम ने ट्रांसिट हॉस्टल के बगल में अनिर्मित पुरानी ईट के स्ट्रक्चर व झाड़ियों को साफ सफाई कराकर सुंदर पार्क बनवाने हेतु नाजिर आशीष श्रीवास्तव को निर्देशित किया। ट्रांजिट हॉस्टल के निरीक्षण के दौरान भवन में खिड़की, दरवाजा, फर्श टाइल ,सीढ़ी प्लास्टर का कार्य व सेप्टिक टैंक एवं शोकपिट के कनेक्शन बिजली स्विच बोर्ड आदि का कार्य अवशेष होना पाया गया द्व जिससे 15 अप्रैल तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

राजकीय गेस्ट हाउस परियोजना के संबंध में अवगत कराया गया की कार्य प्लिंथ स्तर तक पूर्ण हो चुका है जिसे माह अगस्त 2025 तक पूर्ण कराया जाएगा। मौके पर उपस्थित सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया कि वे मैनपॉवर बढ़ाते हुए निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत मानक के साथ पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें द्व पुरानी तहसील परिसर में स्थित एक बड़े हाल में रखे गए पुराने मतपेटिका व पत्रावलियों सहित सदर मालखाना बिल्डिंग को भी दुरुस्त करते हुए और अधिक उपयोगी बनाने का निर्देश डीएम ने दिया।

## राजस्व व कर-करेत्तर कार्यो एवं एन्टी भू-माफिया की समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी ने दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**● 31 मार्च तक शत प्रतिशत वसूली करने का निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिया-अपर जिला अधिकारी**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 18 मार्च 2025**- राजस्व कार्यो व कर-करेत्तर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक किया गया। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य ने परिवहन, आबकारी, राजस्व, अधिशासी अधिकारी, खनन आदि विभागों को अभियान चलाकर लक्षित राजस्व वसूली किये जाने पर बल दिया। उन्होंने हैसियत नामा में लम्बित आवेदनों को प्रतिदिन अनुश्रवण करते हुए निस्तारण का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। सहायक स्टॉम्प अधिकारी कोलक्ष्य के सापेक्ष वसूली न करने पर कड़ी फटकार लगाई मार्च तक वसूली पूर्ण करने का हिदायत दी।

अपर जिलाधिकारी ने खनन विभाग के राजस्व की समीक्षा के दौरान मिट्टी की खुदाई करने वालों को निर्देशित किया कि 'माइन मित्रा' पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन व स्वीकृति के बाद ही मिट्टी की खुदाई करें, चेकिंग करने पर अवैध खनन पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खनन अधिकारी को टीम बनाकर अवैध खनन पर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। परिवहन विभाग को गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन बढ़ाने व प्रवर्तन कार्य करते हुए ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अपर जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को अनुपालन आख्या में दिए गए निर्देशों को पूर्ण करते हुए अवैध शराब की तस्करी को पकड़ने हेतु निर्देशित किया। अपर जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप, राइस मिल, शराब की दुकानों, गैस एजेंसियों पर औचक निरीक्षण करते हुए कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

अपर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली पूरी करें, साथ ही तहसीलदारों को निर्देश दिया कि अपने अपने तहसीलों में बैठक कर अमीन वाइजवसूली रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जिन अमीन की वसूली सबसे अधिक खराब हो उनके खिलाफ तत्काल कार्यवाही कर अवगत कराए। इसमें किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अधिकारी राजस्व वसूली में हिला-हवाली करेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों के आरके वसूली के साथ-साथ,विद्युत व राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के 10 बड़े बकायेदारों पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया।अपर जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकरियों को निर्देश दिया कि तहसीलों में लंबित भूमि विवादों,मुकदमों को निस्तारण कराए अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने कर करेत्तर एवं लक्ष्य वसूली के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये किमाह मार्च तक वसूली शत प्रतिशत पूर्ण कराए एवम् लम्बित राजस्व वादों का निस्तारण शीघ्र सुनवाई करके उनका निस्तारण किया जाये। कुछ तहसीलों में लक्ष्य के अनुरूप वादों का निस्तारण न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये।

अपर जिलाधिकारी ने एंटी भू माफिया राजस्व की समीक्षा करते राजस्व संहिता के अविवादित वरासत, अविवादित दाखिल खारिज, तालाब, आवासीय भूमि, कृषि भूमि, वृक्षारोपण आदि का आवंटन, चकमार्ग तथा सार्वजनिक उपयोग की भूमि व तालाब पोखरों आदि से हटाये गये अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे पर विस्तार से चर्चा किया। अपर जिलाधिकारी ने आई0जी0आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण, रिट याचिकायें, खतौनी अशं निर्धारण की कार्यवाही, स्वामित्व योजना, रोस्टर के अनुसार खतौनियों का दाखिला, एंटी भू माफिया जैसे कार्यों पर अब तक किये गये कार्यों की प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में समस्त उप जिलाधिकारी व तहसीलदार, जिला आबकारी अधिकारी, एआरटीओ, खनन अधिकारी समस्त अधिशासी अभियंता, अधिशासी अधिकारी व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चुनार के पोस्टमार्टम हाउस को बंद कर क्षेत्र के लोगों को परेशान कर रही सरकार- कुंवर रितेश पटेल

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मीरजापुर।** मंगलवार को छात्र सभा के प्रदेश महासचिव कुमार रितेश सिंह पटेल का चुनार में प्रथम आगमन पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर के दर्जनों स्थानों पर माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया ।उन्होंने नगर स्थित पोस्टमार्टम हाउस पर पत्रकारों से पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि भाजपा के डबल इंजन सरकार में चुनार के पोस्टमार्टम हाउस बंद कर मिर्जापुर संचालित कर दिया गया है जिसका पुरजोर विरोध करने पर भाजपा के जन प्रतिनिधियों ने श्रेय लेने के लिए सुचारू रूप से चालू करने का आश्वासन अपने लेटर पैड पर लिखकर दिया। उन्होंने कहा कि गरीबों के घर दुर्घटना घटने के बाद मिर्जापुर जाना पड़ता है, राजा भर्तृहरि के नगरी में खुलेआम हीरोइन गाजा की बिक्री प्रशासन के नाक के तले हो रहा है, प्रशासन चुनार के युवकों को नशेड़ी बनाना चाह रही है। हम



इसका पुरजोर विरोध करते हैं उन्होंने पुलिस की भर्ती आरक्षण भारती को लेकर भाजपा सरकार की आलोचना की। इस अवसर पर रामराज सिंह पटेल, सुनील सिंह पटेल, प्रश्न सिंह एडवोकेट, नगर अध्यक्ष मंत्री यादव, नरेंद्र यादव, शिवपूजन यादव, नसीम खान, जितेंद्र यादव, राजेश यादव, राजू यादव, सभासद रामलाल, संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अहिरौली में चोरी की घटनाएं बढ़ीं, थाना परिसर से महज 500 मीटर दूर गेट पार




स्वतंत्र प्रभात

सुनील तिवारी

**अंबेडकर नगर।** अहिरौली थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब वे थाना परिसर के करीब भी चोरी करने से नहीं हिचकिचा रहे। बीती 13 मार्च की रात चोरों ने थाना अहिरौली से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित गुड़गौना में कूड़ेदान का लोहे का गेट चोरी कर लिया। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्राम प्रधान ने इस चोरी को लेकर अहिरौली थाने में शिकायती पत्र दिया है और तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की ढिलाई के चलते चोरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि थाना प्रभारी चोरी की घटनाओं को गंभीरता से नहीं लेते और पकड़े गए चोरों को कथित रूप से रकम लेकर छोड़ दिया जाता है।

**प्रशासन की लापरवाही पर उठे सवाल**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब थाने से कुछ ही दूरी पर चोरी की वारदात हो सकती है, तो आम जनता की सुरक्षा की उम्मीद कैसे की जाए? क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत है, लेकिन पुलिस इन पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि चोरी की घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि अपराधियों के हौसले पस्त हों और क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बन सके। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है या फिर यह भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में ही दबकर रह जाएगा।

# जनपद में मातृ शिशु दर शून्य करने के लिए डॉक्टरों को किया गया प्रशिक्षित

स्वतंत्र प्रभात



कौशाम्बी। जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती कल्पना सोनकर की उपस्थिति में उदयन सभागार में अरमान संस्था (ARMMAN-Advancing Reduction in Mortality and Morbidity of Mothers Children and Neonates) के तत्वाधान में टी.ओ.टी. (TOT-Training of Trainers) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में इन्टीग्रेटेड हाई रिस्क प्रेग्नेन्सी ट्रैकिंग एण्ड मैनेजमेन्ट (IHRPTM) का प्रशिक्षण डा0 करिश्मा राष्ट्रीय प्रशिक्षक अरमान एवं डा0 सन्तोष गुप्ता एसोसिएट डायरेक्टर एवं उनकी टीम द्वारा डॉक्टरों को दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ''गुणवत्तापूर्ण प्रसव, पूर्व जांच तथा गर्भावस्था के दौरान उच्च जोखिम अवस्था का समय से चिन्हांकन तथा उसका समुचित प्रबन्धन, डिजिटल हेल्थ एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा सतत् क्षमता वर्धन के माध्यम से जनपद में भारत सरकार के अपेक्षित सूचकांक में गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा, राज्य महिला आयोग की सदस्या एवं भाजप जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य द्वारा अपने-अपने व्यक्तब्य भी दिये गये। सभी के द्वारा जिलाधिकारी के निर्देशन में किये जा रहे इस प्रशिक्षण कार्यकम की भूरि-भूरि प्रशन्सा की गयी। सभी ने एक श्वर में कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि यह जनपद मातृ शिशु मृत्यु दर में शून्य होगा। हमें यह संकल्प लेकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में बताया गया कि सभी जिला स्तरीय प्रशिक्षक विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से अपने-विकास खण्डों में चिकित्साधिकारी, स्टाफ नर्स, ए0एन0एम0, आशा एवं सी0एच0ओ0 को प्रशिक्षित करेंगे। ब्लाकों में प्रशिक्षण के दौरान अरमान संस्था की टीम द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए तकनीकी सहयोग प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा, निवर्तमान विधायक मंझनपुर लाल बहादुर, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वैज्ञानिक शोध की जिज्ञासा जागृत करें विद्यार्थी : जिला विद्यालय निरीक्षक

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी ।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उ0प्र0 (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन) के दिशा - निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब, कौशाम्बी द्वारा मेधावी विधार्थियो हेतु वैज्ञानिक शोध प्रयोशाला का भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के 10 माध्यमिक विद्यालयों से 100 विद्यार्थियों का रीजनल साइन्स सिटी लखनऊ में भ्रमण एवं अध्ययन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डायट मैदान मंझनपुर से जिला विद्यालय निरीक्षक कौशाम्बी डॉक्टर सच्चिदानन्द यादव ने बस को हरी झण्डी दिखाकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को रवाना किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि वैज्ञानिक शोध, प्रयोगशाला भ्रमण कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक शोध की जिज्ञासा जागृत होती है। विद्यार्थियों के अन्दर वैज्ञानिकस सोच एवं चेतना उत्पन्न होती है और विद्यार्थियों में विज्ञान प्रौद्योगिकी प्रति रुचि उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि हमें नवीन तकनीक के अध्ययन पर जोर देना चाहिए। भ्रमण कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए समन्वयक जिला विज्ञान क्लब वसीम अहमद ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बढ़ते शोध एवं विकास से स्कूली विद्यार्थियों को जोड़ने एवं विद्यार्थियों के दैनिक जीवन में वैज्ञानिक सोच, कार्य व्यवहार को बढ़ावा देने, विद्यार्थियों के मस्तिष्क में उत्पन्न होने वाले कौतूहल, प्रश्नों एवं प्रयोगों का समाधान करने एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कैरियर स्थापित करने के उद्देश्य से विज्ञान क्लब द्वारा वैज्ञानिक शोध प्रयोगशाला के भ्रमण का आयोजन किया गया। बच्चों ने फन साइंस, द्रव विज्ञान, वाटर अवर लाइफ पदार्थ का अद्भुत संसार गैलरी के प्रयोग प्रदर्शन को देखा। विद्यार्थियों को लिक्विड नाइट्रोजन, सर्फेस टेंशन, न्यूटन के नियम, सॉलिड व लिक्विड्स साइफन, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक, रिएक्शन टाइम, बरनौली थ्योरम, टोरसली प्रमेय, प्रकाश के विवर्तन एवं व्यतिकरण, डबल स्लिट, न्यूटन रिंग प्रकाश का परावर्तन एवं अपवर्तन, विस्कोसिटी, के अतिरिक्त सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल्स, लाइट आदि से संबंधित प्रदर्शित प्रयोगों को सस्थान के साइंस कम्युनिकेटर काजल पांडेय एवं आदर्श पटेल द्वारा बहुत ही विस्तार से सरलता पूर्वक समझाया गया। इस अवसर पर रीजनल साइंस सिटी लखनऊ के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर स्वरूप मंडल ने कहा कि भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में वैज्ञानिक सोच,कार्य व्यवहार को बढ़ावा देना एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनको उचित अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि विज्ञान में सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ-साथ प्रयोग बहुत ही आवश्यक है । प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर स्वरूप मंडल ने अपने संस्थान में भ्रमण के लिए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया। प्रतिभागी विद्यार्थियों को साइंस कम्युनिकेटर काजल पाण्डेय के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान की साइंस कम्युनिकेटर निधि सिंह, दीपाली तिवारी, आदर्श पटेल एवं आकांक्षा पाल ने विद्यार्थियों के भ्रमण में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर मनोज कुमार पासवान, अनुभव मिश्रा, शैलेश कुमार गुप्ता, प्रवीणा सिंह, राधेश्याम पाण्डेय, विवेक कुमार मौर्य, प्रमोद कुमार मिश्रा, जितेन्द्र कुमार, शैलेश कुमार, राहुल कुमार, जीतू चौरसिया, नितिन कुमार, शिवम पाण्डेय आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने पुलिस लाइन में निर्माणाधीन आवासीय भवनों का आकस्मिक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों को निर्धारित अवधि में मानक के अनुरुप/गुणवत्तापूर्ण/समय से पूर्ण कराये जाने के दिये निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा पुलिस लाइन में निर्माणाधीन आवासीय भवनों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन आवासीय भवनों के निमार्ण कार्य को निर्धारित अवधि में मानक के अनुरुप/ गुणवत्तापूर्ण/ ससमय पूर्ण कराये जाने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिये। उन्होंने वहॉ पर महिलाओं के लिए बने 100 क्षमता वाले बैरक के निर्माण कार्य की जानकारी प्राप्त की, जिस पर बताया गया कि 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष कार्य को जल्द ही पूर्ण करा लिया जायेगा। पुलिस लाइन में कर्मचारियों के लिए टाइप-02 के 12 आवासों के चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि 98 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, जिस पर जिलाधिकारी ने शेष कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। पुलिस लाइन में ही 01 अदद ट्रांजिट हॉस्टल के निमार्ण कार्यों की जानकारी प्राप्त की, जिस पर बताया गया कि 53 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में और तेजी लाते हुए जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि शेष कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करायें, जिससे इसका लोकार्पण/शिलान्याश जल्द से जल्द कराया जा सके।

## जिलाधिकारी ने 04 आई0जी0आर0एस0 शिकायतों के निस्तारण का स्वंय मौके पर पहुॅचकर किया भौतिक सत्यापन

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आई0जी0आर0एस सन्दर्भ सं0-20017425001398 शिकायतकर्ता सलामत अली पुत्र तुल्ला पहलवान ग्राम-घना का पूरा मजरा भडेसर के द्वारा ग्राम-पाता स्थित आ0सं0-84/1 तथा आ0सं0-83 के मध्य बनी मेड़ को ताड़ डालने के सम्बन्ध में की गयी शिकायत की स्थलीय जांच करने पर तहसील मंझनपुर द्वारा किया गया निस्तारण सही पाया गया, का मौके पर स्वयं जाकर भौतिक सत्यापन किया, जिसका निस्तारण सही पाया गया। उन्होंने मौके पर उपस्थित राजस्व निरीक्षक व लेखपाल को निर्देशित किया कि उभय पक्षों की उपस्थिति मे राजस्व टीम द्वारा मेड़ का चिन्हाकन करा दें शिकायतकर्ता निस्तारण से सन्तुष्ट हैं। आई0जी0आर0एस0 सन्दर्भ सं0-40017425000945 शिकायतकर्ता फूलचन्द्र आदि निवासी ग्राम ओसा के द्वारा निर्माणाधीन आर0सी0सी0 रास्ते मे अवरोध उत्पन्न करने के सम्बन्ध मे शिकायत की गयी थी शिकायत की जांच करने पर पाया गया कि तहसील मंझनपुर के द्वारा आपसी सुलह-समझौते के आधार पर रास्ते का निर्माण करा दिया गया है, का मौके पर जिलाधिकारी ने स्वयं जाकर भौतिक सत्यापन किया, जिसका निस्तारण सही पाया गया। शिकायतकर्ता निस्तारण से सन्तुष्ट है। आई0जी0आर0एस0 सन्दर्भ सं0-92517400002499 शिकायतकर्ता अशोक कुमार कुशवाहा पुत्र तारूनदीन निवासी कोतारी पश्चिम के द्वारा लेखपाल द्वारा खसरा न बनाये जाने के सम्बन्ध में शिकायत की गयी थी। शिकायत की जांच करने पर पाया गया की आवेदक को पूर्व में ही क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा खसरा बनाकर प्राप्त करा दिया गया है, का मौके पर जिलाधिकारी ने स्वयं जाकर भौतिक सत्यापन किया, जिसका निस्तारण सही पाया गया। आवेदक निस्तारण से पूर्ण सन्तुष्ट है। जिलाधिकारी द्वारा आई0जी0आर0एस0 सन्दर्भ सं0-40017425002482 शिकायतकर्ता शिवलाल पुत्र रतई निवासी कोतारी पश्चिम के द्वारा नायब तहसीलदार न्यायालय में विचाराधीन वाद सं0-2025024 30300460 के निस्तारण के सम्बन्ध में शिकायत की गयी थी आवेदक को मौके पर अवगत कराया गया की न्यायालय में विचाराधीन है अनुतोष प्राप्त करें तथा मौके पर उपस्थित क्षेत्रीय लेखपाल राजन सिंह को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ता को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलायें। शिकायकर्ता निस्तारण से पूर्ण सन्तुष्ट हैं। स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी तहसील मंझनपुर द्वारा किये गये आई0जी0आर0एस0 सन्दर्भो के निस्ताण से पूर्ण सन्तुष्ट रहे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मंझनपुर अजेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल उपस्थित रहे।

# शीतलाधाम कड़ा से उदहिन धाता होकर चित्रकूट, बांदा के लिए नियमित नई रोडवेज बस को हरी झण्डी दिखाकर जिला पंचायत सदस्य ने किया रवाना

## जनहित और क्षेत्र के विकास के लिए मेरा जीवन समर्पित : अजय सोनी

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने मंगलवार को नियमित चलने के लिए एक नई रोडवेज बस को सुबह के 8 बजे हरी झण्डी दिखाकर उदहिन बुजुर्ग चौराहा से चित्रकूट बांदा हेतु रवाना किया। इस मौके पर तमाम क्षेत्रीय जनता और गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सबसे पहले रोडवेज बस का अजय सोनी ने नारियल फोड़कर, लड्डू चढ़ाकर, फूलमाला और धूप दीप से विधि विधान पूर्वक पूजन किया और कामतानाथ स्वामी की जय.... काली माता की जय... के जयकारे लगाए। साथ ही ड्राइवर, कंडक्टर को माला पहनाकर एवं लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। मौके पर मौजूद रहे लोगों को भी लड्डू खिलकर मुंह मीठा कराया गया। इसके बाद तमाम लोगों की मौजूदगी में हरी झण्डी दिखाकर जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने परिवहन निगम की रोडवेज बस को राजापुर, कर्वी, चित्रकूट, बांदा के लिए रवाना किया। इसके पूर्व लोगों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने बताया कि मेरा सपना था कि मेरे उदहिन बुजुर्ग चौराहे से कामतानाथ स्वामी चित्रकूट धाम के लिए रोडवेज बस चालू हो। इसके लिए मेरे द्वारा पिछले काफी समय से परिवहन निगम और जिला प्रशासन कौशाम्बी को लगातार प्रदर्शन और धरना तथा घेराव कर मांगपत्र सौपा जाता रहा है। आगे बताया कि सिराथू ब्लॉक के सीमावर्ती गांवों में लोगों के आवागमन हेतु परिवहन की कोई व्यवस्था नहीं थी, लिहाजा क्षेत्रीय लोगो को राजापुर और कामतानाथ स्वामी चित्रकूट धाम और बांदा के आवागमन के लिए भारी दिक्कत होती थी। लोग काफी घूमकर और अधिक समय और रुपए खर्च कर अपनी चित्रकूट धाम यात्रा पूरी करते थे। इस समस्या के निदान हेतु मेरे द्वारा पिछले काफी समय से लगातार परिवहन निगम के अधिकारियों से शीतलाधाम कड़ा से उदहिन बुजुर्ग धाता होकर चित्रकूट धाम बांदा तक रोडवेज बस चालू कराए जाने की मांग की जा रही थी। एक लंबे संघर्ष के बाद आज मंगलवार को उदहिन चौराहा से चित्रकूट बांदा के लिए नई रोडवेज बस को रवाना करते हुए मुझे बेहद खुशी महसूस हो रही है। मैं अपनी ओर से क्षेत्र की जनता को यह बस समर्पित करता हूं और परिवहन निगम के अधिकारियों को धन्यवाद देता हूं। इसी के साथ अजय सोनी ने बताया कि यह बस सुबह के साढ़े सात बजे शीतलाधाम कड़ा से चलेगी और 8 बजे उदहिन बुजुर्ग बाजार आयेगी तथा शाम को पुन~ 5~30 बजे के आसपास उदहिन बाजार वापस आयेगी। आगे बताया कि यह बस अब से नियमित चलेगी और लोगों को कामता नाथ स्वामी के दर्शन के लिए सर्वोत्तम साधन के रूप चालू रहेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए अजय सोनी जिंदाबाद... जिन्दाबाद.... के नारे लगाए और क्षेत्र के विकास एवं जनहित के लिए अजय सोनी द्वारा लगातार प्रयास करने के लिए उनकी सराहना की। इस अवसर पर बृजेंद्र तिवारी, कुलदीप श्रीवास्तव, अशोक केसरवानी, प्रेमचंद्र सेन, आशीष केसरवानी, सुरेश सिंह मास्टर, डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ अरविंद मौर्य, श्रीनाथ मौर्य, बिंदा प्रसाद आदि मौजूद रहे।


## नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रीकृत यान स्क्रैपिंग सुविधा केन्द्र किया जायेगा स्थापित

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कौशाम्बी तारकेश्वर मल्ल द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क परिवहन राज मार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनपद में नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रीकृत यान स्क्रैपिंग सुविधा केन्द्र स्थापित किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। रजिस्ट्रीकृत यान स्क्रैपिंग सुविधा केन्द्र के माध्यम से पुराने निष्प्रयोज्य वाहनों के स्क्रैपिंग को प्रोत्साहन के लिए उत्तर प्रदेश की अधिसूचना संख्या-3/2022/1866/ तीस-4-2022-30-4099 (099)/229/22 दिनांक-28.11.2022 द्वारा वाहनों के स्क्रैपिंग के लिए वाहन स्वामी द्वारा निक्षेपण प्रस्तुत किये जाने के सापेक्ष नया निजी यान (Non Commercial Vehicle) क्रय किये जाने के पश्चात् उसके पंजीयन पर मोटरयान कर में 15 प्रतिशत छूट तथा व्यवसायिक यान (Commercial Vehicle) क्रय किये जाने पर कर में 08 वर्ष तक संदेय कर का 10 प्रतिशत छूट प्रदान किये जाने का प्रावधान किया गया है। इस योजना के दृष्टिगत जनपद कौशाम्बी के समस्त इच्छुक व्यक्ति नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रीकृत यान स्क्रैपिंग सुविधा केन्द्र स्थापित किये जाने के लिए आवेदन पत्र प्रेषित कर सकतें हैं। जनपद कौशाम्बी में रजिस्ट्रीकृत यान स्क्रैपिंग सुविधा केन्द्र के स्थापित हो जाने से वाहन स्वामियों को स्क्रैप कराने के लिए अपना वाहन अन्य जनपद में ले जाना न पड़े तथा वाहन का उचित मूल्य प्राप्त हो सके।

# रामलीला में कलाकारों ने श्रवण वध व राम जन्म लीला का किया मंचन

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर क्षेत्र के रोहांव बुजुर्ग मछ्ली गांव के नहर चौराहे पर चल रहे नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ के दूसरे दिन सोमवार की रात राम अचल सांवरिया रामलीला कमेटी के कलाकारों ने रामलीला मंचन मे श्रवण वध व राम जन्म की लीला का सजीव मंचन किया। मंचन देख श्रद्धालु भावविभोर हो गए।गणेश वंदना और श्रीराम के भजनों के साथ रामलीला शुरू हुआ। दशरथ दरबार में क्षेत्र के लोगों ने बताया कि जंगली जानवरों के कारण लोगों में भय है, जंगली जानवर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, इसके लिए कोई कार्रवाई की जाए। इसके बाद राजा दशरथ स्वयं जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए जंगल जाते हैं। श्रवण माता पिता के सच्चे सेवक थे जो अंधे माता पिता को पालकी के सहारे तीर्थ करवाने के लिए ले जा रहा थे। एक जगह पर माता पिता को प्यास लगी तो उन्होंने बेटा श्रवण को आज्ञा दी कि वे उनके लिये पानी लेकर आए।इस पर श्रवण पानी की तलाश करते हुए नदी तट पर गए और पानी भरने लगे, जैसे ही पानी भरने की आवाज हुई तो राजा दशरथ को लगा कि कोई जंगली जानवर पानी पी रहा है और उन्होंने शब्द भेदी तीर चला दी, जो कि श्रवण को लगा। श्रवण को जैसे ही तीर लगा वह असहाय पीड़ा के कारण तड़पने लगे ,राजा दशरथ उसके पास गए तो वे इस दृश्य को देख भावुक हो गए कि उनकी गलती से एक बहुत ही बड़ा पाप हो गया।श्रवण ने राजा दशरथ को अपने माता पिता तक पानी ले जाकर देने को कहा और अंतिम सांस ली। राजा दशरथ जैसे ही श्रवण के अंधे माता पिता को पानी देने गए तो उन्होंने अपने बेटे के बारे में पूछा तो राजा दशरथ ने सारा वृतांत कह सुनाया। इस पर उन्होंने श्राप दिया कि जिस प्रकार से वे अपने बेटे के वियोग में तड़प कर मर रहे हैं, वैसे ही तुम्हारी भी मौत ऐसे ही हो। राजा दशरथ अपने वंश को लेकर बहुत व्याकुल हो रहे थे कि उम्र बढ़ रही है और महल में राजपाठ को संभालने वाला कोई नहीं, इस पर उन्होंने ऋषि विश्वामित्र को बुलाया और उनके कहने पर पुत्र प्राप्ति के लिए हवन किया। मुनि ने उन्हें फल दिए और सभी रानियों को खिलाने को कहा। इसके बाद राजा के घर बच्चों को किलकारियों से गुंज उठा और चार बेटे हुए, जिनकी झांकी का दृश्य देख लोगों ने खूब सराहा। इस दौरान यज्ञाचार्य पं0सुखदेव मिश्र , आयोजक राम कृपाल यादव, सुभाष गुप्ता, बालगोविंद यादव, प्रभुनाथ यादव, रिषि चौधरी, कमलेश सैनी, राजू गुप्ता, मनोज यादव, राकेश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# हत्या आरोपी तीन गिरफ्तार




स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** जिले के मोहाना थाना पुलिस ने एक हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मामला मोहाना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरगदवा टोला निबियहवा निवासी 55 बर्षीय सैगन यादव शनिवार रात करीब 8 बजे अपने घर से शौच के लिए गांव के बाहर गए थे। आरोपियों ने पहले से घात लगाकर उन्हें जान से मारने की नीयत से सड़क पर पटक दिया। जिससे सैगन यादव गंभीर चोटे आई। स्वजनों ने मौके पर पहुंचकर सैगन यादव को उपचार के लिए सीएचसी बर्डपुर ले गये जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। रविवार को इलाज के दौरान सैगन की मौत हो गई। गिरफ्तार आरोपियों में रामानंद उर्फ रामा प्रजापति और रमेश कुमार प्रजापति पुत्र स्वर्गीय बेचन प्रसाद तथा मनीष कुमार पुत्र रामउजागिर शामिल हैं। सभी आरोपी निबिहवा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के निवासी हैं।थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों को तिघरा मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। मृतक के भाई ऐगन यादव की शिकायत पर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# मानदेय न मिलने पर ग्राम रोजगार सेवकों ने किया विरोध प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार ब्लाक मुख्यालय पर मंगलवार को ग्राम रोजगार वेलफेयर एसोसिएशन ने सात माह से मानदेय न मिलने से आक्रोशित होकर विरोध प्रदर्शन किया है। रोजगार सेवकों ने अविलंब सम्पूर्ण मानदेय का भुगतान न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदर्शन के दौरान ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष नवल किशोर गुप्ता ने कहा की लगातार सात माह से मानदेय भुगतान न होने से रोजगार सेवकों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है साथ ही पिछले चार माह से मनरेगा मजदूरों की मजदूरी का भी भुगतान नहीं हो रहा है। इससे गांवों में विकास कार्य के लिए मजदूर नही मिल पा रहे है। जो जाब कार्ड धारक मजदूर मनरेगा के तहत गांवों में कार्य किए है वह लोग रोजगार सेवकों के पास बार बार मजदूरी के लिए आते है। वही ब्लॉक के जिम्मेदारों द्वारा विकास कार्य करने का जोर दिया जा रहा है। मजदूरी न मिलने से जाब कार्ड धारक काम पर नही आ रहे है। उन्होंने कहा की यह समस्या ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायतों में है। यदि जल्द मानदेय का भुगतान नही हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान राजेश कुमार,प्रियंका उपाध्याय,श्यामू प्रसाद, मनोरमा पाठक,जितेंद्र कुमार, प्राची शुक्ला ,शैलेंद्र, तसनीम,विजय कुमार,राम सुभग,मदन कुमार,राधेश्याम आदि मौजूद रहे।

दैनिक स्वतंत्र प्रभात
www.swatantraprabhat.com



# संक्षिप्त ख़बरें

## मध्य रात्रि जेल में पड़ा छापा, मचा हड़कंप

**जामताड़ा, झारखंड-** सोमवार मध्य रात्रि को उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक जामताड़ा ने बिना किसी पूर्व सूचना के जामताड़ा स्थित मंडल कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस औचक निरीक्षण का उद्देश्य जेल की स्थिति और सुरक्षा की जाँच करना था। निरीक्षण लगभग एक घंटे तक चला। डीसी और एसपी ने जेल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों की जाँच की।

उनके द्वारा कैदियों को दी जाने वाली सुविधाओं, जैसे रहने की स्थिति और बुनियादी सुविधाओं की जाँच की गई। उनके द्वारा जेल के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और काम करने की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने यह भी जाँच की कि कैदियों का खाना कैसे बनाया जा रहा है और कैसे परोसा जा रहा है। निरीक्षण के उपरांत डीसी एवं एसपी ने जेल कर्मियों को मौजूदा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने या बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश एवं दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसी एवं एसपी के साथ जामताड़ा एसडीओ अनंत कुमार , जामताड़ा एसडीपीओ विकास आनंद लांगूरी सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे।

## जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें- उपायुक्त हेमंत सती



**साहेबगंज, झारखंड-** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी पदाधिकारी को आमजन की शिकायतों के प्रति उदासीनता नहीं बरतनी चाहिए और सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनता दरबार में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उन्होंने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और समाधान के प्रति नागरिकों को आश्वस्त किया। उन्होंने सभी आवेदनों की समीक्षा एवं प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनता दरबार में प्राप्त शिकायतें विभिन्न विभागों और योजनाओं से संबंधित थीं। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक शिकायत की भौतिक जांच कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी आदेश दिया कि समाधान प्रक्रिया की नियमित समीक्षा की जाए और निष्पादन की प्रतिपुष्टि (फीडबैक) उपायुक्त कार्यालय को सौंपी जाए। उन्होंने पदाधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे जनहित के मामलों को गंभीरता से लें और पारदर्शिता के साथ समस्या निवारण सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## विधानसभा में गूंजा चौपारण का पेयजल संकट, विधायक मनोज यादव ने सरकार से की त्वरित कार्रवाई की मांग




**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने झारखंड विधानसभा में चौपारण प्रखंड के बच्छई पंचायत के डुमरी गांव में वर्षों से लंबित पेयजल आपूर्ति योजना का मामला जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में शुरू हुई वाटर सप्लाई योजना का कार्य अब तक अधूरा पड़ा है, जिससे चौपारण के बच्छई, चौपारण चट्टी, ताजपुर सहित दर्जनों गांव भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। विधायक ने सदन में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में यह संकट और भी गंभीर हो जाता है, जिससे हजारों ग्रामीणों को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि इस अधूरी योजना को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सके।

**सरकार ने लिया संज्ञान, जल्द समाधान का आश्वासन-** इस मुद्दे के उठने के बाद सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है और जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। सरकार द्वारा उचित कार्रवाई किए जाने की उम्मीद है ताकि वर्षों से पेयजल संकट झेल रहे गांवों को राहत मिल सके।

**स्थानीय लोगों ने विधायक को कहा धन्यवाद** विधानसभा में यह मामला उठाए जाने के बाद, बच्छई पंचायत के मुखिया बिरेन्द्र रजक, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, उपमुखिया संजय साव, चौपारण मुखिया प्रतिनिधि बिंनोद सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, देवल यादव, पवन सिंह, अशोक केशरी, प्रदीप साव, सन्नी मित्तल, हेमराज साव, पूर्व मुखिया शौकत खान सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने विधायक मनोज यादव का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों को उम्मीद है कि अब उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान जल्द ही होगा।

# गनपूरा पंचायत के तिरीलडीह ग्राम से सीधे तौर पर प्रवेश एवम् निकास पथ नहीं होने से ग्रामीणों की बढ़ी चिंता

**● पथविहीन ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति गहरी नाराज़गी**



स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड-** प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया से 10 किलोमीटर दूर, गनपूरा पंचायत के ग्राम तिरीलडीह से सीधे तौर पर प्रवेश व निकास पथ अब तक नहीं रहने से लोगों की चिंता बढ़ती दिखी। 18 मार्च को सापादाहा कोड़बे टोला तथा तिरीलडीह के ग्रामीण, विशेष रूप से बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रशासन के प्रति क्षोभ मिश्रित गहरी नाराज़गी व्यक्त करते हुए कहा कि कोड़बे टोला स्थित पीसीसी रोड से सापादाहा मध्य विद्यालय होकर तिरीलडीह गांव तक सीधे न तो ग्रेड वन/टू रोड है और न ही पीसीसी या पक्की सड़क का निर्माण किया गया है। पूछने पर ग्रामीणों ने एक स्वर में बताया कि पाकुड़िया-गनपूरा पीडब्ल्यूडी पथ से डूंगी बरमसिया के पोषाहार केंद्र तथा विद्यालय तक कच्ची सड़क से यदि ग्रामीणों को तिरीलडीह आना-जाना करना पड़ता है तो धान के खेतों से होकर गुजरना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर, लोगों को सापादाहा कोड़बे टोला मध्य विद्यालय होते हुए कच्ची सड़क से तिरीलडीह आवागमन करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि झारखंड राज्य गठन के 20 सालों बाद भी तिरीलडीह ग्राम तक सीधी और अच्छी सड़क का निर्माण नहीं होने से आवागमन में अत्यधिक कठिनाई होती रही है। लोग खेतों के रास्ते से आने-जाने को मजबूर हैं, परंतु अत्यधिक शोचनीय बात यह है कि अब तक किसी सरकार और सड़क विभाग ने सापादाहा तथा बरमसिया ग्राम से तिरीलडीह तक सीधी सड़क निर्माण क्यों नहीं किया। इस कारण सभी ग्रामीण आक्रोशित व पीड़ित हैं। यद्यपि सापादाहा एवं ग्राम तिरीलडीह में पीसीसी रोड का निर्माण किया गया है, फिर भी तिरीलडीह व सापादाहा विद्यालय होकर तथा बरमसिया ग्राम से सीधा पथ न बनने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ी है। पूछने पर ग्रामीणों का मानना है कि निकट के ग्रामों में नए सिरे से पीसीसी पथों का निर्माण किया गया है, जबकि वहां न तो लोगों के घर हैं और न ही किसी अन्य ग्राम या टोले का आवागमन है। यह विभागीय पदाधिकारियों की उदासीनता को दर्शाता है। जन प्रतिनिधियों को भी इस दिशा में सचेत रहना चाहिए। विभागीय पदाधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर पथ निर्माण की पहल करनी चाहिए ताकि ग्रामीणों के आवागमन में सुविधा हो।

# बरही अनुमंडल में स्टेडियम निर्माण को लेकर विधायक मनोज यादव ने विधानसभा में उठाया सवाल, जल्द पूरा होगा निर्माण कार्य

स्वतंत्र प्रभात




**बरही, झारखंड-** बरही विधानसभा के विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रश्न के माध्यम से सवाल पूछा है कि हजारीबाग जिले के बरही अनुमंडल में स्टेडियम निर्माण कार्य की स्थिति पर सरकार से जवाब मांगा है। बरही विधायक मनोज यादव ने सरकार से तीन प्रमुख सवाल पूछे है। उन्होंने पूछा है कि क्या यह सच है कि वर्ष 2017 में बरही अनुमंडल में अनुमंडल स्तरीय स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था? क्या उपायुक्त, हजारीबाग ने वर्ष 2023 में इस निर्माण कार्य का पुनरीक्षित प्राक्कलन खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, रांची को स्वीकृति हेतु भेजा था, जो अब तक स्वीकृत नहीं हुआ? यदि उपरोक्त दोनों बिंदु सही हैं, तो क्या सरकार इस स्टेडियम के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति देकर कार्य प्रारंभ करने का विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक, और यदि नहीं, तो क्यों? जिसके बाद मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जवाब दिया है कि वर्ष 2017-18 में बरही में अनुमंडलीय स्तरीय स्टेडियम निर्माण के लिए 3,15,79,900 रुपये की स्वीकृति दी गई थी। उपायुक्त, हजारीबाग ने इस निर्माण कार्य के पुनरीक्षित प्राक्कलन को 3,52,12,600 रुपये के रूप में खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग को भेजा था, लेकिन यह अब तक सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त नहीं कर सका है। इस संबंध में विभाग द्वारा पत्रांक-498, दिनांक 12.03.2025 के माध्यम से उपायुक्त, हजारीबाग से पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन की मांग की गई है। सरकार उपायुक्त से स्वीकृत प्राक्कलन प्राप्त होने के बाद बजट उपलब्धता के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई करेगी।

**जनता में नाराजगी, स्टेडियम निर्माण में हो रही देरी**

बरही अनुमंडल के युवा और खेल प्रेमी लंबे समय से इस स्टेडियम के निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हालांकि, सरकार द्वारा वित्तीय स्वीकृति दिए जाने के बावजूद, तकनीकी स्वीकृति में हो रही देरी से निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका है। अब सभी की निगाहें उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा आवश्यक दस्तावेज सरकार को भेजने और बजट मंजूरी पर टिकी हैं। बताते चलें कि विधायक मनोज कुमार यादव के इस प्रश्न के बाद सरकार पर इस मामले में तेजी से कार्रवाई करने का दबाव बढ़ गया है।

विधायक मनोज यादव ने बताया कि यदि उपायुक्त द्वारा जल्द आवश्यक स्वीकृति प्रदान कर दी जाती है, तो सरकार बजट उपलब्धता के आधार पर कार्य प्रारंभ कर सकती है। बरही के स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही इस स्टेडियम के निर्माण का कार्य शुरू होगा, जिससे क्षेत्र के युवाओं को खेल-कूद के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

# जमशेदपुर में आयोजित अंतरजिला झारखंड वीमेंस अंडर-19 क्रिकेट टीम में बरही बीएसए की 8 खिलाड़ी चयनित

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** हजारीबाग जिले के लिए गर्व का क्षण तब आया जब बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन की 8 महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन जमशेदपुर में आयोजित अंतरजिला झारखंड वीमेंस अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए हुआ। सभी आठ खिलाड़ी हजारीबाग जिला का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह टूर्नामेंट झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में जमशेदपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में हजारीबाग, रांची, जमशेदपुर, रामगढ़, देवघर, कोडरमा, धनबाद, बोकारो, सिमडेगा, लोहरदगा, खूंटी और गिरिडीह की महिला क्रिकेट टीमें भाग लेंगी। सभी टीमों को दो ग्रुप ग्रुप ए और ग्रुप बी में विभाजित किया गया है। हजारीबाग की टीम को ग्रुप ए में रखा गया है, जहां उन्हें अपने तीन लीग मैच खेलने होंगे। उन्हें 18 मार्च को हजारीबाग बनाम लोहरदगा, 21 मार्च को हजारीबाग बनाम बोकारो, 22 मार्च को हजारीबाग बनाम गिरिडीह खेलना है। सभी मैच जमशेदपुर के टेल्को मैदान में खेले जाएंगे। हज़ारीबाग जिला का कप्तानी रिंकी कुमारी करेंगी।

**बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन की इन खिलाड़ियों को मिला मौका-** बरही बीएसए से चयनित इन आठ प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों ने कठिन अभ्यास और शानदार प्रदर्शन के दम पर झारखंड वीमेंस अंडर-19 टूर्नामेंट में अपनी जगह बनाई। चयनित खिलाड़ियों में वर्षा कुमारी पिता बीरेंद्र कुमार ग्राम न्यू कॉलोनी, बरही, सोनम कुमारी पिता सकलदेव यादव ग्राम लराही, चौपारण, सोनी कुमारी पिता चंद्रदेव कुमार यादव ग्राम सिंहपुर, रितिका कुमारी पिता गणपत राणा ग्राम हजारी धमना, अंकिता कुमारी पिता बिनोद कुमार यादव ग्राम तोया, चौपारण, कृति कुमारी पिता बिनोद राणा ग्राम हजारी धमना, चौपारण, सलोनी कुमारी पिता छोटन राणा ग्राम कुंडवा, रिंकी राणा पिता भरत राणा ग्राम बरहीडीह शामिल है।

**बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन का अहम योगदान-** सभी खिलाड़ी बरही प्रखंड मैदान में संचालित बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन (बीएसए) में प्रशिक्षण लेती हैं। बीएसए के संरक्षण में इन खिलाड़ियों को नियमित कोचिंग और बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे वे राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारी बेटियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। हमें उम्मीद है कि ये खिलाड़ी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करेंगी और झारखंड की टीम में अपनी जगह बनाएंगी। इन खिलाड़ियों के चयन की खबर सुनते ही जिलेभर से बधाइयों का तांता लग गया। बधाई देने वालों में विधायक मनोज यादव, पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला, युवा नेता अरुण साहू, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजित कुमार विमल, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, इंस्पेक्टर आभास कुमार, चंद्रशेखर कुमार, व्यवसायी संघ अध्यक्ष कपिल केशरी, व्यवसायी मनोज केशरी, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, रंजीत चंद्रवंशी, अमित केशरी, डीएवी पब्लिक स्कूल प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़, आइलेक्स पब्लिक स्कूल निदेशक शैलेश कुमार, श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल प्राचार्य रोहित सिंह, रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल प्राचार्य अनूप सिंह, उच्च विद्यालय बरही के प्राचार्य शिवकुमार राम, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविकांत ओम, संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, अध्यक्ष नौशाद अहमद, सचिव बलराम केशरी, धर्मपाल केशरी, रौशन राणा, अनिल रजक, मनितोष यादव, बसंत ठाकुर, कुलदीप कुमार सहित अन्य शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के लिए बरही प्रखंड कार्यालय में महिलाओं की भीड़

**● धीरे-धीरे सभी के खातों में पैसे भेजे जा रहे हैं- बीडीओ**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का लाभ पाने के लिए मंगलवार को बरही प्रखंड कार्यालय में महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिला। महिलाएं सुबह से ही कार्यालय पहुंच गई, लेकिन स्पष्ट दिशा-निर्देशों के अभाव में उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। कंप्यूटर ऑपरेटर के पास लंबी कतारें लगीं, जिससे महिलाओं को काफी परेशानी हुई। लाभार्थी महिलाओं ने शिकायत की कि प्रक्रिया सुचारू न होने के कारण उन्हें बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। स्थानीय प्रशासन से मांग की जा रही है कि आवेदन प्रक्रिया को सरल और व्यवस्थित किया जाए, ताकि महिलाओं को अनावश्यक परेशानी न हो। इस संबंध में बरही बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि कुछ लाभार्थियों के खातों में योजना की राशि भेजी जा चुकी है, जबकि कुछ को अभी इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, जिन महिलाओं के खाते में पहले राशि आई थी, उन्हें इस बार भुगतान में देरी हो रही है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। धीरे-धीरे सभी के खातों में पैसे भेजे जा रहे हैं। बीडीओ ने बताया कि नए आवेदकों को प्रज्ञा केंद्रों से फॉर्म ऑनलाइन भरवाकर उसकी हार्ड कॉपी प्रखंड कार्यालय में जमा करनी होगी। उन्होंने सभी लाभार्थियों से धैर्य रखने की अपील की और भरोसा दिलाया कि वे पूरी कोशिश कर रहे हैं कि सभी के खाते में जल्द से जल्द राशि पहुंच जाए। प्रखंड कार्यालय पहुंचीं लाभार्थी महिलाएं मईया सम्मान योजना का लाभ लेने पहुंची महिलाओं में अंजू देवी, रीना देवी, द्रौपदी देवी, आरती देवी, कुसुम देवी, पार्वती देवी, रेशमा खातून, इशरत प्रवीन, सरोज देवी, गुड़िया देवी, गौरा देवी और रेखा देवी आदि शामिल थीं। अब देखना होगा कि प्रशासन कब तक पूरी राशि लाभार्थियों तक पहुंचाने में सफल होता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.swatantraprabhat.com
स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

# हजारीबाग यूथ विंग की नई कार्यकारिणी गठित, रामनवमी और रमजान सेवा कार्यक्रम की जोरदार तैयारी

स्वतंत्र प्रभात




**हजारीबाग, झारखंड-** हजारीबाग यूथ विंग ने वर्ष 2025-27 के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के मार्गदर्शन में गठित इस कमेटी का उद्देश्य समाज सेवा और सांस्कृतिक समरसता को बढ़ावा देना है। संगठन के अध्यक्ष करण जायसवाल अपने पद पर बने रहेंगे और समाज सेवा के कार्यों का नेतृत्व करेंगे।

**नई कार्यकारिणी की घोषणा-** संगठन की नई कार्यकारिणी में सचिव रितेश खंडेलवाल, सह सचिव अभिषेक पांडे, उपाध्यक्ष विकास तिवारी और कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने विश्वास जताया कि सभी सदस्य अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे।

**रामनवमी पर लड्डू महाभोग वितरण-** हर साल की तरह इस बार भी हजारीबाग यूथ विंग 6 अप्रैल को महावीर स्थान मंदिर के समक्ष लड्डू महाभोग वितरण का भव्य आयोजन करेगा। यह आयोजन लगातार चौथे वर्ष आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम के संयोजक अभिषेक पांडे (सह सचिव) होंगे, जबकि सहसंयोजक जयप्रकाश खंडेलवाल, विकास केशरी और संजय कुमार होंगे।

**रमजान सेवा कार्यक्रम भी होगा आयोजित-** संगठन समाज में सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत करने के उद्देश्य से रमजान के पवित्र महीने में भी सेवा कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसके तहत जरूरतमंदों को सहायता प्रदान की जाएगी। इस कार्य के प्रभारी मोहम्मद ताजुद्दीन होंगे, जबकि सहयोगी के रूप में सचिव रितेश खंडेलवाल को जिम्मेदारी दी गई है।

**समाज सेवा और एकता को बढ़ावा देने का संकल्प-** अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा, "मुझे पुनः अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिली है, जिसके लिए मैं सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं। हमारा उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सभी समुदायों को जोड़ते हुए सामाजिक एकता और सेवा की भावना को मजबूत करना है। हम सभी सदस्यों से आह्वान करते हैं कि वे पूरे समर्पण के साथ इन कार्यक्रमों में भाग लें और हजारीबाग को और अधिक एकजुट और सशक्त बनाएं।" इस बैठक में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव रितेश खंडेलवाल, सहसचिव अभिषेक पांडे, उपाध्यक्ष विकास तिवारी, कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया, जयप्रकाश खंडेलवाल, विकास केशरी, संजय कुमार, डॉक्टर बी वेंकटेश, प्रिंस कसेरा, प्रवेक जैन, सिद्धार्थ कुमार उर्फ सिद्धू, सत्यनारायण सिंह, सनी देव, विवेक तिवारी, प्रणीत जैन, रोहित बजाज, कैलाश कुमार, राजेश जैन समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

# निम्नस्तरीय गार्डवाल निर्माण पर लोगों ने नाराज़गी जताते हुए की संवेदक पर उचित कार्रवाई की मांग

**● प्राक्कलन की अनदेखी कर किया जा रहा है घटिया गार्डवाल का निर्माण- स्थानीय**

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया/पाकुड़/ झारखण्ड-** पाकुड़िया प्रखंड के फुझिंझरी पंचायत के अंतर्गत आलू दाहा ग्राम में आरईओ पथ निर्माण के क्रम में गार्डवाल निर्माण में बड़े पैमाने पर प्राक्कलन एवं सरकारी निर्देशों को पूर्णतः ताक पर रखते हुए रोड के निकट गार्डवाल का निर्माण किया जा रहा है। बताया जाता है कि उक्त गार्डवाल निर्माण में घटिया व पुराना बोल्डर नीचे बिना मसाला दिए ही बैठाकर ऊपर से 10 भाग के मिक्सचर से जैसे-तैसे ढंक दिया जा रहा है, जिससे बहुत ही शीघ्र गार्डवाल बिखरकर ध्वस्त होने की संभावना ग्रामीणों को दिख रही है। एक ओर आरईओ पथों के शिलान्यास के दौरान माननीय विधायक व नेता लोग बड़े गर्व से घोषणा करते रहे हैं कि निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा, वहीं दूसरी ओर आरईओ विभाग द्वारा निर्मित सड़क, पुलिया, गार्डवालों तथा पक्की सड़कों के निर्माण में घटियापन स्पष्ट रूप से दिख रहा है। इसी कारण कहीं-कहीं सड़क पर दरारें पड़ती देखी जा रही हैं।

लोगों का मानना है कि अगर 19-20 का फर्क होता तो ग्रामीण इसे नज़रअंदाज़ कर देते, लेकिन जब प्राक्कलन की पूरी अनदेखी कर योजनाओं का निर्माण किया जा रहा है तो ग्रामीणों में गहरी नाराज़गी देखी जा रही है। कारण बिल्कुल स्पष्ट है, निम्नस्तरीय निर्माण देखने से ही उसकी गुणवत्ता पर सवाल उठते हैं। ऐसी घटिया निर्माण कार्यों की जांच कर उचित कार्रवाई संवेदक पर अवश्य की जानी चाहिए। सरकार ऐसी योजनाओं के निर्माण के लिए संवेदकों को लाभ देती है, लेकिन यदि वे निर्माण कार्य में लापरवाही बरतते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने चाहिए।

# रामनवमी पूजा को लेकर सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति पटना रोड बरही की बैठक संपन्न, सुनील साहू बनें अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति पटना रोड, बरही की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता भगवान केसरी ने की, जबकि सभा का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता अमित साहू ने किया। बैठक में समिति के सभी प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे और आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में रामनवमी पूजा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें पूजा पदाधिकारियों को चुना गया जिसमें अंजनी अखाड़ा के अध्यक्ष सुनील साहू, सचिव राजेश केसरी, सह सचिव राजेश साव, उपाध्यक्ष रवि साहू, पंकज सिंह, सिकंदर यादव, सुधीर रजक, रोहित साहू, कोषाध्यक्ष छोटू सिंह, सह कोषाध्यक्ष प्रिंस सिन्हा, संरक्षक मंडल में भुनेश्वर साहू, अमित साहू, भगवान केसरी, रितेश गुप्ता, महेंद्र केसरी, निर्मल केसरी, राजू प्रसाद, दिनेश कुमार उर्फ पप्पू, अशोक केसरी को संरक्षक के रूप में चुना गया। बैठक में तय किया गया कि इस वर्ष रामनवमी पूजा को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने पूजा पंडाल, अखाड़ा, शोभायात्रा, सुरक्षा व्यवस्था, भंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में सुनील कुमार साहू, अमित कुमार साहू, रितेश गुप्ता, रवि साहू, सुधीर केसरी, अशोक प्रसाद केसरी, राजू साहू, दीपक साहू, अरुण कुमार, टिंकू कुमार, आशीष केसरी, रोहित कुमार, छोटू कुमार, प्यारेलाल, दिनेश कुमार, नागेंद्र कुमार, महेश इंद्र, महेंद्र केसरी, अमित कुमार, पिंटू कुमार, अरुण कुमार, राजेश कुमार, मनीष केसरी, प्रिंस कुमार, रोहित कुमार समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।रामनवमी महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद बेल्हा के अन्तर्गत नालों एवं नालियां का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने नगर पालिका परिषद बेल्हा के अन्तर्गत गायघाट रोड पर निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण कर गुणवत्ता को परखा और नाले के ऊपर लोगों द्वारा अतिक्रमण किये जाने पर जिलाधिकारी ने जेई को कड़ी फटकार लगायी और वहां पर रह रहे लोगो को निर्देशित किया कि नाले के ऊपर अतिक्रमण न किया जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी। उन्होने गायघाट रोड पर पैदल भ्रमण कर जलभराव एवं जल निकासी का अवलोकन किया और निर्देशित किया कि जो भी कमियां है उसे दुरूस्त कराया जाय। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद बेल्हा क्षेत्रान्तर्गत रूपापुर, देवकली, स्टेशन रोड, लोकमान्य तिलक इण्टर कालेज के पास नाले/नालियों का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगो से जानकारी ली। बरसात से जलभराव की जानकारी पर जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद बेल्हा के सम्बन्धित को निर्देशित किया कि जल निकासी की व्यवस्था करायी जाय, नालों/नालियों में जो भी गन्दगी एवं पानी भरा हुआ पम्पसेट लगाकर जल निकासी करायी जाय, टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत करायी जाय।जिससे वर्षा के दौरान आसानी से जल निकासी हो सके। उन्होने कहा कि जहां पर जल निकासी की आवश्यकता हो वहां पर नालियों का निर्माण कराया जाये। स्टेशन रोड पर जल निकासी के लिये रोड से गुजरे हुये नालो पर लोहे के पाइप डाले जाय जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना न होने पाये। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने सब्जी मण्डी से राजकीय इण्टर कालेज तक पैदल भ्रमण करते हुये विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा। भ्रमण के दौरान बजबजाती नालियों को देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुये नालो/नालियों की सफाई कराने का निर्देश दिया और अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम में सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन के पहले मैच में रायबरेली की टीम विजई

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का मंगलवार को दूसरा दिन के पहले मैच में उद्घाटन अभिजीत सिंह पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी एवं डायमंड ग्रुप लखनऊ के डायरेक्टर मनजीत कुमार सिंह के द्वारा किया गया। साथ में जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी आदित्य शुक्ला धर्मेंद्र सिंह गुड्डू और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद सफीक एवं समस्त कोच उपस्थित रहे। पहला मैच अमेठी क्रिकेट एसोसिएशन एवं रायबरेली क्रिकेट एसोसिएशन के बीच हुआ जिसमें अमेठी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। रायबरेली की टीम बैटिंग करने के लिए उतरी और उन्होंने 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 146 रन का विशाल का स्कोर खड़ा किया। रायबरेली की तरफ से आदित्य सिंह ने एवं शिव सोनकर ने 38 रन बनाएं अमेठी क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से अभिनव सिंह ने चार ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट लिए और पूरी टीम को बैक फुट पर डाल दिया। जवाब देने उतरी अमेठी की टीम 17 ओवर में 86 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और यह मैच रायबरेली ने जीत लिया और अमेठी की तरफ से सिद्धार्थ त्रिपाठी ने 23 बालों पर 34 रन बनाएं। अभिषेक तिवारी ने रायबरेली की तरफ से चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट लिया और मैन ऑफ द मैच रहे। इस दिन का दूसरा मैच सुल्तानपुर क्रिकेट एसोसिएशन और आजमगढ़ के बीच खेला गया जिसमें सुल्तानपुर ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया बल्लेबाजी करते हुए सुल्तानपुर की टीम ने 20 ओवर की समाप्ति पर 141 रन 6 विकेट के नुकसान पर बनाएं।सुल्तानपुर की तरफ से शिव आशीष ने 63 रन बनाए सचिन सिंह ने 27 रन बनाए और विमर्श पांडे ने 19 रन बनाए आजमगढ़ की तरफ से अतुल ने दो विकेट पुलकित में एक विकेट और सूर्यांश तिवारी ने एक विकेट लिया। जवाब देने उतरी आजमगढ़ की टीम ने 18 ओवर में ही 142 रन बनाकर यह मैच जीत लिया। धनंजय यादव ने 20 बालों में 35 रन बनाए सौरभ ने 36 रन बनाए सुल्तानपुर की तरफ से सचिन सिंह और शिवाशीष ने दो-दो विकेट लिए और यह मैच आजमगढ़ ने जीत लिया।

# ट्रम्प प्रशासन द्वारा टैरिफ सम्बंधी लिए जा रहे निर्णयों का भारत पर प्रभाव

**यदि अमेरिका अपने देश में हो रहे उत्पादों के आयात पर टैरिफ में लगातार वृद्धि करता है तो यह उत्पाद अमेरिका में बहुत महंगे हो जाएंगे और इससे अमेरिकी नागरिकों पर मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ेगा। क्या अमेरिकी नागरिक इस व्यवस्था को लम्बे समय तक सहन कर पाएंगे।**

अमेरिका में दिनांक 20 जनवरी 2025 को नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ली गई शपथ के उपरांत ट्रम्प प्रशासन आर्थिक एवं अन्य क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण फैसले बहुत तेज गति से ले रहा है। इससे विश्व के कई देश प्रभावित हो रहे हैं एवं कई देशों को तो यह भी समझ में नहीं आ रहा है कि अंततः आगे आने वाले समय में इन फैसलों का प्रभाव इन देशों पर किस प्रकार होगा।

ट्रम्प प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को बढ़ा रहा है क्योंकि इन देशों द्वारा अमेरिका से आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। इस संदर्भ में हालांकि केवल भारत का नाम नहीं लिया गया है बल्कि ÷टिट फोर टेट÷ एवं ÷रेसिप्रोकल÷ आधार पर कर लगाने की बात की जा रही है और यह समस्त देशों से अमेरिका में हो रहे आयात पर लागू किया जा सकता है एवं इसके लागू होने की दिनांक भी 2 अप्रेल 2025 तय कर दी गई है। इस प्रकार की नित नई घोषणाओं का असर अमेरिका सहित विभिन्न देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर स्पष्टतः दिखाई दे रहा है एवं शेयर बाजारों में डर का माहौल बन गया है।

अमेरिका में उपभोक्ता आधारित उत्पादों का आयात अधिक मात्रा में होता है और अब अमेरिका चाहता है कि इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ हो ताकि इन उत्पादों का अमेरिका में आयात कम हो सके। दक्षिण कोरीया, जापान, कनाडा, मेक्सिको आदि जैसे देशों की अर्थव्यवस्था केवल कुछ क्षेत्रों पर ही टिकी हुई है अतः इन देशों पर अमेरिका में बदल रही नीतियों का अधिक विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। जबकि भारत एक विविध प्रकार की बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था है, अतः भारत को कुछ क्षेत्रों में यदि नुक्सान होगा तो कुछ क्षेत्रों में लाभ भी होने की प्रबल सम्भावना है। संभवतः अमेरिका ने भी अब यह एक तरह से स्वीकार कर लिया है कि भारत के कृषि क्षेत्र को टैरिफ युद्ध से बाहर रखा जा सकता है, क्योंकि भारत के किसानों पर इसका प्रभाव विपरीत रूप से पड़ता है। और, भारत यह किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा कि भारत के किसानों को नुक्सान हो। डेरी उत्पाद एवं समुद्रीय उत्पादों में भी आवश्यक खाने पीने की वस्तुएं शामिल हैं। भारत अपने देश में इन उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्देश्य से इन उत्पादों के आयात पर टैरिफ लगाता है, ताकि अन्य देश सस्ते दामों पर इन उत्पादों को भारत के बाजार में डम्प नहीं कर सकें। साथ ही, भारत में मिडल क्लास की मात्रा में वृद्धि अभी हाल के कुछ वर्षों में प्रारम्भ हुई है अतः यह वर्ग देश में उत्पादित सस्ती वस्तुओं पर अधिक निर्भर है, यदि इन्हें आयातित महंगी वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती हैं तो वह इन्हें सहन नहीं कर सकता है। अतः यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों को सस्ते उत्पाद उपलब्ध करवाए। अन्यथा, यह वर्ग एक बार पुनः गरीबी रेखा के नीचे आ जाएगा। भारत ने मुद्रा स्फीति को भी कूटनीति के आधार पर नियंत्रण में रखने में सफलता प्राप्त की है। रूस, ईरान, अमेरिका, इजराईल, चीन, अरब समूह आदि देशों के साथ अच्छे सम्बंध रखकर विदेशी व्यापार करने में सफलता प्राप्त की है। जहां से भी जो वस्तु सस्ती मिलती है भारत उस देश से उस वस्तु का आयात करता है। इसी नीति पर चलते हुए, कच्चे तेल के आयात के मामले में भी भारत ने विभिन्न देशों से भारी मात्रा में छूट प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है और ईंधन के दाम भारत में पिछले लम्बे समय से स्थिर बनाए रखने में सफलता मिली है।

अमेरिका द्वारा चीन, कनाडा एवं मेक्सिको पर लगाए गए टैरिफ के बढ़ाने के पश्चात इन देशों द्वारा भी अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर टैरिफ लगा दिए जाने के उपरांत अब विभिन्न देशों के बीच व्यापार युद्ध एक सच्चाई बनता जा रहा है। परंतु, क्या इसका असर भारत के विदेशी व्यापार पर भी पड़ने जा रहा है अथवा क्या कुछ ऐसे क्षेत्र भी ढूढे जा सकते हैं जिनमें भारत लाभप्रद स्थिति में आ सकता है। जैसे, अपैरल (सिले हुए कपड़े) एवं नान अपैरल टेक्सटायल का मेक्सिको से अमेरिका को निर्यात प्रतिवर्ष लगभग 450 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहता



है और मेक्सिको का अमेरिका को निर्यात के मामले में 8वां स्थान है। अमेरिका द्वारा मेक्सिको से आयात पर टैरिफ लगाए जाने के बाद टेक्सटायल से सम्बंधित उत्पाद अमेरिका में महंगे होने लगेंगे अतः इन उत्पादों का आयात अब अन्य देशों से किया जाएगा। मेक्सिको अमेरिका को 250 करोड़ अमेरिकी डॉलर के कॉटन अपैरल का निर्यात करता है एवं 150 करोड़ अमेरिकी डॉलर के नान कॉटन अपैरल का निर्यात करता है। कॉटन अपैरल के आयात के लिए अब अमेरिकी व्यापारी भारत की ओर देखने लगे हैं एवं इस संदर्भ में भारत के निर्यातकों के पास पूछताछ की मात्रा में वृद्धि देखी जा रही है। इन परिस्थितियों के बीच, टेक्स्टायल उद्योग के साथ ही, फार्मा क्षेत्र, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र, इंजीयरिंग क्षेत्र एवं श्रम आधारित उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी भारत को लाभ हो सकता है।

यदि अमेरिका अपने देश में हो रहे उत्पादों के आयात पर टैरिफ में लगातार वृद्धि करता है तो यह उत्पाद अमेरिका में बहुत महंगे हो जाएंगे और इससे अमेरिकी नागरिकों पर मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ेगा। क्या अमेरिकी नागरिक इस व्यवस्था को लम्बे समय तक सहन कर पाएंगे। उदाहरण के तौर पर फार्मा क्षेत्र में भारत से जेनेरिक्स दवाईयों का निर्यात भारी मात्रा में होता है। यदि अमेरिका भारत के उत्पादों पर टैरिफ लगाता है तो इससे अधिक नुक्सान तो अमेरिकी नागरिकों को ही होने जा रहा है। भारत से आयात की जा रही सस्ती दवाएं अमेरिका में बहुत महंगी हो जाएंगी। इससे अंततः अमेरिकी नागरिकों के बीच असंतोष फैल सकता है। अतः अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन के लिए टैरिफ को लम्बे समय तक बढ़ाते जाने की अपनी सीमाएं हैं।


अमेरिका विश्व का सबसे पुराना लोकतंत्र एवं सबसे बड़ा विकसित देश है और इस नाते अन्य देशों के प्रति अमेरिका की जवाबदारी भी है। टैरिफ बढ़ाए जाने के सम्बंध में इक तरफा कार्यवाही अमेरिका की अन्य देशों के साथ सौदेबाजी की क्षमता तो बढ़ा सकती है परंतु यह कूटनीति लम्बे समय तक काम नहीं आ सकती है। अमेरिकी नागरिकों के साथ साथ अन्य देशों में भी असंतोष फैलेगा। कोई भी व्यापारी नहीं चाहता कि नीतियों में अस्थिरता बनी रहे। इसका सीधा सीधा असर विश्व के समस्त स्टॉक मार्केट पर विपरीत रूप से पड़ता हुआ दिखाई भी दे रहा है। यदि यह स्टॉक मार्केट के अतिरिक्त अन्य बाजारों एवं नागरिकों के बीच में भी फैला तो मंदी की सम्भावनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता है। अमेरिका के साथ साथ अन्य कई देश भी मंदी की चपेट में आए बिना नहीं रह पाएंगे। अर्थात, इस प्रकार की नीतियों से विश्व के कई देश विपरीत रूप में प्रभावित होंगे।

अमेरिका को भी टैरिफ के संदर्भ में इस बात पर एक बार पुनः विचार करना होगा कि विकसित देशों पर तो टैरिफ लगाया जा सकता है क्योंकि अमेरिका एवं इन विकसित देशों में परिस्थितियां लगभग समान है। परंतु विकासशील देशों जैसे भारत आदि में भिन्न परिस्थितियों के बीच तुलनात्मक रूप से अधिक परेशानियों का सामना करते हुए विनिर्माण क्षेत्र में कार्य हो रहा है, अतः विकसित देशों एवं विकासशील देशों को एक ही तराजू में कैसे तौला जा सकता है। विकासशील देशों ने तो अभी हाल ही में विकास की राह पर चलना शुरू किया है और इन देशों को अपने करोड़ों नागरिकों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाना है। इनके लिए विकसित देश बनने में अभी लम्बा समय लगना है। अतः विकसित देशों को इन देशों को विशेष दर्जा देकर इनकी आर्थिक मदद करने के लिए आगे आना चाहिए। अमेरिका को विकसित देश बनने में 100 वर्ष से अधिक का समय लग गया है और फिर विकासशील देशों के साथ इनकी प्रतिस्पर्धा कैसे हो सकती है। विकासशील देशों को अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने का अधिकार है, अतः विकासशील देश तो टैरिफ लगा सकते हैं परंतु विकसित देशों को इस संदर्भ में पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

## संपादकीय

# मप्र नौकरशाही के भगवाकरण का श्रीगणेश

मध्यप्रदेश में जो अब तक नहीं हुआ था,वो अब हो रहा है। मध्यप्रदेश में 2003 से अभी तक भाजपा की सरकार है। 19 महीने की कांग्रेस सरकार एक अपवाद थी। इस लंबे कार्यकाल में भाजपा ने प्रदेश में बहुत से नवाचार किये लेकिन पहली बार प्रदेश की नौकरशाही का भगवाकरण शुरू हुआ है वो भी सामंतों के शहर ग्वालियर से। ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रुचिका सिंह और निगमायुक्त संघप्रिय ने भाजपा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में न सिर्फ भाग लिया बल्कि भाजपा नेताओं के साथ तस्वीरें खिंचवाई और गले में भगवा दुपट्टे डलवाये।



मेरे पांच दशक की पत्रकारिता के अनुभव में ऐसे दृश्य पहले कभी देखने को नहीं मिले ,इसलिए मै चौंका भी और मुझे कुछ अटपटा भी लगा।सवाल ये है कि क्या भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसरों को किसी राजनीतिक दल के कार्यक्रम में शामिल होने का संवैधानिक अधिकार है ? या लोकसेवकों की कोई आचार संहिता भी है जो उन्हें राजनीतिक दलों की गतिविधियों में शामिल होने से रोकती भी है। सवाल ये नहीं है कि प्रशासनिक अधिकारी सत्तारूढ़ दल के कार्यक्रम में शामिल हुए,सवाल ये है कि क्या ऐसा कर उन्होंने कोई नजीर पैदा की है ? सवाल ये भी है कि लोकसेवकों के इस आचारण का आम जनता पर,और प्रशासनिक कामकाज पर भी कोई असर पडेगा या नहीं ?

जहाँ तक मेरा ज्ञान है कि लोक सेवा अधिनियम, 2007 (संशोधन, 2009) में जिन नैतिक मूल्यों पर बल दिया गया है, उन्हें नीति संहिता माना जा सकता है।इस नीति संहिता के मुताबिक लोकसेवक को संविधान की प्रस्तावना में आदर्शों के प्रति निष्ठा रखना।तटस्थता, निष्पक्षता बनाए रखना।

किसी राजनीतिक दल के प्रति सार्वजनिक निष्ठा न रखना। यदि किसी दल से लगाव हो तो भी अपने कार्यों पर प्रभाव न पड़ने देना।देश की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता के प्रति सम्मान का भाव रखते हुए वंचित समूहों (लिंग, जाति, वर्ग या अन्य कारणों से) के प्रति करुणा का भाव रखते हुए निर्णयन प्रक्रिया में उत्तरदायित्व एवं पारदर्शिता के साथ-साथ उच्चतम सत्यनिष्ठा को बनाए रखना चाहिए।

मेरे सम्पर्क में ऐसे बहुत से लोकसेवक रहे हैं जिनकी अपनी राजनीतिक निष्ठाएं थीं लेकिन वे कभी खुलकर किसी राजनीतिक दल के किसी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। एक आईपीएस थे अयोध्यानाथ पाठक ,वे तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के अंधभक्त थे । उन्होंने 1983 में महाराज बाड़ा पर एक संगठन की आमसभा में आरएसएस के खिलाफ खुलकर भाषण दिए थे। उनकी इस कार्रवाई पर विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ था और पाठक जी को सफाई देना पड़ी थी।पाठक जी प्रदेश कि पुलिस महानिदेशक बनर सेवनिवृर्तहुए लेकिन किसी दल में शामिल नहीं हो पाए। एक आईएएस अफसर थे एसके मिश्रा वे बुधनी उपचुनाव के समय भाजपा की एक चुनाव सभा में कलेक्टर की हैसियत से तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के सामने घुटनों के बल बैठे देखे गए तो उनके खिलाफ फौरन कार्रवाई की गयी। एक थीं शशि कर्णावत वे तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के आगे-पीछे घूमती ही नहीं थीं बल्कि शासकीय कार्यक्रमों में भी कांग्रेस की बात करतीं थीं,आज उनका आता-पता नहीं है।

ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रुचिका सिंह और संघप्रिय भी इसी तरह राजनीतिक निष्ठाओं से बंधे लोकसेवक के रूप में चिन्हित किये गए हैं। इन दोनों के समाने विकल्प था कि ये दोनों भाजपा के होली मिलन समारोह में शामिल होने से इंकार कर सकते थे ,लेकिन इन दोनों ने ऐसानहीं किया। क्योंकि इन्हें लगा कि वे कुछ गलत नहीं कर रहे है। एक तरह से ये गलत है भी नहीं। किन्तु एक लोकसेवक के नाते इन दोनों का आचरण सवालों के घेरे में तो आता ही है। मुमकिन है कि इन दोनों ने सोचा हो की जब केंद्र सरकार ने शासकीय कर्मचारियों को आरएसएस के कार्यक्रमों में शामिल होने की छूट दे दी है तो फिर भाजपा के कार्यकक्रमों में शामिल होने से क्या हर्ज है ?

मुझे लगता है कि भाजपा की प्रदेश सरकार ग्वालियर के इन दोनों दुस्साहसी लिकसेवकों के आचरण के लिए इन्हें दण्डित करने के बजाय पुरस्कृत करेगी। इन दोनों ने पूरे प्रदेश की नौकरशाही के लिए एक नजीर पेश की है। अब मुमकिन है कि हर जिले में आपको प्रशासनिकअफसर सत्तारूढ़ दल के कार्यक्रमों में भगवा दुपट्टा डाले नजर आने लगें। शैक्षणिक संस्थानों में तो भवकरण अब पुरानी बात हो गयी है ,केवल एक प्रशासन इससे बचा था जो इस होली पर खुद भगवा हो गया।

वर्तमान समय में सिविल सेवकों के लिए आचार मानकों को भारतीय संविधान के अनुच्छेद-309 के तह्त सिविल सर्विस (कंडक्ट) रूल्स में उल्लिखित आचरण नियमों ाधार पर किया जाता है। इस पर एक कानून की आवश्यकता को समझकर ही भारत सरकार द्वारा सिविल सर्विस स्टैंडर्ड्स, परफॉरमेन्स एंड अकाउंटिबिलिटी बिल,2010 को लाया गया, जिसमें सिविल सेवकों को बहुआयामी ढंग से कार्यकुशल बनाने के लिए प्रावधान किए गए हैं।लेकिन अब ये तमाम प्रावधान मुझे निरर्थक होते दिखाई दे रहे हैं। मै ग्वालियर जिले की कलेक्टर और ग्वालियर नगर निगम के आयुक्त को बधाई तो नहीं दूंगा किन्तु उनके दुस्साहस को सलाम जरूर करूंगा । मुझे प्रतीक्षा रहेगी प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन के भावी व्यवहार और निर्णय की किए वे अपने मातहतों के भगवाकरण को लेकर संज्ञान लेते हैं या इसकी अनदेखी करते हैं ? वैसे मुख्य सचिव को अभी तक तो किसी ने मैदान में विचरते देखा नहीं है।

मेरा अनुभव है कि तमाम लोकसेवकों के मन में एक अतृप्त कामना होती है नेतागिरी करने की । वे अनपढ़ नेताओं के सामने जब अपने आपको निरीह अवस्था में पाते हैं ,तब उन्हें लगता है कि क्या ही अच्छा होकि वे खुद राजनीती में आ जाएँ। जो दुस्साहसी हैं वे नौकरी छोड़कर राजनीती में आ ही जाते हैं और जो संकोची हैं वे सेवानिवृत्ति का इंतजार करते हैं। मप्र के एक पूर्व मंत्री पटवारी थे,नौकरी छोड़कर राजनीति में आये थे। डॉ भगीरथ प्रसाद, सरदार सिंह डंगस जैसे अनेक आईएएस अफसरों ने बाद में राजनीति की ही शरण ली ही और विधानसभाओं तथा संसद तक में पहुंचे। श्रीमती रुचिका सिंह और संघप्रिय ने भी सरकार के सामने अपनी रूचि का प्रदर्शन कर दिया है। अब आपको ,सबको इंतजार करना पड़ेगा इन दोनों को राजनेता के रूप में ढलते देखने का। हमारी शुभकामनायें।

**राकेश अचल**

# (पर्यावरण)इंसानी साँसों की कीमत पर विकास, बदहाल जलवायु।

अपने विकास की क्रमिक उन्नति में मनुष्य ने जितने भी अविष्कार और विकास के कार्य किए हैं सब के सब प्रकृति एवं पर्यावरण के विरोध में ही रहे हैं। भोजन पकाने हेतु जंगल से लकड़ी काटकर धूंआ पैदा करने का काम भी मनुष्य ने ही किया है। इसी क्रम में सबसे बड़ा नुकसान पर्यावरण को औद्योगिकरण की नीति ने किया है,बड़े बड़े उद्योगों से निकलने वाले वैश्विक स्तर पर प्रदूषित वायु अपशिष्ट पदार्थों के साथ नदियों तथा समुंदर में विषैले अपशिष्ट को छोड़ने से शुद्ध जल विषैला होकर जीव जंतुओं को नष्ट करते आ रहा है। इसके पश्चात प्राकृतिक रूप से भी बाढ़, ज्वालामुखी ने प्रकृति तथा पर्यावरण को नष्ट करने का काम बखूबी किया है, पर मानव जाति ने अपने आराम तथा सुविधा के लिए स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार और परिवहन के लिए ट्रक और डीजल एवं कोयले से चलने वाली लोकोमोटिव ने प्रकृति तथा पर्यावरण को को नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्लास्टिक तथा पॉलीथिन के अविष्कार ने मानव तथा जीव जंतुओं को सबसे ज्यादा क्षति पहुंचाई है। क्योंकि पॉलिथीन एक ऐसा पदार्थ है जो अत्यंत ज्वलनशील होने के साथ-साथ नष्ट ना होने वाला पदार्थ है जो मनुष्य के साथ जीव जंतुओं के लिए सर्वाधिक नुकसानदायक साबित हो रहा है। इसके अलावा घरों कार्यालयों और कारखानों में लगाए जाने वाले वातानुकूलित यंत्रों से निकलने वाले वायु प्रदूषण के कारण ग्लोबल वार्मिंग बहुत तेजी से बढ़ते जा रही है जो मानव जाति के लिए खुद नुकसानदेह है, किंतु मानव ही पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन बन चुका है।शुद्ध वायु, जल मनुष्य तथा पृथ्वी पर निवास कर रहे जीव जंतुओं तथा हमारी वनों से आच्छादित प्यारी धरती के लिए अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरण की असुरक्षा से धरती असुरक्षित नदियां ,असुरक्षित और धरती, जलवायु की असुरक्षा होने से जीव जंतु और मानव जाति का जीवन भी असुरक्षित हो जाएगा,।हमें इन परिस्थितियों में पर्यावरण की सुरक्षा को प्राथमिक सुरक्षा मानकर इसकी हर संभव शुद्धता एवं परिष्करण पर सबसे ज्यादा ध्यान देना होगा। पर्यावरण से आशय %पर% यानी मतलब चारों तरफ, और वरण का मतलब ढका हुआ माना गया है। पर्यावरण विदों के अनुसार पर्यावरण का मतलब उस अवस्था से है जो किसी जंतु, प्रकृति और मनुष्य को चारों ओर से ढक कर उसे अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। हम सदैव पर्यावरण को प्रकृति से जोड़कर ही देखते हैं। इसीलिए मानव जीव जंतु वृक्ष सभी को स्वस्थ जीवन देने के लिए एक परिष्कृत पर्यावरण के वातावरण की निरंतर महत्वपूर्ण उपस्थिति आवश्यक होती है,किंतु जब वायु ,जल तथा प्रकृति में प्राकृतिक अथवा मानवीय अवांछनीय कार्यों से कुछ ऐसे तत्व वातावरण में प्रवेश कर जाते हैं जिससे हमारी प्रकृति, हमारा पर्यावरण प्रदूषित होने लगता है और माननीय जीवन प्रकृति के साथ नष्ट होने की कगार पर खड़ा होने लगा है। प्रगति और वातावरण यानी की पर्यावरण ने हमें सब कुछ दिया है, स्वच्छ हवा से हमें ऊर्जा,स्वच्छ जल और नवजीवन की उत्प्रेरणा प्राप्त होती है। भोपाल में मिक नामक गैस रिसाव से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जाने से हजारों लोगों की मृत्यु एवं उसके पश्चात शरीर में अनेक बीमारियों को जन्म दिया, जिस की विभीषिका आज भी भोपाल वासी झेल रहे हैं। इसके पश्चात मई 2020 को आंध्र प्रदेश के पॉलीमर कंपनी द्वारा स्टाइलिन नामक गैस का रिसाव हुआ एवं जून में असम गैस रिसाव से मानव जीवन को प्रभावित कर पूरे पर्यावरण को प्रदूषित कर मानव जाति तथा जीव जंतुओं के संपूर्ण जीवन को दांव पर लगा दिया था। वातावरण को सुरक्षित करने के लिए हमें पर्यावरण को वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, भूमि प्रदूषण, रेडियोधर्मी प्रदूषण, समुद्र प्रदूषण, ई कचरा प्रदूषण, अंतरिक्ष प्रदूषण तथा सबसे खतरनाक प्लास्टिक प्रदूषण से बचा कर रखना होगा। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो मानव जीवन भी सुरक्षित रह पाएगा।

प्रदूषण को हमें सदैव वायु प्रदूषण यानी ज्वालामुखी विस्फोट, जंगल की आग, कोहरा, परागकण, उल्कापात आदि प्राकृतिक स्रोतों से उत्पन्न वायु प्रदूषण से नियंत्रण में रखकर उसका संरक्षण करने का प्रयास करना चाहिए। मानवीय अवांछित क्रियाकलाप भी प्रकृति तथा वातावरण और पर्यावरण के लिए खतरा बनते जा रहे हैं, जिस तरह वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है मोटर वाहनों का बेतरतीब प्रयोग लकड़ी कोयला तथा अन्य पदार्थों के जलाने से उत्पन्न हुआ बेतहाशा कारखानों का निकलता धूंआ, ताप विद्युत गृह, खनन तथा



रासायनिक पदार्थों के साथ आतिशबाजी द्वारा वायु प्रदूषण में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। जिससे पर्यावरण अत्यंत असुरक्षित हो गया, इसके अलावा पर्यावरण की सुरक्षा तथा प्रकृति के साथ खिलवाड़ के कारण प्रकृति का तापमान भी अत्यधिक बढ़ गया है, फल स्वरूप जलवायु परिवर्तन की विभीषिका को हम बुरी तरह से झेल रहे हैं। हमें पेट्रोल की जगह गैस फ्यूल का उपयोग कर वातावरण को बचाने का प्रयास किया जाना चाहिए। वातावरण में उपस्थित अवांछित गैसीय पदार्थों के कारण अंधापन ,त्वचा रोग तथा फेफड़ों की बीमारी से होने वाले दमा रोग में बढ़ोतरी हुई है। विगत 2 वर्षों से कोविड-19 के संक्रमण में पर्यावरण प्रदूषण के कारण लोगों को फेफड़ों में स्वच्छ ऑक्सीजन नहीं मिलने से लाखों लोग मृत्यु को प्राप्त हुए, यह एक पर्यावरण असंतुलन का सबसे बड़ा उदाहरण है ।रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन में भारी बमबारी तथा गोलीबारी से वातावरण को तहस-नहस कर दिया, वहां कई किलोमीटर क्षेत्र में शहरों में वायु प्रदूषण के कारण हजारों लोग मृत्यु की कगार पर पहुंच गए हैं एवं लाखों लोगों ने वहां से पलायन भी किया, यह सब पर्यावरण प्रदूषण के एकदम ताजा उदाहरण है जो मानवीय जीवन के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। इसके अलावा प्राकृतिक आपदा भूकंप बाढ़ तथा औद्योगिक कचरे तथा विषाक्त कार्बनिक पदार्थों सहित अन्य उत्पादकों का जल स्रोतों में डाला जाना भी पर्यावरण प्रदूषण के लिए भारी खतरा बन गया है, इसी तरह बंदरगहों में रिफाइनरी से पेट्रोलियम पदार्थ, तेल युक्त तरल पदार्थ को समुद्रों में बाहर जाना भी समुद्र में रह रहे जीव जंतुओं के लिए ज्यादा खतरनाक साबित हुए हैं। जल प्रदूषण से जल से फैलने वाली बीमारियां जैसे मलेरिया, हैजा, टाइफाइड, डेंगू पीलिया, पेचिश तथा उदर रोगों के लिए अत्यंत हानिकारक माना गया है। अन्य प्रदूषण में मृदा प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण आदि वातावरण को प्रदूषित करते पृथ्वी तथा मानव जाति के लिए काल बन चुके हैं। तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद पर्यावरण प्रदूषण को कम नहीं किया जा सका है। अंतर्राष्ट्रीय सर्वे के अनुसार भारत की दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में गिनी जाने लगी है। और कोविड-19 के संक्रमण के दौरान यहां पर सबसे ज्यादा मौतें पर्यावरण प्रदूषण के कारण भी हुई है। प्रदूषित वातावरण के कारण बच्चों तथा बुजुर्गों की जिंदगी को सबसे ज्यादा वैज्ञानिकों ने खतरा माना है और ईससे निजात पाने के लिए शुद्ध वातावरण की आवश्यकता पर जोर दिया है। पर्यावरण को सुरक्षित ना रख पाने की दो प्रमुख वजह प्राकृतिक तथा मानव निर्मित प्रदूषण ही हैं। यह तो तय है कि प्रकृति पर मानव का कोई नियंत्रण नहीं है अतः प्राकृतिक प्रदूषण को रोक पाना मानव जाति के लिए थोड़ा कठिन एवं कष्ट साध्य कार्य सोने के अलावा थोड़ा असंभव भी प्रतीत होता है, किंतु मानव जाति द्वारा फैलाए गए प्रदूषण को रोकने के प्रयास में हमें हर संभव मदद करने की आवश्यकता होगी। और यह तो सर्वविदित तथ्य है कि यदि हमें पर्यावरण प्रदूषण को पृथ्वी तथा प्रकृति से हटाना एवं मानव जीवन को सुरक्षित रखना है तो शासकीय प्रयासों के अलावा हर व्यक्ति को वैश्विक स्तर पर पर्यावरण को सुरक्षित रखने पर जोर देना होगा अन्यथा ओजोन परत के क्षरण के कारण मानव तथा जीव जंतु तथा प्रकृति के प्रति संकट गहराता जाएगा एवं हम पर्यावरण प्रदूषण के सामने हाथ पर हाथ धरे रह जाएंगे।

**संजीव ठाकुर,**

# सामाजिक समरसता के पर्व पर हुड़दंग और हिंसा का ग्रहण!



समाज में बंधुत्व प्रेम सद्भाव समरसता के संदेश का रंगपर्व आखिर क्यों बन जाता है कलह वैमनस्यता खून खराबे का दिन? आप जानते हैं कि इस बार होली और रमजान का जुमा एक दिन होने की वजह से पूरे देश में होली पर हाई अलर्ट किया गया था। पुलिस व सुरक्षा बलों की चौकसी और नागरिकों के संयम की वजह से देश में कोई बड़ी घटना नहीं हुई। फिर भी कम से कम चार राज्यों में होली पर हिंसा और झड़प की वारदातों को अंजाम दिया गया है। वहीं देश भर में नशा कर गाड़ी चलाने और हुड़दंग मचाने की सैकड़ों वारदातों में पचास लोग जान गंवा गए जबकि सैकड़ों की संख्या में लोग घायल अवस्था में अस्पतालों में इलाज के लिए लाए गए। अकेले उत्तर प्रदेश में 250 से अधिक सड़क दुर्घटना दर्ज की गई है जिसमें 430 लोग घायल हुए हैं। जबकि उत्तराखंड में हुड़दंग हिंसा की वारदातों में कुल 14 लोगों की मौत हो गई। भाजपा ने हिंसा के बाद राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदू त्योहारों पर ही ऐसी हिंसा क्यों होती है?

पश्चिम बंगाल के अलावा तीन और राज्यों बिहार छत्तीसगढ़ पंजाब में होली पर हिंसा हुई। बिहार के मुंगेर में ग्रामीणों के हमले में एक असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई। पटना में दो गुटों में होलिका दहन का विवाद होली के दिन पथराव तक पहुंच गया। पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए। यहां फायरिंग की भी खबर है। झारखंड के गिरिडीह में होली के दिन दो गुटों में पथराव के बाद उपद्रवियों ने दुकानों और बाइक में आग लगा दी। इसके अलावा पंजाब के लुधियाना में दो समुदायों के बीच ईंट, पत्थर और बोतलें चलीं। झड़प में 11 लोग घायल हुए हैं। मुसलमानों कहना है कि नमाज अदा करते वक्त पथराव किया गया। वहीं हिंदुओं का कहना है कि पहले मस्जिद की तरफ ईंट फेंकी गई। कई वाहनों में भी तोड़फोड़ हुई है।

बेंगलुरु में नशे में धुत कुछ लोगों के बीच हुए झगड़े में तीन लोगों की मौत की खबर आ रही है. मौके से पुलिस ने तीन लोगों के शवों को बरामद किया.

पुलिस टीम को पहला शव अपार्टमेंट के रास्ते में मिला, जबकि दूसरा कमरे के अंदर और तीसरा अपार्टमेंट से बाहर मिला. पुलिस ने दो मृतकों की पहचान 22 वर्षीय अनसू और 23 वर्षीय राधे श्याम के रूप में की है. जबकि तीसरे मृतक की पहचान नहीं हो पाई है.

आप को बता दें पश्चिम बंगाल के बीरभूम में दो समूहों के बीच हिंसक झड़प की खबर है राज्य सरकार ने इलाक़े में इंटरनेट सेवाओं को सस्पेंड कर दिया. क़ानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात भी किया गया है. पुलिस का कहना है कि घटना के बाद 20 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिंसक वारदात के बाद पश्चिम बंगाल के गृह विभाग ने इंटरनेट सस्पेंड करने का आदेश जारी किया. पुलिस का कहना है कि स्थिति पर काबू पा लिया गया है।

झारखंड के गिरिडीह जिले में स्थित घोड़थंबा में होली 14 मार्च 2025 के दिन जुलूस के दौरान हिंदुओं पर हमला हुआ। ये हमला मस्जिद वाली गली में हुआ। इस हिंसा के दौरान एक खास समुदाय के घरों से पत्थर चले। मस्जिद वाली गली में हिंदुओं के जुलूस को निशाना बनाया गया , पुलिस की गाड़ियों को निशाना बनाया गया । कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए उन्होंने प्रशासन पर हिंदुओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया है।

एफआईआर के अनुसार, 14 मार्च 2025 की शाम 15-20 लोगों की होली की टोली मस्जिद गली से गुजरना चाहती थी, लेकिन नमाज का समय होने की वजह से उन्हें रोका गया। टोली का कहना था कि वे हर साल इसी रास्ते से जाते हैं। समझाने के बावजूद टोली गली में आगे बढ़ गई। इसके बाद कथित तौर पर समुदाय विशेष के लोगों पेट्रोल बम, बोतल, ईंट और पत्थरों से हमला शुरू कर दिया। बाजार चौक के पास पेट्रोल बम फेंककर कई दुकानों, बाइकों और गाड़ियों में आग लगा दी गई।जानकारी के अनुसार प्राथमिकी में इस बात का साफ-साफ जिक्र है कि समुदाय विशेष ने मंदिर पर हमला किया। पत्थर फेंके और पुलिस पहुँची तो उसकी गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया। इस हिंसा में चार पुलिसकर्मी घायल हुए।

दिल्ली के द्वारका में होली का जश्न हिंसा में बदल गया. गोयला डेरी स्थित छठ घाट पार्क में होली का जश्न मनाया जा रहा था. इस दौरान हुआ छोटा विवाद हाथापाई में बदल गया. दिल्ली पुलिस के मुताबिक, राजू कुमार (35) अपने दोस्त राजेश से मिलने के लिए टैक्सी से पार्क गया था. उत्सव के दौरान, होली का कुछ रंग गलती से एक लड़के पर गिर गया, जिससे दोनों में तीखी बहस हो गई कुछ देर बाद, लड़के ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर राजू कुमार और राजेश पर हमला कर दिया. मारपीट में हमलावरों ने राजू कुमार की टैक्सी में भी तोड़फोड़ की और उसके शीशे तोड़ दिए।

पंजाब के लुधियाना में दो समुदायों के बीच ईंट-पत्थर और बोतलें चलीं। झड़प में 11 लोग घायल हुए हैं। विशेष समुदाय के लोगों का कहना है कि नमाज अदा करते वक्त पथराव किया गया। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि पहले मस्जिद की तरफ ईंट फेंकी गई। कई वाहनों में भी तोड़फोड़ हुई है।

पश्चिम बंगाल में भी होली पर्व पर हिंसा हुई है। भाजपा ने नंदीग्राम में मूर्ति तोड़ने का आरोप लगाया है। भाजपा आइटी सेल ने भी तस्वीरें पोस्ट कर आरोप लगाया कि बरुईपुर, जादवपुर और मुर्शिदाबाद समेत पूरे प्रदेश में त्योहार पर शरारत करने की घटनाएं सामने आई हैं।

पटना के एनटीपीसी थाना क्षेत्र के सहनौरा गांव में होलिका दहन को लेकर दो पक्षों में शुक्रवार को झड़प हो गई। एक पक्ष के ग्रामीण ने सड़क पर होलिका दहन किया, जिसका दूसरे पक्ष ने विरोध किया।रात से ही दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। धुलेंडी की दोपहर करीब 1 बजे स्थिति बिगड़ गई और दोनों पक्षों में जमकर पत्थरबाजी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को भी आक्रोशित लोगों ने खदेड़ दिया। पुलिस की गाड़ी पर भी पत्थर फेंके गए।

देश भर में होली रंग के दौरान व्यापक एहतियात के बावजूद की स्थानों पर सांप्रदायिक झगड़े छिटपुट हिंसा एक सहायक उपनिरीक्षक की हत्या समुदायों के बीच पनपी घृणा विद्वेष को बयान करती है। क्या जरूरत है कि मस्जिद के सामने ही हुड़दंग किया जाए और पहले से ही पथराव के लिए एक समुदाय पत्थर और पैट्रोल की तैयारी रखे? दोषी दोनों हैं।आजादी के 78 साल बाद भी फिरकापरस्ती और घृणा का यह षडयंत्र खत्म होना चाहिए। जरूरत इस बात की है कि रंगों की होली को खून की होली मे तब्दील करने वाले दंगाइयों असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी वारदातों की पुनरावृत्ति न हो और सद्भाव के रंगों को बदरंग होने से बचाया जा सके।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## गोला थाना क्षेत्र के अबरुस निवासी दो सगे भाई पुलिस परीक्षा में हुए पास



**गोलाबाज़ार गोरखपुर 18 मार्च।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम अवरुस के दो सगे भाई ने पुलिस भर्ती परीक्षा में चयनित हो कर परिवार के साथ क्षेत्र का नाम बढ़ाया है। प्राप्त बिबरण के अनुसार ग्राम अवरूस निवासी ओमप्रकाश के दो पुत्र सचिन और राहुल ने इस बार हुए पुलिस परीक्षा में चयनित हो गए। पिता ने बताया कि यह दोनों सगे भाई किसी कोचिंग सेंटर या किसी प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण नहीं प्राप्त किया। गांव की बांग में पुलिस भर्ती को शारीरिक तैयारी कर रहे थे। बड़ा लड़का कई बार इस परीक्षा में असफल हो गया था। वही अपने साथ छोटे भाई की भी तैयारी कराता था।

## गोरखपुर विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस कर रही जांच

**गोरखपुर-** गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो, मंगलपुर में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान रीमा (पत्नी जलंधर निषाद) के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ कर रही है।

**स्थानीय लोगों में सनसनी-** रीमा की आत्महत्या की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों के अनुसार, महिला के आत्महत्या करने के पीछे पारिवारिक या अन्य किसी कारण की संभावना जताई जा रही है, लेकिन इसकी पुष्टि अभी नहीं हो पाई है।

**पुलिस जांच में जुटी-** पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। वहीं, पुलिस मृतका के परिवारवालों और ससुराल पक्ष से पूछताछ कर रही है, ताकि आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट हो सके।

## 25 तक प्रस्तुत करें बिल

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के कोषागारों में वर्तमान में लागू ऑनलाइन बिल प्रस्तुतीकरण एवं ई-कुबेर प्रणाली के दृष्टिगत, कोषागारों से समस्त देयकों का समयान्तर्गत भुगतान सुनिश्चित् हो सके इसके लिए सभी आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागारों में समस्त बिल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आगामी 25 मार्च 2025 तक अवश्य प्रस्तुत करें। जिससे कि प्रस्तुत बिलों की आवश्यक जांच के बाद कोषागारों द्वारा बिल पासिंग तथा ई-पेमेण्ट के माध्यम से आगामी 31 मार्च 2025 तक भुगतान के लिए प्रमाणित किया जा सके। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों से 25 मार्च तक भुगतान के लिए बिल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## मुगराबादशाहपुर पुलिस ने 3.1 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को दबोचा

**जौनपुर।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस ने तीन किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**गिरफ्तारी व बरामदगी-** पुलिस ने बताया कि सोमवार शाम करीब 5 बजे बच्चा बर्फ गली, शहनशाह के घर के पास से दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों में–

1. शहनशाह (44 वर्ष), निवासी साहबगंज (पकड़ी गोदाम), थाना मुगराबादशाहपुर, जौनपुर ङ्क 02 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार।
2. प्रियांशु तिवारी (21 वर्ष), निवासी पूरे विछूर, थाना रानीगंज, प्रतापगढ़ ङ्क 01 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार।

इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**पुलिस टीम को मिली सफलता-** इस सफल अभियान में उपनिरीक्षक उमेश कुंवर सिंह के साथ सिपाही विपिन यादव, पंकज मिश्रा, महिला सिपाही आसनी सिंह और भारती सिंह शामिल रहीं। पुलिस का कहना है कि अवैध नशा कारोबार के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एल पी एम में कैलीग्राफी प्रतियोगिता के पुरस्कार विवरण समारोह का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाजार गोरखपुर18 मार्च।** गोला उपनगर के तहसील तिराहे के समीप स्थित लक्ष्मी प्रसाद मेमोरियल पालिक स्कूल में कैलीग्राफी (सुलेख) प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। पुरस्कार वितरण का प्रारम्भ मुख्य अतिथि महंथ श्री रामशरणदास, विद्यालय के संरक्षक गिरधारी लाल स्वर्णकार, प्रबंधक भागीरथी प्रसाद स्वर्णकार तथा प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा के गरिमामयी उपस्थिती में हुआ। यह प्रतियोगिता पूरे वर्ष छात्र छात्राओं के लेखन कौशल के समग्र एव सतत मूल्याकंन के बाद प्रत्येक कक्षा के प्रत्येक वर्ग के प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार के अतिरिक्त सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाता है। प्रथम पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में विवान जायसवाल दिव्या यादव अलीशा वंशिका सान्वी मिश्रा सिद्धि राय आराध्या वर्मा शिवांशी वर्मा द्वितीय पुरस्कार में अन्नया दिशा शर्मा अस्था त्रिपाठी रत्नावली सिंह वेदांश जायसवाल,तृतीय पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में शाम्भवी, रुद्र गुप्ता, अन्नया दुबे, हर्षित थे समर्थ राय दिव्यांशु अंजली, पुरस्कार पाकर सभी के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ छात्र छात्राओं में आत्मविश्वास का संचार करती है साथ ही अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत का कार्य भी करती है। पढ़ाई के साथ सुलेखन ज्ञान को अलंकृत कर देता है। लेखन से व्यक्ति के व्यक्तित्व का पता चलता है। इस तरह की प्रतियोगिताएँ वर्ष पर्यन्त चलती रहती है जिससे छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो सके । विद्यालय की प्रधानाचार्या एकता वर्मा व रेवरेण्ट डीके सिंह ने छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा सभी विद्यार्थियों को सुलेख का महत्व बताया। उन्होंने गांधी जी के जीवन से जुड़ा हुआ प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि हम सभी लगन और परिश्रम के बल पर निरंतर अभ्यास करते हुए सुलेख में पारंगत हो सकते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुद्ध, स्पष्ट और स्वच्छ लेखन कार्य हेतु सजग एवं प्रत्यनशील रहना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के समवन्यक मनीष यादव सह समन्वयक अनूप सिंह के साथ सुशील सिंह, खुशबु दुबे, अभिनव पाण्डेय, बबिता शर्मा, करुणेश पाण्डेय, कमलेश सिंह, विवेक दुबे, गगनदीप, के साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ उपास्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश धर दुबे ने किया।

## पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट में 4 अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद की लार थाने के पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट मामले में 4 अभियुक्त गिरफ्तार किये गए हैं। थाना लार क्षेत्रान्तर्गत मेहरौना चेक पोस्ट पर पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी कि मोटर साइकिल संख्या बीआर.29.एएफ.6240 पर सवार 4 व्यक्ति बिहार की तरफ से आ रहे थे जिन्हें पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया तो आरक्षी सर्वेश यादव को ठोकर मारकर गिरा दिया एवं कुछ आगे जाकर स्वयं गिर गये,जिससे आक्रामक होकर वह पुलिस के साथ चाकू व सरिया लेकर मारपीट करने लगे। मामले में उप निरीक्षक धर्मेन्द्र मिश्रा की तहरीर पर मु0अ0सं0-72/2025 धारा 109(1), 132, 121(1), 221, 352, 351(3), 3(5) बीएनएस व 7 सीएलए व 4, 25 आयुद्ध अधिनियम के तहत उपेंद्र मिश्रा पुत्र त्रिवेणी, अमरेश मिश्रा पुत्र उपेन्द्र, कमलेश मिश्रा पुत्र गोपाल, पंकज मिश्रा पुत्र गोपाल निवासीगण-श्रीकलपुर लक्ष्मीपुर थाना गुठनी जनपद सिवान (बिहार) के विरुद्ध केस दर्ज करते हुए अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया तथा घटना में प्रयुक्त चाकू, रॉड, सरिया को कब्जे में लेकर पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुटी है।

## बैतालपुर चीनी मिल को लेकर 124 वें दिन धरना जारी




स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में बैतालपुर चीनी मिल को चलाने हेतु कलेक्ट्रेट देवरिया में जिले के किसानों द्वारा चलाया जा रहा धरना आज 124वें दिन जारी रहा। धरने का समर्थन करते हुए पूर्व सांसद आस मोहम्मद ने कहा देश की अर्थव्यवस्था का रीढ कृषि है, और कृषि को किसान संपादित करता है और किसानों को उसके कृषि उत्पादन का लाभकारी मूल्य कृषि के क्षेत्र में गन्ना की खेती नगदी और लाभकारी मानी जाती है जिसके लिए चीनी मिल की अवधारणा की गई और बैतालपुर की चीनी मिल उसी की एक महत्वपूर्ण कड़ी है जिसे बंद किया गया और उसे चालू करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार घोषणा किया गया पर चालू न हो सकी। इसी परिप्रेक्ष्य में देवरिया में हमारे किसान बैतालपुर चीनी मिल के लिए लगातार लड़ रहे हैं जो किसान हित में बड़ी तपस्या है। पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा ने कहा हम पूरे प्रदेश के किसानों को इकट्ठा करने का काम करेंगे जब तक बैतालपुर चीनी मिल चालू नहीं हो जाती। इस अवसर पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी, अवधेश सिंह, आनंद प्रकाश चौरसिया, रविंद्र नाथ त्रिपाठी, रवि शंकर सिंह, श्री राम प्रसाद, रामाश्रय कुशवाहा, कामाख्या सिंह, रामलाल गुप्ता, राजेश अजाद , विपिन संत , धर्मेंद्र सिंह, विजय कुमार सिंह, रामनिवास पांडेय, बकरीदन उर्फ बरकत अली, शिव प्रसाद बारी, दिनेश राव, जगदीश यादव, परमहंस यादव, शंभू नाथ तिवारी, श्री कृष्णा यादव, मंजू चौहान, विकास दुबे, पंडित वेद प्रकाश , राम प्रकाश सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

# मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने में सहयोग करें राजनीतिक दल

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ निर्वाचन संबंधी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बीएलए की नियुक्ति करने, निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण करने सहित अन्य अनुरोध किए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा राजनीतिक दलों से विकेन्द्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का, सक्रिय रूप से सहयोग करने की अपील की गई है।

कहा कि संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं में पहचाने गये हित धारको में राजनीतिक दल भी प्रमुख हित धारक है। बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा दावे और आपत्तियों का गुणवत्तापरक नियमानुसार एवं समयान्तर्गत निस्तारण किया जाना है। परिवर्तन, अपमार्जन से सम्बन्धित सभी प्रकरणों का निस्तारण आयोग के दिशा-निर्देशों, सुसंगत नियमों इत्यादि के अवलोकन में किया जाना है। इस सम्बन्ध में सभी बूथ लेबिल अधिकारियों को संवेदनशील किये जाने के निर्देश दिये गये है। राजनीतिक दलों से कहा कि मतदाता सूची में किसी का कई बार नाम होता है तथा किसी का नाम गलत होता है, उसमें परिवर्तन, संशोधन या जोड़ने में त्रुटि नहीं होनी चाहिए। मतदाता सूची से सम्बन्धित प्राप्त कराये गये अभिलेखों का स्वयं या नियुक्त किये गये बूथ लेबिल एजेन्टों के माध्यम से निरीक्षण करा लें ताकि मतदाता सूची में काई त्रुटि न रहने पाये।

जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि यदि अभी तक उनके द्वारा बूथ लेबिल एजेन्टों की नियुक्ति नही की गयी है, तो तीन दिवस के अन्दर बीएलए की नियुक्ति कर, हार्ड एवं शाफ्ट कापी में सूची जिला निर्वाचन कार्यालय और सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या उप जिलाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराएं। कहा कि सभी राजनीतिक दल निर्वाचक नामवलियों के वर्तमान में गतिमान निरीक्षण पुनरीक्षण से सम्बन्धित कोई बिन्दु या सुझाव जिला स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, उप जिलाधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार, सुपरवाइजर, बीएलओ एवं बीएलए आदि के माध्यम से उपलब्ध करा सकते है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी से अमर पटेल, बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सोनपाल वर्मा, जिलाध्यक्ष अपना दल (सोनेलाल) रामसिया पटेल, आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला, जिलाध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय कौंग्रेस कुशल सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी आनंद पटेल सहित अन्य पार्टियों के प्रतिनिधि, सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# ब्लॉक कार्यालय में शराबियों का हंगामा, एडीओ पंचायत को दी गालियां

स्वतंत्र प्रभात




**खजनी-** ब्लॉक मुख्यालय में मंगलवार दोपहर उस समय अफरातफरी मच गई जब शराब के नशे में धुत तीन लोगों ने कार्यालय में जमकर हंगामा किया। इन शराबियों ने न केवल एडीओ पंचायत के खिलाफ अपशब्दों की बौछार की बल्कि वहां मौजूद कर्मचारियों को भी परेशान किया।

**सफाईकर्मी के साथ पहुंचे थे शराबी-** मिली जानकारी के अनुसार, विश्वनाथपुर गांव के सफाईकर्मी रामानंद अपनी छुट्टी का प्रार्थनापत्र देने ब्लॉक कार्यालय पहुंचे थे। उनके साथ सुनील सिंह उर्फ पिंटू और कटघर गांव के एक अन्य व्यक्ति भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि ये तीनों शराब के नशे में थे और कार्यालय में घुसते ही गाली-गलौज करने लगे।

**कर्मचारी हुए सकते में, किसी तरह कराया शांत-** हंगामे के दौरान कार्यालय में मौजूद कर्मचारी घबरा गए और स्थिति को संभालने का प्रयास करने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शराबियों ने काफी देर तक अपशब्द कहे और अशोभनीय व्यवहार किया। किसी तरह समझा-बुझाकर उन्हें वहां से वापस भेजा गया।

**एडीओ पंचायत बोले— होगी विभागीय कार्रवाई-** इस मामले में एडीओ पंचायत राजीव दूबे ने बताया कि घटना के समय वह बीडीओ रमेश शुक्ल के साथ औंजी ग्राम सभा में जांच के लिए गए थे। उन्होंने कहा, "छुट्टी के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था है। इस तरह कार्यालय में हंगामा करना पूरी तरह अनुचित है। घटना की जानकारी मिल चुकी है, दोषियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।" इस घटना के बाद ब्लॉक मुख्यालय में चर्चा का माहौल गर्म हो गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सरकारी कार्यालयों में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बुढ़वा मंगल पर हुआ अखंड रामनाम संर्कीतन का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो-** मंदाकिनी नदी तट पर स्थित सिद्धपीठ बूडे के हनुमान मंदिर में बुढ़वा मंगल को अखंड रामनाम संकीर्तन, सुंदरकाण्ड पाठ व भण्डारे का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने भगवान का दर्शन करते हुए एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही प्रसाद भी ग्रहण किया। बुढ़वा मंगलवार की सुबह से ही बूडे हनुमान मंदिर में दर्शन करने के लिए भक्तों का तांता लगना शुरु हो गया। इस अवसर पर मंदिर को फूलों से सजाया गया था और अखंड रामनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया था। इसके बाद दोपहर में भण्डारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें साधु-संतों समेंत हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इसके बाद शाम चार बजे से सामूहिक सुंदरकाण्ड का भक्तों ने पाठ किया। साथ ही विधिवत पूजन के बाद पुजारी रामजीदास महराज ने आरती की। आरती के बाद भक्तों को बूंदी और ठंडई का प्रसाद वितरित किया गया। देर रात्रि तक हुए इस धार्मिक आयोजनों में भक्तजन जयश्री राम और जयबजरंगी के जयघोष लगाते रहे। पुजारी रामजीदास महराज ने बताया कि होली के बाद पहले मंगलवार को दशकों से बूडे हनुमानजी मंदिर में बुढ़वा मंगल मनाने की परम्परा रही है। बताया कि कलियुग में साक्षात देवता भगवान हनुमान ही है, उनके पूजन से सभी प्रकार के कष्टों का शमन होता है और व्यक्ति की सभी मनोरथ पूर्ण होती हैं। इस मौके पर रामायनी कुटी के महंत रामहृदय दास, गंगा आरती के पुजारी केशरी तिवारी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पटेल, बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, चतुर्भुज गोयल, विशाल अग्रवाल, हेमू तिवारी, विक्की अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, वीरू सेठ, आशीष चैरसिया, रामकुमार कुशवाहा, दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# छात्रों को बेहतर शैक्षणिक उपलब्ध कराएगा विश्वविद्यालय- प्रो. शिशिर

**● जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में हुआ प्रधानाचार्यों का सम्मान**

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो-** जगदुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में मंगलवार को जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का सम्मान समारोह एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा के जरिए राष्ट निर्माण पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने कहा कि विद्यालय ही विश्वविद्यालय की नींव होते हैं। विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी ही उच्च शिक्षा में नामांकित होते हैं। अतः माध्यमिक विद्यालय से ही विद्यार्थियों को यह प्रेरणा देनी चाहिए कि वह अपनी योग्यतानुसार उचित व्यावसायिक पाठ्यक्रम एवं अकादमी पाठ्यक्रम का चयन कर निकटवर्ती उच्च शिक्षा संस्थान में प्रवेश सुनिश्चित करे। इसी दिशा में विश्वविद्यालय का भी यह प्रयास है कि अधिक से अधिक छात्रों का विश्वविद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित हो ताकि वह विश्वविद्यालय के समावेशी वातावरण में अध्ययन कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें। कहा कि यह विश्वविद्यालय भारत का प्रथम दिव्यांग विश्वविद्यालय है। जिसमें दिव्यांग एवं सामान्य दोनों प्रकार के विद्यार्थियों को राज्य सरकार के द्वारा अध्ययन की सुविधा प्राप्त है। उन्होंने प्रधानाचार्यों का सम्मान गुरु शिष्य परंपरा का सम्मान बताते हुए कहा कि किसी भी विद्यालय के प्रधानाचार्य उसके प्रेरणास्रोत होते हैं। निश्चित रूप से प्रधानाचार्य की भूमिका विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अपरिहार्य होती है। उन्हीं के नेतृत्व में नई पीढ़ी अपना भविष्य संवारती है। उन्होंने विश्वविद्यालय और विद्यालयों को सतत संपर्क में रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक शैक्षणिक प्रयास में उनका प्रशासनिक सहयोग हमेशा रहेगा। उन्होंने समस्त विश्वविद्यालय परिवार और प्रधानाचार्यों को होली की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान कार्यक्रम में लगभग 60 से अधिक प्राचार्य एवं प्रधानाचार्यों का सम्मान किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगीत विभाग के अध्यक्ष डॉ गोपाल कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव मधुरेंद्र कुमार पर्वत, विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ निहार रंजन मिश्र, डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ गुलाबधर, डॉ किरण त्रिपाठी, डॉ रजनीश कुमार सिंह, डॉ प्रमिला मिश्रा, दलीप कुमार, डॉ मुकुंद मोहन पांडेय, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ मनोज कुमार पांडेय, पुस्तकालयध्यक्ष, राजेश कुमार मिश्र, डॉ प्रमिला मिश्रा, डॉ नीतू तिवारी, डॉ दुर्गेश कुमार मिश्र, डॉ सुनीता श्रीवास्तव सहित, विश्वविद्यालय के पीआरओ सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

# सनबीम विद्यालय के शिक्षक के साथ मारपीट करने वाले अभियुक्तगण गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर बक्शा।** जिले के पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी सदर श्री परमानन्द कुशला के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह मय हमराही कर्मचारीगण के दिनांक 08.03.25 को सनबीम विद्यालय के शिक्षक के साथ तीन अज्ञात अभियुक्तो द्वारा मारपीट की गयी थी जिसमें शिक्षक को गम्भीर चोटे आयी थी। घटना के सम्बन्ध में थान हाजा पर मु0अ0सं0 67/2025 धारा 191(2), 191(3), 61(2), 109,110 बी.एन.एस पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष बक्शा द्वारा सम्पादित की जा रही है। विवेचना के क्रम में घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त प्रतीक सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी चुरावनपुर थाना बक्शा जौनपुर सन्तोष यादव पुत्र स्व. फौजदार यादव नि0 बनगांव भूमिहार थाना बदलापुर जौनपुर शिवम सिंह पुत्र पप्पू सिंह उर्फ़ अरुण सिंह निवासी कुल्हनामऊ थाना बक्शा जौनपुर को मुखबिर की सूचना पर कल मंगलवार को समय 11.50 बजे गिरफ्तार कर लिया गया है जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लकड़ी का दो अदद बेंत व घटना मे प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस स्ह्र श्री विक्रम लक्ष्मण सिंह हे.का. कृष्ण मुरारी यादव , हे.का.महेन्द्र कुमार, हे.का.उमेश यादव, का.अमरजीत यादव थाना बक्शा, जौनपुर।

# भाजपा सरकार में हो रहा पूरे प्रदेश का समुचित विकास- महेन्द्र

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो-** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने मंगलवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के आवास में जाकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रूठों को मनाने की मुहिम भी शुरु कर दी है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने मंगलवार को पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, भाजपा नेत्री रंजना उपाध्याय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष हीरो मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पटेल, विपुल प्रताप सिंह, पूर्व सभासद जवाहर सोनी, पूर्व नगर अध्यक्ष श्याम गुप्ता आदि से उनके आवासों पर जाकर मुलाकात की। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी सीएम योगी के नेतृत्व में चित्रकूट समेत पूरे उत्तर प्रदेश का समुचित विकास हो रहा है। गुंडे, माफिया या तो प्रदेश छोड़ रहे है या फिर जेल में है। विपक्षी दलों के पास बौखलाहट में सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार करने के अलावा कोई काम नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के निर्धारित कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जाएगा। साथ ही किसी कारणवश यदि पार्टी के कार्यकर्ता रूठे है, तो उन्हें मनाकर फिर से सक्रिय किया जाएगा। आने वाले पंचायत चुनाव में और इसके बाद विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों को शत-प्रतिशत सफलता दिलाने के संकल्प के साथ काम शुरु होगा। इस मौके पर भाजपा के जिला मंत्री मनोज तिवारी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जगदीश अग्रहरि, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिषेक ओझा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुशील द्विवेदी, राहुल सेन आदि मौजूद रहे।

# मिस्त्री की हत्या कर फेंका शव, केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

**बदलापुर /जौनपुर** नगर पंचायत बदलापुर के वार्ड नं. 3 बरौली में मंगलवार की सुबह जन्म दिवस बनाने गये एक सरिया मिस्त्री की हत्या कर शव फेंके जाने से क्षेत्र में घटना को लेकर सनसनी फैल गई। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में देकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। दूसरी ओर मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने स्थानीय बदलापुर थाने में केस दर्ज कर जरूरी कार्यवाही में जुट गई है। बताया गया है कि अहिरौली गांव निवासी 40 वर्षीय राजाराम गौतम ऊर्फ गुड्डू मकान बनाने में ठेका पर सरिया बांधने का काम करता था। सोमवार की शाम आठ बजे वह घर से यह कहकर निकला कि मैं बरौली में पिंटू गौतम के यहां बर्थ डे पार्टी में जा रहा हूं। जिसके बाद वह देर रात तक घर नहीं लौटा। सुबह भ्रमण पर निकले लोगों ने उक्त स्थल पर खून से लथपथ एक युवक को पड़ा देखकर इसकी सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर तुरंत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। उधर घटना की जानकारी होते ही परिवारिक लोग बदलापुर कोतवाली पहुंच गये? तथा हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिए। आरोप है कि पहचान के बाद भी पुलिस बिना परिवारों को सूचना दिए ही शव को जिला मुख्यालय भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह, सीओ सदर परमानंद कुशवाहा तथा फोरेंसिक टीम मामले की जांच-पड़ताल किया। स्थानीय पुलिस ने मृतक के पुत्र किशन की ने तहरीर पर पिंटू गौतम निवासी बरौली व उसके एक दोस्त पर केस दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ने इस संबंध में बताया कि केस दर्ज कर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## आधा किलों गांजे के साथ पकड़ा तस्कर

**अलीगढ़।** थाना क्वार्सी पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ सहित एक शातिर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध पांच सौ ग्राम गाँजा बरामद किया है। थाना क्वार्सी पुलिस टीम द्वारा एक शातिर आमिर पुत्र रासुद्दीन निवासी बरकाती मस्जिद के पास इस्लाम नगर थाना क्वार्सी को अवैध मादक पदार्थ पांच सौ ग्राम गाँजा सहित वहीदनगर आने वाले रास्ते पर ड्रीम गार्डन के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके सम्बन्ध में थाना क्वार्सी पर एनडीपीसी एक्ट के तहत मुकद्दमा पंजीकृत किया गया है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद की रामपुर कारखाना के प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर ग्राम गौरा तिराहे के पास से मु0अ0सं0-058/2025 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 352,109(1) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त छोटे लाल यादव पुत्र कोमल निवासी डुमरी को गिरफ्तार कर लिया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अज्ञात चौपहिया वाहन की टक्कर में तीन महिलाएं घायल, इलाज के दौरान एक की मृत्यु

**कछौना, हरदोई।** सोमवार की सांय रिश्तेदारी में आई दो महिलाओं का अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इस घटना से परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वर्तमान समय में लखनऊ पलिया एनएच731 का निर्माण कार्य अंतिम पड़ाव पर है। बेहतरीन सड़क हाईवे होने के कारण वाहनों की गति में इजाफा हो गया है, लेकिन लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी का अभाव व स्वभाव में परिवर्तन न होने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में इजाफ़ा हो गया है। थोड़ी सी अनदेखी व चूक में व्यक्ति सड़क दुर्घटना का शिकार हो जाता है। सोमवार की रात ग्राम पुरवा मजरा काकूमऊ थाना टड़ियावां की तीन महिलाएं ग्राम भीरीघाट में रिश्तेदारी में बीमारी से पीड़ित मरीज रिश्तेदार को देखने आई थी। यह लोग सड़क किनारे खड़ी थी, इसी दौरान हरदोई की तरफ से आ रही तेज गति से चौपाइयां वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें शिवदेवी पत्नी शिवकुमार व शिवरानी पत्नी शेखर सहित तीन महिलाओं को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर घायलों को कछौना पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर हरदोई रिफर हो गई। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शिवरानी पत्नी शेखर की मृत्यु हो गई। इस घटना से परिवार में के ऊपर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा है।

### 19 मार्च को होगा किसान दिवस का आयोजन

हरदोई उपनिदेशक कृषि डॉ0 नन्द किशोर ने बताया है कि ने बताया है कि प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन कराया जाना शासन द्वारा प्राविधानित है। इस क्रम में माह मार्च 2025 में आयोजित किये जाने वाले किसान दिवस का आयोजन 19 मार्च 2025 को 1.00 बजे से स्वर्ण जयंती सभागार विकास भवन हरदोई में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जायेगा।

### सरसों फसल की नीलामी 20 मार्च को- अनुपम तिवारी

हरदोई, नायब तहसीलदार सुरसा अनुपम तिवारी ने अवगत कराया है कि ग्राम कमरौली परगना बंगर में जंगल श्रेणी की भूमि पर बोई गयी सरसों फसल की नीलामी 20 मार्च 2025 को अपरान्ह 02 बजे तहसील सदर के सभागार में की जायेगी। उन्होने कहा है कि सरसों फसल लेने के इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी बोली में प्रतिभाग कर सकते है।

### सरकारी हैं आम नहीं, चढावा नहीं तो काम नहीं!

मथुरा। जब तक बढ़ावा नहीं तब तक कोई काम नहीं। सरकारी महकमों में यह अघोषित नियमावली है जिसका कर्मचारी अक्षरशः पालन कर रहे हैं। यह नियमावली उन अज्ञात कर्मचारियों के लिए वरदान साबित हो रही है जिनका कोई लेखा जोखा विभाग के पास नहीं है। नहीं वह किसी कृत्य के लिए जिम्मेदार हैं और नहीं बाध्य। जबकि वह विभागों में उन पटलों पर बैठे हैं जिनके बिना न जनता का और नहीं विभाग का काम चल सकता है। जब यह घोषित कर्मचारी नहीं हैं तो इन्हें अपनी पगार का भी खुद ही जुगाड़ करना होता है। अगर साहब नाखुश हैं तो अपने साथ ही साहब के लिए भी कुछ निकालना ही पडेगा। हालांकि जो घोषित कर्मचारी हैं वह भी खुले आम घोषणा कर के काम करने के पैसे मांग लेते हैं। इन हरकतों की शिकायतें लगातार उच्चाधिकारियों तक पहुंच रही हैं। महावन तहसील में कार्यरत ऐसे ही एक कर्मचारी की शिकायत पीड़ित ने एसडीएम से की है। एसडीएम ने पीड़ित की शिकायत पर संज्ञान लिया है। यह शिकायत महावन तहसील में कार्यरत एक लेखपाल के साथ लगे एक अज्ञात कर्मचारी की है। विकास पुत्र भूरा निवासी गांव नगला पोला ने एसडीएम के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि कर्मचारी द्वारा खसरा बनाने के लिए उससे 600 रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। पैसे मांगने और न देने पर काम न करने की बात करते कर्मचारी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कम रुपये देने की बात पर कर्मचारी किसान को फटकार लगा कर पूरी धनराशि लेने की जिद करता दिखाई दे रहा है। इसी तरह की शिकायत लेकर मंगलवार को एक पीडित एसएसपी कार्यालय पहुंचा और एक लिखित शिकायती पत्र दिया। नगेन्द्र पुत्र जगवीर सिंह निवासी बैकुंड बिहार ने शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि एक नामजद व्यक्ति ने उसका फोन चुरा लिया है। जब वह इसकी शिकायत लेकर थाना हाइवे की मंडी चौकी पहुंचा तो चौकी में पुलिसकर्मियों द्वारा साफ कहा गया कि जब तक चढावा नहीं तब तक काम नहीं। पुलिस के पास शिकायत लेकर जाने की जानकारी उस व्यक्ति के परिजनों को भी हो गई जिसने उसका महंगा मोबाइल लिया है।

# रामकृष्णनगर विधायक विजय मालाकार ने दूल्लभछड़ा में सीवीपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नए बिल्डिंग निर्माण की आधारशिला रखी

स्वतंत्र प्रभात



**असम श्रीभूमि (करीमगंज)।** असम श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर के लोकप्रिय विधायक विजय मालाकार ने 2019 में रामकृष्णनगर विधानसभा के दूल्लभछड़ा सीवीपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की दयनीय स्थिति को सुधारने का वादा किया था वर्तमान विधायक विजय मालाकार ने इस वादा को पूरी तरह से निभा रहे हैं और स्कूल में विकास का काम चल रहा है। श्रीभूमि जिले के दूल्लभछड़ा में सीवीपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नए कमरे की आधारशिला गत 17 मार्च (सोमवार) को 6.21.98 करोड़ रुपये की लागत से रखी गई। इस बीच, विधायक की व्यस्तता के कारण, उन्हें स्कूल में परीक्षा के दौरान आधारशिला रखनी पड़ी। परिणामस्वरूप, स्कूल प्राधिकरण बैठने के लिए स्थान प्रदान करने में असफल रहे। इस बीच, दूर-दूर से पुरुष और महिलाएं स्थल पर एकत्र हुए ताकि वे विधायक विजय मलाकर के मूल्यवान भाषण को सुन सकें, क्योंकि वही जो कहते हैं एक शब्दों में वही करते हैं। उन्होंने सभा में कहा कि विधायक का दायित्व लेने के 6 साल भीतर उन्हें कोरोना महामारी का सामना करना पड़ा इसी के कारण 18 महीने तक किसी भी विकास कार्य क्षेत्र में नहीं किया गया। 2 साल यूं ही गुजर गया लगभग इन 4 साल क्षेत्र में काम करने का मौका मिला और रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास की धारा को निरंतर प्रयास करने के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने और भी कहा कि अनिपुर तिमुखा से पाकड़ीबाबा मंदिर तक का लोक निर्माण के तहत सड़क असम माला में शामिल किया गया था और इसका कार्य कुछ महीनों में शुरू होगा और दूल्लभछड़ा के विकास के लिए भूमि की कमी के कारण ऑडिटोरियम हॉल अन्य विकास योजना के तेहत ऑफिस प्रदान करना मुश्किल हो रहा है। हालांकि, यदि उन्हें सही जगह की मंजूरी मिलती है, तो उन्होंने दूल्लभछड़ा सहकारी में खाली जगह में विष्णुप्रिया मणिपुरी भाषा शहीद सुदेशना सिन्हा के नाम पर एक ऑडिटोरियम हॉल बनाने का वादा किया। इसलिए, विधायक मालाकार ने दूल्लभछड़ा में विकास के लिए लोगों का सहयोग मांगा और कहा जगह के कारण कहीं डेवलपमेंट काम रूके हुए हैं. इसलिए दुल्लभछड़ा में जगह की जरूरत है जगह मिलने से तब जाकर कई सारे काम किया जाएगा और डेवलपमेंट आगे भी बढ़ेगा। सीवीपी स्कूल के प्रधान देबाशीष सिन्हा ने कार्यक्रम का संचालन किया और उन्होंने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा उनकी कोशिशें के कारण यह सब यह स्कूल में विकास कार्य मुमकिन हो रहा है उनका हृदय से धन्यवाद ज्ञापन की ओर सीवीपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विकास के लिए तत्पर्थ है इसलिए अब स्कूल का विकास सिर्फ और विकास होगा। एसएमसी के अध्यक्ष मृणाल कांती सिन्हा ने तौलिया से सभी का सम्मान और स्वागत किया और कार्यक्रम में मौजूद सभी पत्रकार को भी तौलिया से सम्मान किया गया. आधारशिला में उपस्थित थे शिक्षक राजेंद्र बाराई, दुल्लभछड़ा सहकारी सचिव दीपन सिन्हा, शुभेंद्र कुमार दास, सेवानिवृत्त शिक्षक मणिसेना सिन्हा, मनोरंजन सिन्हा (रानू), डॉ. आसित बरन नाथ, कृष्ण रंजन पाल, पंकज रॉय शर्मा, अपू मजूमदार, जगदानंद सिन्हा, शमकुमार सिन्हा, निर्मल मुखर्जी और अन्य विशिष्ट व्यक्ति मौजूद थे।

# काव्यकृति छन्द शतक व उदयदोहावली का हुआ विमोचन



स्वतंत्र प्रभात

हरदोई क्षत्रिय महा सभा के तत्वावधान में क्षत्रिय भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया द्य इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू व विशिष्ट अतिथि शाहजहाँपुर से आये वरिष्ठ साहित्यकार वीरेश सिंह परमार के द्वारा जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार राजकुमार सिंह प्रखर की कृति छन्द शतक व उदयराज सिंह उदय की काव्य कृति उदयदोहावली का लोकार्पण किया गया द्य इस अवसर पर बोलते हुए श्री रानू ने कहा कि साहित्य समाज के पथ प्रदर्शक का कार्य करता है द्य होली मिलन समारोह में जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार ब्रजराज सिंह तोमर , सतीश शुक्ल, देवेंद्र सिंह चौहान निशानाथ अवस्थी, डॉ ईश्वर चंद्रमा श्रवण कुमार रही शिवकुमार बिलग्रामी आदि जनपद के वरिष्ठ साहित्यकारों को सम्मानित किया गयाद्य साथ ही रामेंद्र सिंह तोमर अध्यक्ष बार एसोसिएशन हरदोई को सम्मानित किया गया वरिष्ठ साहित्यकार वीरेश सिंह परमार व डॉ.शिवशरण सिंह चौहान द्वारा काव्यकृतियो पर संक्षेप में प्रकाश डाला द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष राजपाल सिंह द्वारा की गई इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह सेनानी डॉ शिवशरण सिंह चौहान ,उदयवीर सिंह ,श्याम सिंह ,सीमा सिंह ,डा.ब्रह्म स्वरूप पांडेय,गौरव भदौरिया, रजनीश कुमार सिंह , अशोक सिंह, राजा बख्शसिंह, नरेंद्र सिंह कृष्ण कुमार सिंह जगदीश सिंह, महिपाल सिंह श्याम प्रकाश सिंह, श्याम पाल सिंह विश्वनाथ सिंह, श्याम त्रिवेदी, अशोक बाजपेई, गीतेश दीक्षित, मनीष मिश्रा, अभिनव दीक्षित आदि रहे।

# हरदोई पत्रकार एसोसिएशन कोथावा इकाई ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात



**कोथावा/हरदोई।** बेनीगंज मे कोतवाली गेट के सामने पत्रकार एसोसिएशन के ब्लॉक कोथावा इकाई के पदाधिकारियों ने क्षेत्राधिकारी हरियावा संतोष कुमार सिंह को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित लिखित पत्रक सौंपते हुए यूपी के सीतापुर जनपद में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की नृशंस हत्या करने वाले हत्यारों की गिरफ़्तारी करने के साथ ही कड़ी से कड़ी सजा दिलाने व परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। पत्रकारों ने कहा कि सीतापुर के पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेई की नृशंस हत्या लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की हत्या है। यह किसी व्यक्ति की हत्या नहीं बल्कि चौथे स्तंभ की मान मर्यादा और सम्मान को अपना अभियान मानकर सामाजिक चेतना के लिए बिना किसी सुरक्षा,डर,व निर्भिकता से लोगों की आवाज उठाते रहने वाले पत्रकारों के लिए खुली चुनौती है। और सरकार के लिए उसके मुंह पर कालिख भी है। और कहा कि पत्रकार अपनी जान जोखिम में डालकर शोषितों के हक और अधिकार के लिए दिन-रात काम करते हैं इसके बावजूद पत्रकारों के सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है जो? बहुत ही दुखद है। हरदोई पत्रकार एसोसिएशन ब्लॉक कोथावा की इकाई के पदाधिकारियों ने मांग किया कि पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या करने वाले अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए तथा सरकार के परिजनों को जान मार के सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए पीड़ित परिवार को कम से कम एक करोड रुपए की आर्थिक मदद की जाए। व परिवार मे एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।और वाजपेयी ज़ी की हत्या करने वाले आरोपियों को फ़ासी दी जाये। और पत्रकारों ने चेतावनी दी। अगर वाजपेयी की हत्या करने वाले हत्यारो पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। तो हरदोई पत्रकार एसोसिएशन से जुड़े पुरे जिले के पदाधिकारीगणों के के साथ एकजुट होकर देशभर में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। क्षेत्राधिकारी हरियावा संतोष कुमार सिंह ने पत्रकारों का आश्वासन देते हुए कहा कि पत्रकारों की भावनाओं को शीघ्र ही मुख्यमंत्री महोदय को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जाएगा। इस दौरान हरदोई पत्रकार एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष बुद्धसेन सोनी कोषाध्यक्ष शिवम गुप्ता,मीडिया प्रभारी प्रदीप वैश्य,मो शब्बीर अहमद,रोहित मिश्रा,संतोष मिश्रा राजीव रंजन त्रिपाठी व

नीरज शुक्ला, उत्तम द्विवेदी, उमाशंकर वर्मा, मो. सद्दीक, संतोष वर्मा देवाऱलाल त्रिवेदी मौजूद रहे।

# विष्णुप्रिया मणिपुरी भाषा शहीद सुदेश्ना की पुण्यतिथि के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्मानपूर्वक धूमधाम से श्रीभूमि जिले में मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात



**असम श्रीभूमि।** भाषा शहीद सुदेश्ना सिन्हा विष्णुप्रिया मणिपुरी भाषा आन्दोलन में जान दे दी। इस दिन, असम के बराक घाटी में विष्णुप्रिया मणिपुरी लोगों की भाषा को मान्यता देने वाले शहीद सुदेश्ना सिन्हा थी‒ 16 मार्च, 1996 को वह विष्णुप्रिया मणिपुरी भाषा आन्दोलन के लिए शहीद हुई। आन्दोलन‒ असम के बराक घाटी में विष्णुप्रिया मणिपुरी लोगों के लंबे भाषा आन्दोलन के इतिहास में यह दिन एक स्मरणीय दिन है। वह शहीद हुई जब असम श्रीभूमि जिले के पाथारकांदी के कलकलिघाट रेलवे स्टेशन पर लालफामिर की रैली में आंदोलन के वक्त पुलिस ने गोली चला दी इसी कारण आंदोलन में उनकी मौत हो गई, विष्णुप्रिया मणिपुरी भाषा के लिए अपनी जान दी। आज 16 मार्च (रविवार) इस शहीद दिवस के मौके पर सुदेश्ना सिन्हा वेदी पर विष्णुप्रिया मणिपुरी समाज के लोगों ने एक-एक कर श्रद्धांजलि अर्पित की और विधायक विजय मालाकार ने प्रणाम निवेदन कर फूल देकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उसके बाद दुल्लभछड़ के डाकबंगले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों भाग लिया. इस दिन श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा स्थित लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले के सामने स्थायी शहीद वेदी पर पुष्पार्घ्य अर्पित और माल्यार्पण के माध्यम से कार्यक्रम का आरंभ हुआ। अंत में डाक बंगला परिसर में समाजसेवी संगठन ÷विष्णुप्रिया मणिपुरी हिंगाला नुया मिंगाल÷ द्वारा आयोजित चर्चा सभा की अध्यक्षता गैर सरकारी शिक्षा संस्थान टी, एस आईडियल होम के प्राचार्य सूरोजित सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में रामकृष्ण नगर विधानसभा के विधायक विजय मालाकार उपस्थित थे। इस दिन विधायक विजय ने स्थायी शहीद वेदी पर सुदेश्ना सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्घ्य अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। चर्चा सभा के शुभारंभ में कलाकार साधना सिंह ने शहीद सुदेश्ना सिंह पर लिखित गीत प्रस्तुत किया। बाद में चर्चा सभा में उपस्थित वक्ताओं ने अपने भाषण में विष्णुप्रिय मणिपुरी भाषा आंदोलन के इतिहास को उजागर करते हुए शाहिद सुदेश्ना सिंह के आत्मबलिदान को श्रद्धा के साथ याद किया। सीवीपी हाईयर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व प्राचार्य ब्रज गोपाल सिंह ने अपने भाषण में कहा कि वर्तमान समय में विष्णुप्रिय मणिपुरी भाषा के अधिकांश शिक्षकों का रिटायरमेंट होने के बाद बराक के कई स्कूलों में ये पद खाली हैं। इससे हमारे छोटे बच्चे अपनी मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने विधायक विजय मालाकर का ईस पर ध्यान आकर्षित करते हुए विशेष टेट परीक्षा के माध्यम से बराक के विष्णुप्रिय मणिपुरी भाषा के शिक्षकों के पद भरने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब ये पद भरे जाएंगे, तब शहिद सुदेश्ना की आत्मा को संतुष्टि मिलेगा। इस पर विधायक विजय ने अपने भाषण में कहा कि वह जल्द ही इस मामले में राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और शिक्षा मंत्री रौनज पेगू से बात करेंगे। साथ ही उनके नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल इस विषय में मंत्री के पास जाकर इस मांग को प्रस्तुत कर सके, इस व्यवस्था को भी सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा उस दिन विधायक दुल्लभछड़ा में विष्णुप्रिया मणिपुरी शहिद सुदेश्ना सिंह के नाम पर में पांच सौ सीटों वाली ऑडिटोरियम हॉल बनाने का ऐलान किया इसके अलावा पुस्तकालय का निर्माण करने के साथ-साथ अपनी क्षेत्र विकास कोष में से विष्णुप्रिया मणिपुरी शहीद सुदेश्ना सिन्हा की पूरी प्रतिमा स्थापित करने का वादा किया। इसके अलावा, वे घोषणा करते हैं कि हर साल शहीद दिवस पर विष्णुप्रिया मणिपुरी समाज के अग्रणी व्यक्तित्व और मेधावी छात्रों को उनके व्यक्तिगत प्रयासों से पुरस्कृत किया जाएगा। इस दिन बच्चे नृत्य, गीत प्रस्तुत करते हैं और कविता पाठ करते हैं जिससे इस कार्यक्रम को और भी मनमोहक बना देते हैं। शाम को शहीद की याद में मोमबत्ती मार्च में सैकड़ों भाषा प्रेमियों ने दुल्लभछड़ा की मुख्य सड़कें परिक्रमा कीं। इस दिन कार्यक्रम में विष्णुप्रिया मणिपुरी विकास समिति के सदस्य तथा महासभा केंद्रीय समिति के सचिव सुर्जीत सिन्हा, सीवीपी स्कूल के पूर्व अध्यक्षक ब्रजगोपाल सिन्हा, अध्यापक देवाशीष सिन्हा, पूर्व शिक्षक कमला कांत यादव, बीजेपी दुल्लभछड़ा मंडल के पूर्व महासचिव प्रणव मुखर्जी, दरगाबंद जीपी के पूर्व अध्यक्ष हेमचंद्र चाटार्जी, मनोरंजन सिन्हा, कामिनी सिन्हा, डॉ. संतोष सिन्हा, स्वपन सिन्हा, दिवाकर राय, सुभेंदु दास, अंशुमान पाल सहित अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित थे। इसके साथ ही पूरे कार्यक्रम का संचालन विष्णुप्रिया मणिपुरी हिंगला नुआ मिंगाल के अध्यक्ष देवब्रत सिन्हा, सचिव विश्वजीत सिन्हा और कार्यक्रम सभा के अध्यक्ष सुर्जीत सिन्हा द्वारा 30वाँ विष्णुप्रिया मणिपुरी भाषा शहीद दिवस धूमधाम से मनाया।

# प्रवेश द्वार कराएंगे अहसास, मथुरा है खास’

स्वतंत्र प्रभात



**मथुरा।** प्रवेश द्वार पर होगा अहसास, मथुरा खास है। इसकी पूर्व कार्य योजना तैयार है और काम चालू है। भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और लीला स्थली मथुरा से जुड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर अब उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद प्रवेश द्वार बनाने जा रहा है। यहाँ मुरली बजाते कृष्ण कन्हाई की छवि ब्रज दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को धर्म और आध्यात्मिक नगरी मथुरा में प्रवेश करने का अहसास कराएगी। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद जनपद मथुरा से जुड़ने वाले विभिन्न प्रमुख मार्गों पर प्रवेश द्वार बनाने जा रहा है। इनके निर्माण की प्रक्रिया शुरु हो चुकी हे। इनके चयनित स्थल पर सड़क के दोनों ओर भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति लगाई लगाई जाएंगी। इसमें पुरातत्व डिजायन का चार मीटर का पेड़िस्टल और उसके ऊपर आठ मीटर की मूर्ति लगेगी। इस स्थल को विकसित भी किया जाएगा, जिसमें सोलर लाइट, ग्रीनरी भी शामिल है। मूर्ति और चयनित स्थल के विकास को लेकर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद सभागार में बैठक आयोजित की गई। उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मूर्तियो के प्रारूप को अनुमोदित किया गया। बैठक में शामिल परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि ब्रज के तीर्थ स्थलों से जुड़े मार्गों पर प्रवेश द्वार तैयार किए जा रहे है। इसके लिए सात स्थल चयनित किए हैं। आध्यात्मिक नगरी मथुरा दिल्ली आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग 19 और मथुरा बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग 530 बी और यमुना एक्सप्रेस वे से जुड़ा हुआ है। इनके अलावा मथुरा सहित ब्रज के अन्य धार्मिक स्थल गोकुल, गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव, वृंदावन, बलदेव भी विभिन्न प्रमुख मार्गों पर स्थित हैं, जो राजस्थान और हरियाणा से इन्हें जोड़ते हैं।

**प्रवेश स्थल पर बनेंगे पुलिस पिकेट**

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने एसएसपी शैलेश पाण्डेय को निर्देशित किया कि परिषद द्वारा विकसित किए जा रहे प्रवेश द्वार पर पुलिस पिकेट तैनात किया जाए। पिकेट के लिए व्यवस्था परिषद द्वारा की जाएगी।

**यहां बनेंगे प्रदेश द्वार**

- रेपुरा जाट (दिल्ली आगरा नेशनल हाईवे पर ग्वालियर रोड से पहले)
- कोटवन ( दिल्ली आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित हरियाणा बॉर्डर )
- साथनी (मथुरा अलीगढ़ मार्ग स्थित)
- सोनई (मथुरा बरेली मार्ग स्थित)
- राधाकुंड ( केनाल के निकट)
- वृंदावन कट (यमुना एक्सप्रेस वे से वृंदावन रोड स्थित)
- लक्ष्मी नगर ( मथुरा राया मार्ग स्थित)

# चौबिया पाडा में पानी की पाइप लाइन से दरक रहे मकान!

स्वतंत्र प्रभात



**मथुरा।** मथुरा महानगर के बार्ड नंबर 68 चौबिया पाड़ा स्थित गली महौली की पौर में मकान फटने का सिलसिला निरंतर जारी है। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने मथुरा वृंदावन नगर निगम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से नगर आयुक्त शशांक चौधरी को समस्या से अवगत कराया है। समस्या के समाधान के लिए उन्होंने एक ज्ञापन भी दिया। चौबिया पाडा क्षेत्र टीले पर बसा हुआ है करीब 20000 हजार की आबादी इस टीले पर निवास करती है इस क्षेत्र में पीने के पानी की पाइप लाइन अंडरग्राउंड पड़ी हुई है। यह अंडरग्राउंड पाइप लाइन अंग्रेजों के जामने की पड़ी हुई है जो पूरी तरह से जर्जर हो गई है। हाल ही में विद्युत विभाग ने अंडर ग्राउंड विद्युत लाइन डालने के लिए पूरे चौबिया पांडे क्षेत्र की मिट्टी को खुदवा कर चौविया पाड़ा क्षेत्र से बाहर भेज दिया। चौबिया पड़ा क्षेत्र मे अंडरग्राउंड पाइप लाइन है उसके ऊपर अंडरग्राउंड विद्युत विभाग की विद्युत लाइन है जिसके चलते अंडरग्राउंड पाइप लाइन का पानी जमीन में मर रहा है जिससे पूरे चौबिया पाड़ा क्षेत्र की गलियां निरंतर फट रही हैं। चौबिया पाड़ा क्षेत्र स्थित गली महोली की पौर के निवासी डर डर कर अपना जीवन काट रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने अनेकों बार नगर निगम जाकर अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। मांग की है कि चौबिया पाड़ा क्षेत्र में पानी की पाइपलाइन सड़क के ऊपर ओपन डाली जाए जिनके मकान फट रहे हैं उनको शीघ्र मुआवजा दिया जाए नहीं तो भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ता चौबिया पाड़ा क्षेत्र की जनता के साथ मथुरा वृंदावन नगर निगम कार्यालय पर अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल, नगर अध्यक्ष करन पाठक, सुनील चौधरी आदि थे।

### फीस जमा न होने पर बच्चे को तीन घंटे धूप में बिठाया

**मथुरा।** सरकारी शिक्षा व्यवस्था से मोह भंग होना अभिभावकों के साथ बच्चों को भी भारी पड रहा है। ऐसे अभिभावकों की तादात बहुतायत में है जिनके पास ठीक रोजगार नहीं है। नियमित पगार नहीं मिलती, ऐसे में उनके सामने कभी भी आर्थिक संकट खडा हो जाता है। इसका खामियाजा उनके पाल्यों को भी भुगतना पडता है। इसका उन बच्चों की मानसिक अवस्था पर विपरीत असर पड रहा है। राया कस्बे की एक निजी शिक्षण संस्था में मंगलवार को एक बच्चे को इसी तरह की विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पडा। छात्र की फीस जमा न हो पाने के कारण उसे परीक्षा से बाहर कर दिया गया और परीक्षा समय के तीन घंटे तक धूप में बिठाए रखा गया। कृष्णा एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा आठ का छात्र है। उसके पिता टिंकू मथुरा में प्राइवेट नौकरी कर परिवार की आजीविका चलते हैं। पिता को विगत चार माह से पगार नहीं मिली, जिसके कारण वह टिंकू की फीस जमा नहीं कर सके। इस बीच विद्यालय प्रबंधन द्वारा लगातार छात्र के अभिभावकों को फीस के लिए सूचित किया जाता रहा। कृष्णा की मां ने विद्यालय प्रबंधन को आश्वासन दिया कि वह 21 मार्च को किसी भी तरह बच्चे की फीस जमा कर देंगे। यह आश्वासन संभवतः इस बिना पर था कि कृष्णा के पिता को पगार मिल जाएगी। इससे पहले ही मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन ने कडा फैसला ले लिया। बच्चे को परीक्षा से वंचित करने के साथ ही तीन घंटे तक धूप में बैठने के लिए मजबूर किया जिससे वह अभिभावकों पर फीस जमा करने के लिए घर जाकर दबाव बनाए।

